सूर्योदय प्रातः 6:23 सूर्यास्त संध्या 5:43 पखवाड़ा माघ शु. पूर्णिमा, संवत 2081 तापमान अधिकतम 28° न्यूनतम 15°



# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि



रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, बुधवार, 12 फरवरी 2025, वर्ष : 16, अंक : 03, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,293.60 | -1,018.20 (-1.32%) |
| निफ्टी | 23,071.80 | -309.80 (-1.32%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 86,470.00 |
| चांदी | 1070.00 |

## एक झलक

### कार दुर्घटना में एक ही परिवार के पांच की मौत

**बहराइच** : उत्तर प्रदेश में बहराइच-लखनऊ मार्ग पर करीम बेहड़ गांव के पास मंगलवार की सुबह कार और डंपर में टक्कर हो गयी। हादसे में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गयी। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने मंगलवार को बताया कि मृतकों में जिले के मटेरा थाना क्षेत्र के मटेरा चौराहा निवासी अबरार (28), उनके पिता गुलाम हजरत (65), मां फातिमा (60), 18 माह की बच्ची हानिया और कार चालक चांद (28) शामिल हैं। रुकैया नाम की महिला की हालत गंभीर है। परिजनों के मुताबिक अबरार सेना में जवान थे। वह अपनी 18 माह की बच्ची हानिया को लेकर इलाज के लिए लखनऊ जा रहे थे।

### आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ जवान गम्भीर

**दंतेवाड़ा** : छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दंतेवाड़ा-सुकमा सीमा पर प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ का जवान गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल एमएन शुक्ला सीआरपीएफ की 231 बटालियन की एफ कंपनी में प्रधान आरक्षक के पद पर तैनात हैं।
पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार को कमल पोस्ट से सीआरपीएफ के जवान सर्चिंग के लिए दंतेवाड़ा-सुकमा सीमा पर जगरगुंडा की ओर रवाना हुए थे। इसी दौरान एक सीआरपीएफ जवान का पैर नक्सलियों की लगायी प्रेशर आईईडी पर आ गया, जिससे जोर का धमाका हुआ। धमाके में जवान के दोनों पैर के चिथड़े उड़ गये। साथी जवान उन्हें मौके से निकाल कर कैंप पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद अधिकारियों को घटना की सूचना दी गयी।

### बस-ट्रक की टक्कर में 07 श्रद्धालुओं की मौत

**जबलपुर** : नागपुर-प्रयागराज हाई-वे पर दर्दनाक हादसा हो गया। महाकुम्भ से लौट रही ट्रैवलर बस को एक बेकाबू ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान एक कार भी ट्रक की चपेट में आ गयी। हादसे में बस में सवार हैदराबाद (तेलंगाना) के रहनेवाले सात श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दो अन्य घायल हो गये। घायलों को जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से कहा कि हादसा बहुत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं।

## अंदर के पन्नों पर


3 लिंक को खोलने से पहले उसकी जांच-पड़ताल...
5 सावधान व सतर्क रह कर करें इंटरनेट का उपयोग...
7 लातेहार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला...
9 एकजुट रहेंगे, तो आगे बढ़ेंगे : राधाकृष्ण किशोर...
10 जूडो के पहले दिन रोमांचक मुकाबले, उत्तराखंड ने...


प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस में एआई एक्शन शिखर सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा...

# भारत अपने अनुभव और विशेषज्ञता को साझा करने के लिए तैयार

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पेरिस में एआई एक्शन शिखर सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत अपने अनुभव और विशेषज्ञता को साझा करने के लिए तैयार है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) का भविष्य सभी के लिए अच्छा हो।
प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई अभूतपूर्व पैमाने और गति से विकसित हो रहा है और इसे और भी तेजी से अपनाया और लागू किया जा रहा है। सीमाओं के पार भी गहरी निर्भरता है। इसलिए, शासन और मानकों को स्थापित करने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है जो हमारे साझा मूल्यों को बनाये रखें, जोखिमों को सम्बोधित करें और विश्वास का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि भारत ने बहुत कम लागत पर 1.4 बिलियन से अधिक लोगों के लिए सफलतापूर्वक डिजिटल सार्वजनिक



अवसंरचना का निर्माण किया है। यह एक खुले और सुलभ नेटवर्क के इर्द-गिर्द निर्मित है। इसमें हमारी अर्थव्यवस्था को आधुनिक बनाने, शासन में सुधार करने और हमारे लोगों के जीवन को बदलने के लिए नियम और अनुप्रयोगों की विस्तृत शृंखला है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत एआई को अपनाने के साथ-साथ डेटा गोपनीयता में तकनीकी-कानूनी आधार में भी अग्रणी है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### परीक्षा पे चर्चा में 12 फरवरी को मानसिक स्वास्थ्य व तंदुरुस्ती पर विशेष एपिसोड दिखाया जायेगा : मोदी

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि इस वर्ष के परीक्षा पे चर्चा में 12 फरवरी को मानसिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती पर विशेष एपिसोड दिखाया जायेगा। इसमें अभिनेत्री और मानसिक स्वास्थ्य वक्ता दीपिका पादुकोण एग्जाम वॉरियर्स से इस विषय पर अपने विचार साझा करेंगी। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'एग्जाम वॉरियर्स जिन सबसे आम विषयों पर चर्चा करना चाहते हैं, उनमें मानसिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती भी शामिल है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

# अब राज्यों में जल्द खुलेंगे नारी कोर्ट

■ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने राज्यों को लिखा पत्र

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : महिलाओं से सम्बन्धित मामलों के जल्द निपटारे के लिए अब राज्यों में नारी कोर्ट की शुरूआत की जायेगी। इस सम्बन्ध में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के सचिवों को चिट्ठी लिख कर नारी कोर्ट शुरू करने का अनुरोध किया है।
केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को शास्त्री भवन में एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि नारी कोर्ट योजना स्थानीय समुदायों के भीतर महिलाओं के छोटे-मोटे विवादों के समाधान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि नारी कोर्ट शुरू करने के लिए सभी राज्यों को पत्र भेजा गया है। मौजूदा समय में असम और जम्मू-कश्मीर के 50-50 ग्राम पंचायतों में पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर नारी कोर्ट चल रहे हैं।
असम में साल 2023-24 में दर्ज 102 मामलों में से 76 मामलों का निपटारा किया जा चुका है। इसी तरह जम्मू-कश्मीर में साल 2023-24 में दर्ज 180 मामलों में 144 मामलों का निपटारा किया जा चुका है।
इस सम्बन्ध मे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव अनिल मलिक ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के सचिवों को लिखी चिट्ठी में कहा कि राज्य में कम से कम 10 ग्राम पंचायतों या अपने केन्द्र शासित प्रदेश में 05 ग्राम पंचायतों में पायलट आधार पर नारी कोर्ट स्थापित करने के प्रस्ताव भेजें। इस सम्बन्ध में असम, बिहार, कर्नाटक और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से प्राप्त प्रस्तावों को मंत्रालय पायलट आधार पर कुछ नारी कोर्ट स्थापित करने के लिए पहले ही स्वीकार कर चुका है। उल्लेखनीय है कि नारी कोर्ट, मिशन शक्ति के तहत ₹सम्बल₹ उप-योजना का एक घटक है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को त्वरित, सुलभ और किफायती न्याय के लिए आपसी सहमति से बातचीत, मध्यस्थता और सुलह के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर उनके सामने आने वाले छोटे प्रकृति के मामलों (उत्पीड़न, तोड़फोड़, अधिकारों या अधिकारों में कटौती) को हल करने के लिए एक वैकल्पिक शिकायत निवारण तंत्र तैयार करना है। यह योजना असम राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की 50 ग्राम पंचायतों में चलायी जा रही है।




■ असम व जम्मू-कश्मीर में पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर चल रहे हैं नारी कोर्ट

■ असम में 76 मामलों का व जम्मू-कश्मीर में 144 मामलों का किया जा चुका है निपटारा

भू राजस्व, भूमि सुधार विभाग के मंत्री ने की विभागीय समीक्षा, दिये निर्देश

## सीओ ने तकनीकी कारणों का हवाला देकर आवेदन रिजेक्शन किया, तो होगी कार्रवाई : दीपक बिरुआ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा है कि अंचलों में तकनीकी कारणों का हवाला देकर रैयतों के आवेदनों को बेवजह रिजेक्ट करने पर, चिह्नित सीओ पर अब कार्रवाई होगी। साथ ही, अंचलों में दाखिल-खारिज सम्बन्धित मामलों पर आवेदनों की अस्वीकृत या आपत्ति के कारणों को सीओ को पचास शब्दों में ठोस बातें लिखकर स्पष्ट कारण बताना अनिवार्य है।
मंत्री दीपक बिरुआ मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में भू राजस्व, भूमि सुधार विभाग की समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। श्री बिरुआ ने कहा कि कई बार तकनीकी कारणों से झारभूमि साइट नहीं खुलने की बातें लिख कर, अंचल अधिकारी आवेदनों को जिस तरह रिजेक्ट करने का बहाना बनाते हैं। अब ऐसा नहीं चलेगा। जमीन मामले में अंचलों में कई गड़बड़ियां हैं। जिसका भुगतान सरकार को उठाना पड़ता है। इसलिए सभी अंचल अधिकारी पदाधिकारी सचेत होकर ईमानदारी से अपने कार्य दायित्व का निर्वहन करें। ● शेष पृष्ठ 11 पर



■ सीओ को आवेदन रिजेक्ट करने पर 50 शब्दों में ठोस कारण बताना अनिवार्य

### महिला आयोग ने भेजा इलाहबादिया को समन

**नयी दिल्ली** : यूट्यूबर्स के शो इंडियाज गॉट लेटेंट पर रणवीर इलाहबादिया एवं अन्य यूट्यूबर्स द्वारा की गयी टिप्पणी पर अब राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने उन्हें समन भेजा है। आयोग ने उनके और उनके साथियों द्वारा की गयी अभद्र टिप्पणी पर चिन्ता व्यक्त करते हुए इसे अपमानजनक और नस्लवादी टिप्पणी बताया है।
मंगलवार को भेजे गये समन में राष्ट्रीय महिला आयोग ने यूट्यूबर रणवीर इलाहबादी द्वारा की गयीं अपमानजनक और नस्लवादी टिप्पणियों पर कड़ी चिन्ता व्यक्त करते हुए उन्हें 17 फरवरी को दोपहर 12 बजे नयी दिल्ली स्थित मुख्यालय तलब किया है।

### पंचायत स्तर पर बीज प्रसंस्करण और भंडारण इकाई स्थापित करने की मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये एक महत्त्वपूर्ण बैठक ली। इस दौरान उन्होंने समीक्षा करते हुए देश के किसानों के हित में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के दिशा-निर्देशों में बड़े बदलाव करने की स्वीकृति प्रदान की। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के घटकों में किसानों के हित में परिवर्तन किये गये हैं। मिशन के दिशा-निर्देशों में संशोधन करते हुए किसानों और बीज उत्पादकों के लिए सब्सिडी बढ़ायी गयी है, वहीं



कृषि मंत्री शिवराज ने स्पष्ट तौर पर अधिकारियों से कहा कि योजना का लाभ सिर्फ किसानों को मिलना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मिशन के तहत, पारम्परिक-देशी बीज किस्मों का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रावधान किया गया है, वहीं पंचायत स्तर पर बीज प्रसंस्करण व भंडारण ● शेष पृष्ठ 11 पर

## भारत शिक्षा, शोध, स्वास्थ्य सेवा और यूनानी पद्धति में औषधियों के निर्माण में दुनिया में अग्रणी : राष्ट्रपति




एजेंसी

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि आज भारत शिक्षा, शोध, स्वास्थ्य सेवा और यूनानी पद्धति में औषधियों के निर्माण के मामले में दुनिया में अग्रणी है। आज यूनान तथा मध्य एशिया के देशों में यूनानी चिकित्सा पद्धति का उतना उपयोग नहीं होता है जितना भारत में होता है।
राष्ट्रपति मुर्मू यूनानी दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एकीकृत स्वास्थ्य समाधान के लिए यूनानी चिकित्सा में नवाचार- एक नयी दिशा विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह हकीम अजमल खां को याद करने का अवसर है। यूनानी चिकित्सा पद्धति में उनके असाधारण योगदान के सम्मान में 2016 से इस दिन को यूनानी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हकीम अजमल खां ने भारत में यूनानी चिकित्सा पद्धति का प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने नवाचार के कई उदाहरण प्रस्तुत किये। उनके प्रयासों के कारण ही भारत में यूनानी चिकित्सा पद्धति को व्यापक रूप से अपनाया गया। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### सिब्बल ने की कांग्रेस की वकालत

**नयी दिल्ली** : हाल के विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन (आईएनडीआईए) की हुई छीछालेदर से चिन्तित वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने मंगलवार को यहां कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं को एक साथ बैठ कर मुद्दों को सुलझाने के लिए सावधानीपूर्वक काम करना होगा। आज यहां पत्रकारों के साथ बातचीत में सिब्बल ने आगामी चुनावों के लिए अपनी रणनीति पर चर्चा करने के लिए इंडिया गठबंधन के दलों के एक साथ आने पर जोर दिया, ताकि आपसी गलतफहमियों को दूर किया जा सके।

## एआई का इस्तेमाल कर म्यूल अकाउंट्स की पहचान की योजना बना रही सरकार : शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार साइबर अपराध को रोकने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर म्यूल अकाउंट्स की पहचान करने की योजना बना रही है।
गृहमंत्री शाह ने मंगलवार को नयी दिल्ली में 'साइबर सुरक्षा एवं साइबर अपराध' विषय पर गृह मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अमित शाह ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग और रिजर्व बैंक तथा अन्य सभी बैंकों के साथ समन्वय से म्यूल अकाउंट्स की पहचान की व्यवस्था बनाने के लिए प्रयास जारी है। म्यूल अकाउंट को ऑपरेट होने से पहले ही बंद करने की व्यवस्था भी की जायेगी। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'रुकें, सोचें और फिर कार्रवाई करें' के मंत्र के बारे में ● शेष पृष्ठ 11 पर



# राज्यसभा में संविधान की नयी प्रतियों को लेकर सत्ता पक्ष-विपक्ष के बीच तकरार

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : राज्यसभा में मंगलवार को भारतीय संविधान की छप रहीं नयी प्रतियों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तकरार देखने को मिली। विपक्ष ने इसे बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर को विवाद में लाने की कोशिश बताया। वहीं, सत्ता पक्ष ने विपक्ष के रुख पर सवाल उठाते हुए कहा कि इनको तकलीफ क्यों हो रही है।
विपक्षी कांग्रेस के सदस्य सदन की कार्यवाही से वॉकआउट कर गये। सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष के वॉकआउट को बाबा साहब का सीधा अपमान बताया।
भाजपा सदस्य डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने संविधान की मूल प्रति पर इलस्ट्रेशन होने का उल्लेख करते हुए कहा कि जो प्रतियां छप रही हैं और प्रसारित हो रही हैं, उन पर ये इलस्ट्रेशन नहीं छप रहे हैं। उन्होंने मोहन जोदड़ो की सभ्यता से लेकर भगवान राम के अयोध्या लौटने, कुरुक्षेत्र में अर्जुन को उपदेश देते भगवान श्रीकृष्ण से लेकर भगवान बुद्ध तक की तस्वीरें छप रहे संविधान पर नहीं होने का मुद्दा उठाया। इस पर सभापति धनखड़ ने कहा कि भारत के संविधान, जो हस्ताक्षरित है, वही हमारा संविधान है। जिस प्रति पर संविधान के निमार्ताओं ने दस्तखत किये हैं, उसका अभिन्न अंग है।




### संसद में छह नयी भाषाओं में अनुवाद सेवा के विस्तार की घोषणा



**लोकसभा** अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को संसद में छह नयी भाषाओं में अनुवाद सेवा के विस्तार की घोषणा की। इनमें बोडो, मैथिली, डोगरी, मणिपुरी, संस्कृत और उर्दू भाषाएं शामिल हैं। सदन को सम्बोधित करते हुए बिरला ने कहा कि हिन्दी और अंग्रेजी के अलावा असमिया, बांग्ला, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल और तेलुगु में हम एकसाथ भाषांतरण उपलब्ध करा रहे थे। अब छह भाषाओं बोडो, डोंगरी, मैथिली, मणिपुरी, संस्कृत और उर्दू को भी शामिल किया गया है। इसी के साथ अतिरिक्त 16 भाषाएं हैं। जैसे-जैसे मानव संसाधन मिल रहा है, प्रयास है कि हम साथ-साथ रूपांतरण कर सकें। दुनिया के अंदर भारतीय संसद है, जो इतनी भाषाओं के साथ भाषांतरण कर रही है। जब मैंने विश्व स्तर पर चर्चा की कि हम भारत में 22 भाषाओं में इस तरीके का प्रयास कर रहे हैं, तो अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सभी ने इसकी प्रशंसा की।

### देश में 25 राज्यों के 286 पैक्स ने पेट्रोल-डीजल आउटलेट के लिए आवेदन किया : शाह

**सहकारिता** मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि 25 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 286 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) ने अब तक खुदरा पेट्रोल और डीजल आउटलेट स्थापित करने के लिए आवेदन किया है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बताया कि तेल विपणन कम्पनियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 25 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के 286 पैक्स ने खुदरा पेट्रोल-डीजल आउटलेट स्थापित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किये हैं, जिनमें से 26 पैक्स का चयन ओएमसी द्वारा किया गया है।

### प्राकृतिक मोती उत्पादन को बढ़ावा देने की पहल

**केन्द्रीय** मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने राज्य सरकारों, अनुसंधान संस्थानों और अन्य सम्बन्धित एजेंसियों के सहयोग से प्राकृतिक मोती की खेती (नेचुरल पर्ल फारमिंग) को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। यह जानकारी मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने मंगलवार को लोकसभा में एक लिखित उत्तर में दी।

## एक झलक

### सड़क दुर्घटना में एक घायल



**बेड़ो** : थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर करांजी पुल के समीप मंगलवार की अपराह्न लगभग एक बजे दो बाइक सवारों के टक्कर में बेड़ो मनखा मुंडा निवासी 35 वर्षीय अनूप लकड़ा पिता पंखरासु लकड़ा घायल हो गया। जिसे भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह ने ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा मेघा भगत की देखरेख में इलाज किया गया। अनूप ने बताया कि वह दिघिया से अपने घर बेड़ो आ रहा था।

### सर्वेश साबू ने सीएमए में ऑल इंडिया रैंक 07 लाकर समाज व परिवार का बढ़ाया गौरव




**रांची** : रांची निवासी सर्वेश साबू (सुपुत्र अरुण साबू-रंजना साबू) ने CMA (Institute of Cost and Mavagement Accountants of India) की दिसम्बर 2024 में आयोजित फाइनल की परीक्षा में AIR 07 Rank लाकर CMA की डिग्री प्राप्त की एवं समाज तथा परिवार का गौरव बढ़ाया। सर्वेश ने CMA की इंटरमीडिएट परीक्षा में भी AIR 1 रैंक प्राप्त किया था। मेधावी सर्वेश की रुचि क्रिकेट खेल में भी है। हाल ही में आयोजित MPL में सर्वश्रेष्ठ बॉलर का खिताब भी अर्जित किया था। सर्वेश के पिता अरुण साबू का अपर बाजार में अपना व्यवसाय है तथा माता रंजना साबू गृहणी है।

### श्री श्री मां काली मंदिर व शिव मंदिर समिति, रांची ने नि:शुल्क महाकुंभ व अयोध्या दर्शन यात्रा का किया आयोजन



**रांची** : श्री श्री मां काली मंदिर एवं शिव मंदिर समिति, साउथ रेलवे कॉलोनी, रांची द्वारा श्रद्धालुओं के लिए एक नि:शुल्क महाकुंभ और अयोध्या दर्शन यात्रा का आयोजन किया गया है। यह यात्रा 12 फरवरी दोपहर 1 बजे छह बसों के माध्यम से अयोध्या और महाकुंभ के लिए प्रस्थान करेगी और 15 फरवरी को वापस रांची आएगी। इस यात्रा में कुल 250 श्रद्धालु शामिल होंगे, जिनका मुख्य उद्देश्य महाकुंभ में गंगा स्नान और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेना है। मंदिर समिति के संरक्षक रोशन कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह यात्रा धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्रद्धालु महाकुंभ में भाग लेकर अपने धार्मिक कर्तव्यों का पालन करेंगे और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करेंगे।

### सिल्ली इलू बाईपास लाइन के सिविल कार्य की निविदा जारी



**रांची** : रांची रेलमंडल में सिल्ली इलू बाईपास लाइन का सिविल कार्य आरंभ करने के लिए आज निविदा जारी होने पर दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरूण जोशी ने प्रसन्नता जताते हुए इस प्रयास को पूर्ण कराने में सहयोग के लिए माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और पूर्व सांसद (राज्यसभा) श्री महेश पोद्दार के प्रति आभार जताया। यह कहा कि इस रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण होने से यात्रियों को काफी सुविधा होगी। यह लाइन झारखण्ड की राजधानी रांची से प्रदेश की औद्योगिक नगरी टाटानगर और अन्य जगह आने जाने के लिए बहुत उपयोगी। विदित हो कि यात्रियों की सुविधा हेतु तत्कालीन सांसद राज्यसभा श्री महेश पोद्दार ने इस मामले में निरंतर माननीय रेल मंत्री से समन्वय बनाकर प्रयासों को गति दी। बजटीय राशि की स्वीकृति दिलाने में भी तत्कालीन सांसद का योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

## रामगढ़ टाउन हॉल में सुरक्षित इंटरनेट दिवस सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

# इंटरनेट पर अंजान लोगों से सम्पर्क हो सकता है खतरनाक : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : छतरमांडू स्थित टाउन हॉल में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के निदेश के आलोक में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उपयुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, सयुंक्त निदेशक (आईटी) सह जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी वीरेंद्र प्रसाद,अपर जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी मनीष चाहर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. प्रभात शंकर,पुलिस उपाधीक्षक (साईबर) चंदन वत्स के द्वारा



संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में निदेशक (आईटी) सह जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी बिरेंद्र प्रसाद के द्वारा स्वागत संबोधन किया गया। उन्होंने आज के युग में दिन प्रतिदिन बढ़ रहे साईबर घटनाओं को ध्यान में रखते हुए साइबर सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी दी।अवसर पर उपायुक्त चंदन कुमार ने इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के उपयोग और साइबर ठग से बचाव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इंटरनेट पर अंजान लोगों से संपर्क खतरनाक हो सकता है। इंटरनेट पर फोटो और डाटा साझा करने की प्रकार की मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चे इंटरनेट का उपयोग सिर्फ पढ़ाई के लिए करें। वहीं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि इंटरनेट जितना सुविधाजनक है उतना जोखिम भरा भी है। इसका सावधानीपूर्वक प्रयोग नहीं करने से नुकसान उठाने के साथ-साथ कई प्रकार की समस्याएं भी झेलनी पड़ सकती है। इंटरनेट के माध्यम से सोशल मीडिया में अनजान लोगों से अपनी पर्सनल दस्तावेज अथवा ओटीपी शेयर न करें। अंजाने लिंक पर क्लिक करने से जरूर बचें। कार्यक्रम के दौरान साइबर सुरक्षा के मद्देनजर अनुभवी विशेषज्ञों और जानकारों द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिला और प्रखंड के सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों, प्रज्ञा केंद्र संचालकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, पंचायत प्रतिनिधियों सहित उपस्थित लोगों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभागाध्यक्ष कंप्यूटर साइंस रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज, सहायक प्रोफेसर राधा गोबिंद विश्वविद्यालय, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

### पारदर्शिता एवं कदाचार मुक्त हो परीक्षाओं का आयोजन : डीसी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : झारखंड अधिविध परिषद के वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के तहत मंगलवार को उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के साथ रामगढ़ जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा राधा गोविंद पब्लिक स्कूल सहित अन्य विद्यालयों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया साथ ही उनके द्वारा सीसीटीवी कैमरे आदि का भी जायजा लिया गया। उपायुक्त ने केंद्र अधीक्षकों सहित परीक्षा कार्य में लगे अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकों को पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी नियमावली का अक्षरशः से अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम सहित अन्य उपस्थित थे।

## रांची लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी हरिनाथ साहू ने अपने परिवार के साथ त्रिवेणी संगम महाकुम्भ में किया स्नान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : बनारस प्रयागराज में 144 साल बाद त्रिवेणी संगम पर लगे ऐतिहासिक महाकुंभ मेले में लोकहित अधिकार पार्टी प्रदेश के वरिष्ठ नेता सह रांची लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी हरिनाथ साहू अपने परिवार के साथ त्रिवेणी संगम पर स्नान किये। श्री साहू ने



मेला परिसर का अवलोकन कर मेला प्रबंधन में सुधार और भव्य आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एवं प्रशासन को बधाई दिए। साथ ही पिछले दिनों मौनी अमावस्या की रात हुए दर्दनाक घटना में अपनों को खोए परिवारवालों के प्रति संवेदना एवं मृतकों को गंगा घाट पर श्रद्धांजलि दिए।

## मासू स्कूल में स्कूल हेल्थ प्रोग्राम के तहत चला स्वास्थ्य जागरूकता अभियान



**अनगड़ा** : नाइटिंगल स्कूल आफ नर्सिंग मिलन चौक हेसल द्वारा मंगलवार को मासू स्कूल में स्कूल हेल्थ प्रोग्राम के तहत स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया। इसका नेतृत्व नर्सिंग स्कूल की प्रिंसिपल लखिया लकड़ा कर रही थी। स्कूल के शिक्षक सीताराम महतो ने संचालन किया। स्कूल हेल्थ प्रोग्राम के तहत बच्चों को हाथ धोना, मौखिक स्वच्छता, संतुलित आहार, मासिक धर्म स्वच्छता, यातायात नियमों की जानकारी, मादक द्रव्यों के सेवन से बचाव आदि के बारे में जानकारी दी गई। लखिया लकड़ा ने बताया कि किसी भी प्रकार के स्वच्छता का प्रारंभ स्वयं से करनी होती है। स्कूली बच्चों को स्वच्छता के बारे में दी गई जानकारी आजीवन याद रहता है। इस मौके पर हुलास डाडेल, प्रतिभा महतो, प्रिया एंजेल कुजूर, स्वर्णलता तेरेसा कुजूर, राज डूलेनवती, स्कूल के प्रधान अध्यापक नीलम अंजू पूर्ति, शीलमोहन कुम्हार, प्रकाश कुमार, प्रभा कुमारी, रश्मि मंजू टोप्पो, नीलिमा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## भाजपा जिला स्तरीय सक्रिय सदस्यता अभियान में बनाये 400 सदस्य



**अनगड़ा** : भाजपा जिला स्तरीय सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष नरेश साहू के सहयोग से एवं चतुर साहू,ओबीसी मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र वर्मा के नेतृत्व में मोर्चा के कार्यकारी सदस्य शंकर महतो, ओरमांझी मंडल मंत्री आनंद कुमार महतो, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, बुथ नंबर 64 के अध्यक्ष रविंद्र मुंडा, राम लखन महतो एवं गणेशपुर के परमेश्वर भोगता द्वारा संगठन पर्व सदस्यता 2024--2030 अभियान के तहत 400 सदस्य बनाया गया ।इस सदस्यता अभियान में 400 सदस्य बनाए जाने पर रांची जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, अनगड़ा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो ने बधाई दी। इस मौके पर,जलेश महतो, अमित चौधरी,शंकर महतो,रामलखन महतो,अमरनाथ महतो,रविन्द्र मुंडा सहित अन्य ने भी बधाई दी।

## मेगा ट्रेड फेयर में हर वर्ग के लिए उत्पादों का प्रदर्शन

- झारखण्ड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स कर रहा ट्रेड फेयर का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मोहराबादी मैदान में सात फरवरी से चल रहे 16वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में मंगलवार को भी अच्छी खासी भीड़ रही। ट्रेड फेयर में हर वर्ग के लिए उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है। यहां थाईलैंड, अफगानिस्तान, टर्की, इजिप्ट, भूटान, ईरान समेत आठ देशों और 15 राज्यों के यूनिक प्रोडक्ट लोगों को पंसद आ रहा है। लोग उत्पादों की जानकारी ले कर खरीदारी कर रहे हैं। फर्नीचर हैंगर में लगे स्टैंडर्ड क्राकरी में 549 प्रति किलो के भाव से डीनर सेट, चाय ट्रे, कैंडी सेट, चाय कप, सूप बॉउल आदि खरीद सकते हैं। यहां एयर टाइट डब्बे भी उपलब्ध है। इसका इस्तेमाल माइक्रोओवन में बड़े ही सुरक्षित तरीके से कर सकते हैं। वहीं, ट्रेड फेयर में



बंगाल से आये चश्में के स्टॉल में स्टाइलिश और फैंसी चश्में बिक रहे हैं। पुरूष और महिलाओं के चश्में 350 रुपए और बच्चों के चश्में मात्र 100 रुपए में मिल रहे हैं। फेयर में वॉल आर्ट कम क्लॉक भी मिल रहा है। यह चार हजार से नौ हजार रुपए तक की रेंज में उपलब्ध है। वहीं, जयपुरी सिंगल रजाई 850 और डबल रजाई 1500 रुपए में मिल रहे हैं। इसके अलावा जयपुरी सिंगल बेडशीट 650 और डबल बेडशीट एक हजार रुपए में बिक रहा है। चटाई वाले सिंगल गद्दे 1500 और डबल 2500 रुपए में मिल रहा है। बच्चों के लिए मैजिक बॉक्स टॉय 850 रुपए में उपलब्ध है, जो बच्चों को काफी पसंद आ रहा है।

## पूर्व मुख्यमंत्री के सचिव रहे स्व. अवध नारायण प्रसाद की धर्मपत्नी का हुआ देहावसान

- सर्वत्र शोक, लोगों ने नम आंखों से दी विदाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : तत्कालीन बिहार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.कृष्ण बल्लभ सहाय के सचिव रहे गोला(प्रधान टोला) निवासी स्व.अवध नारायण प्रसाद की धर्मपत्नी जानकी देवी ( 92 वर्ष) का देहावसान सोमवार सुबह कोलकाता में हो गया। उनके पार्थिव शरीर को सोमवार देर शाम कोलकाता से गोला लाया गया। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार धोरधोरा घाट स्थित मुक्ति धाम में कर दिया गया। मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र कृष्ण कुमार ने दी। स्व. जानकी देवी अपने पीछे भरा पुरा परिवार छोड़ गई है। उनके निधन से चित्रगुप्त समाज के साथ साथ अन्य समाज के लोग भी काफी मर्माहत हैं। उनके निधन पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष सह राष्ट्रीय सचिव अमित सिन्हा, गोला चित्रगुप्त समाज के अध्यक्ष सनत कुमार सिन्हा, सचिव रविन्द्र कुमार सिन्हा, कुंवर कुमार बक्शी, प्रदीप चन्द्र लाला, अरुण कुमार बक्शी, धीरेंद्र नारायण बक्शी, बिपिन बिहारी प्रसाद, साधु प्रसाद बक्शी, प्रीतम सिन्हा, सुमन कुमार सिन्हा, सुजीत सिन्हा, अनुप कुमार सिन्हा, रजणीश आनंद, बिरेन्द्र सिन्हा 'बाबू', अमित कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा, संदीप बक्शी, शैलेंद्र सिन्हा, संजीव कुमार सिन्हा ₹बाबू₹ तथा वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार मिश्र, अशोक अग्रवाल, गिरीश बर्मन, महेश महतो(रायपुरा) सहित कई लोग शामिल हैं।

## पीवीयूएनएल ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में स्वास्थ्य मेले का किया आयोजन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पतरातू** : पीवीयूएनएल ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पतरातू में मंगलवार को स्वास्थ मेला 'टीन हेल्थ फेयर 2025' का आयोजन किया। स्वास्थ्य मेले में कई स्टॉल लगाए गए, जहां इंटरएक्टिव प्रदर्शन, 'लर्निंग-बाय-डूइंग' गतिविधियां और प्रायोगिक प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राओं को स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और एसएस प्लस टू हाई स्कूल की 800 छात्राएं आयोजन में शामिल हुईं। बुनियादी स्वास्थ्य जांच और महत्वपूर्ण संकेतकों की मॉनिटरिंग के अलावा, छात्राओं ने रोचक गतिविधियों में भी हिस्सा लिया। जिससे उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम में पीवीयूएनएल की स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और छात्राओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सबसे अच्छे स्टॉल को पुरस्कृत किया गया। आयोजन को सफल बनाने में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन पुष्पा देवी सहित अन्य ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## सिकनी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 का हुआ आगाज

### मोबाइल की नहीं, खेल के मैदान की लत लगाये युवा : सुधीर मंगलेश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (रामगढ़)** : मंगलवार को दुलमी प्रखंड के सरैया मैदान में सिकनी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनामेंट 2025 के सीजन-03 का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश एवं विशिष्ट अतिथि महताब राही ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फीता काटकर टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि सुधीर मंगलेश ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक और मानसिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन और टीम भावना भी विकसित होती है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को खेल के प्रति समर्पित रहने और अपने जिले व राज्य का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। मैच सिरु बनाम विरहोन्हे के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर सिरु की टीम बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 63 रन बनाई जवाबी पारी खेलने उतरी विरहोंन्हे की टीम 30 रन पर ही ऑल आउट हो गई। सिरु की टीम विजयी रही।

## पूर्व विधायक सह केन्द्रीय पड़हा संचालन समिति के संरक्षक स्व. विश्वनाथ भगत की मनी चतुर्थ पुण्यतिथि



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : केंद्रीय पडहा संचालन समिति ट्रस्ट,झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा व 12 और 21 पड़हा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को झारखंड आंदोलनकारी व पूर्व विधायक स्व विश्वनाथ भगत की चतुर्थ पुण्यतिथि बेड़ो स्थित बारीडीह जतरा टाड स्थित केंद्रीय पडहा भवन के प्रांगण में मनाई गयी। इस मौके पर सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने दो मिनट का सामूहिक मौन धारण कर व स्व विश्वनाथ भगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित उन्हें याद किया। मौके पर स्व विश्वनाथ भगत की पत्नी व केंद्रीय पडाहा संचालन समिति ट्रस्ट की संरक्षक नीलमणि भगत ने श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूरी तंमयता से स्व विश्वनाथ भगत के बताये मार्ग पर चलकर क्रांति लाना है। उनके सपनों को साकार करना है। केंद्रीय संचालन समिति के सचिव धनंजय कुमार राय ने कहा कि स्व विश्वनाथ भगत हमारे समाज व झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के अगुआ थे। उनके सपनों को मंजिल तक पहुचाना है। झारखंड आंदोलनकारी व समिति के उपाध्यक्ष भौवा उरांव ने कहा कि हमे अलग राज्य के संघर्ष के मूल्यों को स्थापित करना है। कार्यकारी अध्यक्ष एतवा उरांव ने कहा कि हमारे संस्कृति, समाज व अलग राज्य के प्रणेता विश्वनाथ भगत थे।प्रो सोमरा उरांव ने कहा कि गांव घर में विश्वनाथ भगत सोच को स्थापित कर नावा विहान लाना है। कार्यक्रम का संचालन धनजय कुमार राय व धन्यवाद ज्ञापन लीला मुंडा ने की। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी महावीर विश्वकर्मा, 12 पड़हा राजा विशाल उरांव दिवान विरूवा उरांव मुखिया सुशांति भगत 12 व 21 पड़हा के सचिव चरवा उरांव, घिनु उरांव, पीटर तिर्की, बंधना उरांव, गोयना उरांव, सुशील खाखा, सुका उरांव, जगदीश गोप, मुमताज खान सहित कई लोग मौजूद थे।

## डॉ. अनुराग लिंडा व डॉ. ताशी से मिला झारखंड एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल



**रांची** : मंगलवार को झारखंड एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल मिला DSW डॉ. अनुराग लिंडा और ADSW डॉ.ताशी से प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मिलने आया था कुलसचिव के कोसल राव से मगर कुलसचिव ने मिलने से इनकार कर दिया मीटिंग का बहाना देकर। घंटों बाद ऊह के संज्ञान में मामला दिया गया की भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रतिनिधिमंडल मिलने आए है, तो DSW और ADSW मिलने आए। छात्र-छात्राओं के ऊपर दर्ज प्राथमिकी जल्द हटवाया जाए अन्यथा और कुलपति और कुलसचिव का पुतला विवि के मुख्य द्वार पर फूंकेगी एनएसयूआई। विवि के उच्च पदाधिकारी सरकार से एवं प्रशासन से वार्ता करने को तैयार ही नहीं होते है। राज्य उपाध्यक्ष अमन अहमद ने आरोप लगाया कि यहां के विद्यार्थियों का शोषण किया जाता है, विद्यार्थी अपनी बातों को उच्च पदाधिकारियों तक पहुंचा नहीं पाते है, जब हमलोग से कुलपति और कुलसचिव नहीं मिलते है, तो विद्याथियों से कहां से मिलते होंगे। हाल में हुई दुर्घटना के बाद निर्दोष विद्याथीयों के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## बीआईटी में जिला परिषद सदस्य ने किया अश्वनी अमृततुल्य चाय दुकान का उद्घाटन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कांके** : प्रखण्ड क्षेत्र के बीआईटी मेसरा मोड़ के समीप अश्वनी अमृततुल्य चाय की दुकान का उद्घाटन जिला परिषद सदस्यसह आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय कुमार महतो, केदल मुखिया राहुल मुंडा, केदल अंजुमन कमेटी के पूर्व सदर बबलू अंसारी, दुकान के संचालक मोहम्मद फिरोज अंसारी के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अब्दुल गफूर, सोनाराम महतो, नफीस अंसारी, हसन खान, खालिक खान, सहनवाज खान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। संचालक मोहम्मद फिरोज अंसारी ने जानकारी देते हुए कहा कि पुणे की कंपनी के द्वारा यह फ्रेंचाइजी मिला है। अश्विनी अमृततुल्य की शाखा सम्पूर्ण भारत में है। झारखंड में अनेकों शाखा है। फिलहाल झारखंड के बहुत कम शहरों



में इसकी शाखा है। भारत के प्रत्येक जिला में अपनी शाखा खोलने का लक्ष्य है। अश्विनी अमृततुल्य चाय की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां मसालेदार चाय मिलता है जो चाय प्रेमियों को काफी भाता है। लोग बड़े चाव से इस चाय का आनंद लेते हैं। यहां 10 रुपया से लेकर 30 रुपया तक का चाय मिलता है। मोहम्मद फिरोज अंसारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस बेहतरीन चाय का स्वाद लेने के लिए एक बार अवश्य मेरे प्रतिष्ठान पर पधारें एवं किसी विशेष आयोजन के अवसर पर एक बार सेवा का मौका अवश्य दें।

## शहीद शेख भिखारी टिकैत उमराव सिंह सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट

# ऐसे आयोजन से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों में उत्साह का संचार होता है : साकिर अंसारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : प्रखंड क्षेत्र स्थित शहीद शेख भिखारी टिकैट उमराव सिंह सद्भावना समिति हेंदेबिली ओरमांझी की ओर से गुंजा डहूटोला मैदान में जिला स्तरीय विशाल क्रिकेट टूर्नामेंट का मंगलवार को दूसरा दिन खेला गया। क्रिकेट मैच के आयोजक अध्यक्ष मुबारक अंसारी ने मुख्य अतिथि जेएलजेएम नेता सह डीएवी रॉयल पब्लिक स्कूल के निदेशक शाकिर अंसारी व विशिष्ट अतिथि सज्जाद अंसारी को अंग वस्त्र व मोमेंटो एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।



तत्पश्चात मुख्य अतिथि व क्रिकेट टूर्नामेंट के अध्यक्ष मुबारक अंसारी व साकिर अंसारी व सज्जाद अंसारी ने संयुक्त रूप से क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन फीता काटकर किया। खेल मैदान में पूर्व सांसद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पहला मैच मायापुर टीम बनाम चुट्टू टीम के बीच खेला गया। जिसमें चुट्टू की टीम मैच जीता। वहीं दूसरा मैच मंदरो की टीम बनाम बुंडू की टीम के बीच खेला गया। जिसमें मंडरो की टीम ने 4विकेट से जीता। तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच मंदरो बनाम चुट्टू के बीच खेला गया जिसमें छुट्टू 5 रन से विजय हासिल की। मौके पर मुख्य अतिथि साकिर अंसारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने का आह्वान किया। इस आयोजन से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों में उत्साह का संचार हुआ और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिला। मौके पर मुख्य रूप से मुख्य अथिति साकिर अंसारी, विशिष्ट अतिथि सज्जाद अंसारी, अध्यक्ष मुबारक अंसारी, इसराफिल अंसारी, प्रवेज आलम, विकास सिंह भोकता, सईद अंसारी, यूनुस अंसारी, सकिल अंसारी, सोहैल अंसारी, सुलेमान बेन आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## दयाल स्टील लिमिटेड के मजदूरों का प्रतिनिधिमंडल जेएलकेएम के पदाधिकारियों से मिला, रखीं अपनी समस्याओं को



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : मंगलवार को दयाल स्टील लिमिटेड,चाहा (रामगढ़) के मजदूरों की एक अति महत्वपूर्ण बैठक सरना स्कूल के समीप संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नगर अध्यक्ष पवन कुमार महतो तथा संचालन महिला मोर्चा अध्यक्ष जयंती देवी के द्वारा किया गया। इस बैठक में विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमे मुख्यतः कर्मचारियों को पहचान पत्र दिया जाए, मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी दिए जाने के संबंध में, मजदूरों को सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेट, जूता, ग्लव्स, जैकेट आदि सुरक्षा मानकों के आधार पर दिया जाए, सेवानिवृत्ति सुविधा अंतर्गत सभी प्रकार के ग्रेच्युटी, पेंशन, उम्र निर्धारण आदि सुनिश्चित किया जाए, नये कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित किया जाए, रविवार आदि छुट्टी सुविधा बहाल हो। बैठक में दयाल स्टील लिमिटेड के मजदूरों की विभिन्न समस्याओं की चर्चा करने के लिए प्रतिनिधि मंडल के रूप में इम्तियाज अंसारी, ईश्वर कुमार, दिलेश्वर ठाकुर,किशोर ठाकुर, साहिल अंसारी, वासुदेव महतो, भुनेश्वर साव, फारूक अंसारी, सिद्धू बेदिया, चुन्नीलाल महतो आदि शामिल हुए। जिन्होंने जेएलकेएम के समक्ष अपनी समस्याएँ बताई एवं समाधान का आग्रह किया। इस बैठक में मुख्य रूप से संतोष महतो, पवन महतो, संजय महतो के अलावा दर्जनों लोगों उपस्थित थे।

## एक झलक

### नीड बेस्ड लेक्चरर नियुक्ति पर रोक स्वागत योग्य : आजसू



**रांची :** मंगलवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त प्रकट करते हुए कहा है कि नीड बेस्ट लेक्चरर नियुक्ति पर रोक स्वागत योग्य है उन्होंने कहा कि इस नियुक्ति में झारखंडी अभ्यर्थी को प्राथमिकता न देते हुए दूसरे राज्य के लोगों को प्राथमिकता देने का काम विश्विद्यालय द्वारा किया जा रहा था आजसू शुरू से ही इसको लेकर विरोध दर्ज कर कुलपति को ज्ञापन के माध्यम से राज्य सरकार और उच्च शिक्षा विभाग को इसपर रोक लगाने एवं झारखंडी अभ्यर्थी को प्राथमिकता देने की बात कर रही थी आज उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ये निर्णय स्वागत योग्य है आजसू इसका समर्थन करती है और उच्च शिक्षा विभाग का आभार व्यक्त करती है।

### बुंडू पुलिस ने 47 एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट की



**बुंडू :** बुंडू पुलिस ने थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध अलग अलग दो टीमें बनाकर छापामारी अभियान चला रही है। मंगलवार को तिरिलडीह, तिलाईपीड़ी, डारुहातु एवं बारूहातु गांव में 47 एकड़ भूमि पर लगे अफीम की फसल नष्ट की।

### सोनाहातू, राहे में मनी आजादी के प्रथम शहीद तिलका मांझी की जयन्ती



**बुंडू :** झारखंड राज्य किसान सभा द्वारा सोनाहातु प्रखंड के जिन्तू गांव तथा राहे प्रखंड के राहे एवं ढूंगरडीह गांव में आजादी के प्रथम शहीद तिलका मांझी की जयंती सम्मान पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर झारखंड राज्य किसान सभा का सदस्यता अभियान घर घर चलाया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के अध्यक्ष सुफल महतो ने शहीद तिलका मांझी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा शहीद तिलका मांझी आजादी आन्दोलन के प्रथम शहीद थे, जिन्होंने 1784 में अंग्रेजों के खिलाफ हथियार उठाए थे, 11 फरवरी 1750 में जन्मे तिलका मांझी 1771 से 1784 तक अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासीयों के विद्रोह का नेतृत्व किया और पहाड़िया सरदारों के साथ संयुक्त मोर्चा बना कर रामगढ़ केंप को अंग्रेजों से छिन लिया था। आज जल, जंगल जमीन, खनिज संपदा कारपोरेट को सौंपने की नापाक कोशिश के खिलाफ तिलका मांझी के उलगुलान की जरूरत है। इस अवसर पर जिला किसान कौंसिल के रतन महतो, घुरन पातर, उमेश महतो, शोभा राम महंतों, पूर्ण चंद्र मुंडा जगदीश मुंडा, छुटू मुंडा, तिरलोक मुंडा, रामेश्वर मुंडा, सावित्री देवी, बुधनी देवी, के सोमा मुंडा, बिनोद साव, बासुदेव महतो दल गोबिंद महतो, ललित महतो, यादु हरिजन, कमला मुंडा, गोकुल महतो, बिपिन महतों, मदन मुंडा, करमी देवी, रमनी देवी सहदेव हरिजन, धनंजय साव, सुषेण हजाम आदि उपस्थित थे।

### चकला नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारम्भ



**ओरमांझी :** प्रखण्ड क्षेत्र स्थित चकला गांव में चकला नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ ग्रीन गार्डन मैदान चकला में क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आगाज हुआ। चकला गांव में आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामटहल चौधरी ने कहा कि क्रिकेट सभ्य समाज का खेल है, जो खिलाड़ियों में अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में एकता और सौहार्द की भावना मजबूत होती है। समारोह में झामुमो जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, अब्दुल कुदुस अंसारी, टूर्नामेंट का संरक्षक मोती लाल महतो, अब्दुल कयूम अंसारी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

---

### उपायुक्त के निर्देशानुसार 'सुरक्षित इंटरनेट दिवस' पर कार्यशाला का आयोजन

# लिंक को खोलने से पहले उसकी जांच-पड़ताल करें

- डिजिटल सुरक्षा, जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार और साइबर जागरूकता की मिली जानकारी 1930 पर कॉल करके व राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करायें शिकायत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री के निदेर्शानुसार मंगलवार को रांची नगर निगम के सभागार में जिला सूचना एंव विज्ञान पदाधिकारी रांची, राजीव रंजन की अध्यक्षता में सेफ इंटरनेट डे को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना एंव विज्ञान पदाधिकारी ने कहा कि इंटरनेट ने हमारी लाइफस्टाइल आसान बना दी है। परंतु हमें सावधान और सतर्क रहकर इंटरनेट का उपयोग करना चाहिए। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से पहले उसके डोमेन की जांच करना बेहद जरूरी है। फर्जी साइटों से बचने के लिए सतर्क रहने की आवश्यकता है। किसी भी एसएमएस के माध्यम से प्राप्त लिंक को खोलने से पहले उसकी जांच -पड़ताल कर लेनी चाहिए। इंटरनेट का उपयोग करते समय अन्य महत्वपूर्ण सावधानियां बरतने की अपील की गई। साइबर अपराधी नए नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगने की कोशिश करते है, जिसमें डिजिटल अरेस्ट, अधिक रिटर्न का लालच देकर निवेश करना, विभिन्न तरह के ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म इत्यादि शामिल है। जिला सूचना एंव विज्ञान पदाधिकारी ने कहा कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सुरक्षित तरीके से पैसे का ट्रांजैक्शन करें, सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चार्जिंग, सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल करने से बचें, बिना जाने समझें अनजान लोगों के साथ रकम की लेनदेन नहीं करें, अनजान नंबर से आने वाले व्हाट्सएप कॉल एवं व्हाट्सएप वीडियो कॉल तथा इंटरनेशनल कॉल को रिसीव करने से बचें, स्वयं जागरूक बने एवं अपने परिवार को भी जागरूक करें। कार्यशाला में साइबर Dy. SP श्रीनिवास सिंह ने कहा कि कभी भी डिजिटल अरेस्ट की बात सुनकर भयभीत नहीं होना है। पैसा इन्वेस्ट कर अधिक रिटर्न देने वालों की जाल में नहीं फंसना है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लोगों की अज्ञानता एवं डर का फायदा उठाकर साइबर फ्रॉड करते हैं। साइबर फ्रॉड होने से 1930 नंबर पर कॉल करके तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शीघ्र शिकायत दर्ज कराएं और ट्रांजेक्शन ब्लॉक कराएं। कार्यशाला के दौरान अनजान लोगों के साथ ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड या बैंक की अन्य जानकारी साझा नहीं करने, अनजान नंबरों से आने वाली लिंक पर क्लिक नहीं करने, अनजान लोगों से पेमेंट पाने के लिए कयू.आर. कोड स्कैन नहीं करने व ओटीपी या पिन साझा नहीं करने, बैंक ट्रांजेक्शन करते समय सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करने सहित आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस, सोशल मीडिया, साइबर थ्रेटस, ऑनलाइन फ्रॉड, डीप फेक, व्हाट्सएप्प सिक्योरिटी, डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य मुद्दे पर चर्चा की गई।

### टाइटेनियम महिन्द्रा में महिन्द्रा एंड महिन्द्रा का नया इलेक्ट्रिक वाहन लॉन्च



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखण्ड क्षेत्र स्थित बिरसा मुंडा जैविक उद्यान के समीप महिन्द्रा एंड महिन्द्रा की दो नई इलेक्ट्रिक वाहन एक्सईवी 9ई व बीई 6 मंगलवार को टाइटेनियम महिंद्रा, ओरमांझी ब्रांच में लॉन्च इवेंट का आयोजन किया गया।इस अवसर पर महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स, कस्टमर केयर एवं सी एक्स पवन कुमार के साथ टाइटेनियम महिंद्रा के निर्देशक उत्कर्ष सिंघानिया, संचित सिंघानिया, जोनल हैड (सेल्स), पंकज देशमुख, रीजनल सेल्स मैनेजर अभिजीत राम बानु, रीजनल कस्टमर केयर मैनेजर राहुल रघुवंसी, एरिया सेल्स मैनेजर चंद्र मोहन, साहिल सेठ, जेनरल मैनेजर पंकज सोनी, आदि उपस्थित थे। महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स, कस्टमर केयर एवं सी एक्स) पवन कुमार द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। पवन कुमार ने के बताया कि भारत की अग्रणी एसयूव निमार्ता महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमिटेड की नयी इलेक्ट्रिक गाड़ी के दो मॉडल एक्सइवी 9ई और बीई 6 गाड़ी, जिसकी बुकिंग 14 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। बीई 6 की शुरूआती कीमत 18.90 लाख और एक्सइवी 9ई की शुरूआती कीमत 21.90 लाख से शुरू होगी। गाड़ियों की डिलीवरी मॉडल के आधार पर मार्च माह तक के मध्य शुरू होगी।

### जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् की शासी निकाय एवं कार्यकारिणी समिति की संयुक्त बैठक

## जिला के पर्यटकीय विकास व सुरक्षा की कार्य योजना तैयार करने की समीक्षा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथी भजंत्री के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् की शासी निकाय एवं कार्यकारिणी समिति की संयुक्त बैठक आहूत की गई। विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में माननीय विधायक, रांची विधानसभा क्षेत्र सीपी सिंह, माननीय विधायक कांके विधानसभा क्षेत्र सुरेश बैठा, उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव, लोकसभा, राज्यसभा सांसद, विधायक प्रतिनिधि एवं जिला पर्यटन संवर्धन परिषद्, राँची के सभी सदस्यगण उपस्थित हुए। बैठक में प्रमुख रूप से विगत वर्ष 2023-24 में पर्यटन विकास हेतु कराये गए कार्यों की समीक्षा की गई। विस्तृत रूप से चालू वित्तीय वर्ष में जिला के पर्यटकीय विकास एवं सुरक्षा हेतु कार्य योजना तैयार करने की समीक्षा की गई। समिति द्वारा बुढ़मू प्रखण्ड स्थित बागलता जलप्रपात एवं ओरमांझी प्रखण्ड स्थित टूटी जलप्रपात को अधिसूचित कर विकास कार्य कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही बुढ़मू प्रखण्ड स्थित तीरू जलप्रपात की सामूहिक विकास हेतु कार्य योजना तैयार करने का भी निर्णय लिया गया। रांची जिलान्तर्गत पर्यटन क्षेत्र में कार्यरत सभी व्यक्ति/एजेंसियों/फर्म/संस्था आदि को झारखण्ड टूरिज्म ट्रेड पोर्टल पर अनिवार्य रूप से निबंधन कराने एवं जिलान्तर्गत ट्रैकिंग रूट को विकसित करने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया।

### अबुआ आवास में धांधली को लेकर ग्रामीण हुए एकजुट

**रांची/सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के बड़ाचागडु के ग्रामीण अबुआ आवास में हो रहे धांधली के विरोध में आज मंगलवार को सिल्ली प्रखंड कार्यालय के समक्ष शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में आए ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सोपा और मांग किया कि पंचायत में बन रहे आवासों की जांच की जाए। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत सचिव वार्ड मेंबर प्रधान आपस में मिलकर नाम तय करते हैं और नौकरी करने वाले लोगों को आवाज देने का काम कर रहे हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार द्वारा ग्रामीणों को समझाएं जाने के बावजूद भी पंचायत के ग्रामीण सुबह 12:00 बजे से लेकर शाम 7:00 बजे तक धरना में बैठे हुए हैं और उनकी मांग है कि चयन समिति को बुलाया जाए और उनसे पूछा जाए की किस आधार पर नौकरी करने वालों का आवास दिया गया नहीं तो हम धरना में बैठे ही रहेंगे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में एलईडी वैन व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अफीम की खेती के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान

- नामकुम प्रखण्ड में वीडियो संदेश एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गयी नशा एवं अफीम की खेती के दुष्परिणाम की जानकारी
- अफीम की खेती की जानकारी मिले, तो टोल फ्री नंबर 112 पर करें शिकायत




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार अफीम की खेती के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आज दिनांक 11.02.2025 को एलईडी वैन एवं नुक्कड नाटक के माध्यम से अफीम की खेती के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला जनसंपर्क कार्यालय, रांची से संबंद्ध कला दलों द्वारा नामकुम प्रखण्ड के बन्दुआ गांव में एलईडी वैन पर प्रसारित वीडियो संदेश एवं नाटक का मंचन कर लोगों को नशा एवं अफीम की खेती के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी दी गयी। एलईडी वैन पर प्रसारित वीडियो संदेश के माध्यम से ग्रामीणों को बताया गया कि अफीम की खेती काफी हानिकारक है, इसके नशे से युवा पीढ़ी का भविष्य बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों को बताया गया कि कहीं भी मादक पदार्थ अथवा अफीम की खेती की जानकारी मिले तो टोल फ्री नंबर 112 पर इसकी सूचना दें, जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखते हुए शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

### अजय मयंक जैन व आनंद गोयल पहुंचे श्याम मंदिर, किया अवलोकन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** निर्माणधीन श्री श्याम मंदिर सिमडेगा में खाटूवाले श्याम बाबा द्वारा प्रेरित श्याम भक्त अजय मयंक जैन एवं और आनंद गोयल (नेहा टैक्टर) वाले रांची से सुबह सिमडेगा पहुंचे और श्याम मंदिर का अवलोकन किया और बाबा की मोर छड़ी का मोर पंख जो अपने साथ लाए थे उसका पुजन कर किया। एवं आज अजय मयंक जैन परिवार द्वारा अपने हाथों द्वारा 500000/पांच लाख रुपए मंदिर निर्माण में सहयोग दिया गया।और मंदिर निर्माण में जो सहयोग और भी पड़ेगा उसे पुरा करने का आश्वासन दिया गया। आज मोहन दास जी महाराज खाटू वाले से फोन पर स्वीकृत भी मिल गई है उनके सानिध्य में ही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम कराया जाएगा।उनका बहुत जल्द आगमन सिमडेगा में होने वाला है। रांची से पहुंचे श्याम प्रेमियों का श्री श्याम मित्र मंडल सिमडेगा द्वारा उनका स्वागत किया गया।

## प्रशिक्षुओं व शिक्षकों के साथ महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार ने राजभवन उद्यान में किये सुझावात्मक संवाद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मंगलवार को राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन, रांची झारखंड सरकार के 100 प्रशिक्षुओं ने झारखंड राजभवन उद्यान महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. ओम प्रकाश के निर्देशन में अशोक उद्यान, आजोल, पीला बांस, रुद्राक्ष, चंदन, झारखंड के लोक गीतों पर फाउंटेन पानी की थिरकन का आनंद लिया। सभी प्रशिक्षुओं ने अन्य विद्यालय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं नन्हें मुन्हें बच्चों को भी स्वयंसेवक की तरह घुमाया। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार की उद्यान में उपस्थिति से विद्यार्थियों में उत्साह का संचार हुआ। राज्यपाल ने गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के ट्रेनी टीचर्स एवं राय यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स सहित अन्य विद्यालय के बच्चों के साथ संवाद किया एवं सुझाव हेतु आग्रह किया। उद्यान भ्रमण कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय रांची के एन एस एस स्वयंसेवक दिवाकर आनन्द की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर डॉ मजहरूल हक, डॉ ओम प्रकाश, डॉ चंद्रमाधव,डॉ जाकिर, डॉ रितेश, प्रो दुलाल, प्रो पंकज, प्रो राकेश, प्रो धनंजय सहित राय यूनिवर्सिटी के डॉ नीता श्वेता केरकेट्टा, डॉ नेहा सहित एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से उद्यान का भ्रमण किया।

### 140वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 140 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। जय जय जय हनुमान गोसाई कृपा करो गुरुदेव की नाही के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया । श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया । सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया।

### जस्टिस-ऑन-व्हिल मोबाइल वैन पहुंची बेड़ो जनटोली पंचायत भवन, लोग हुए जागरूक

## डायन-बिसाही की घटना रोकना ही डालसा का लक्ष्य : शिवानी

- एलएडीसी अधिवक्ता शिवानी सिंह ने बाल श्रम व बाल विवाह के बारे में दी जानकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में जस्टिस-ऑन-व्हिल मोबाईल वैन आज दिनांक 11.02.2025 को बेड़ो प्रखंड के पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता, सुश्री शिवानी सिंह, पीएलवी, सतीश कुमार, सधनी कुमारी, मंगल तिर्की, संजय हजाम, सत्य प्रकाश कुमार, दिनेश कुमार एवं अमित बड़ाईक शामिल थे। एलएडीसी अधिवक्ता शिवानी सिंह ने बाल श्रम, बाल विवाह तथा डायन बिसाही पर फोकस की और कहा कि बच्चे-बच्चियों का विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें। विवाह से पूर्व अपने बच्चों को समुचित शिक्षा दे, ताकि वे अपने पैरों पर खड़ा हो सके। बाल श्रम अपराध है। बच्चों से काम कराने या काम में लगवाने के बजाय उन्हें शिक्षित करें। डायन बिसाही पर प्रकाश डालते हुए बोली कि दिन-ब-दिन डायन-बिसाही के नाम पर आम लोगों को प्रताड़ित कर उन्हें मार दिया जाता है, जो कि अपराध है। यह एक ऐसी अंधविश्वास है, जो ग्रामीण लोगों के बीच फैला हुआ है, जागरूकता के माध्यम से इसे जड़ से हटाना ही हमलोगों का उद्देश्य है। सुश्री शिवानी सिंह ने आगामी 22 फरवरी को आयोजित होनेवाली विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत के बारे में भी कहीं। 08 मार्च को व्यवहार न्यायालय रांची में आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत की भी जानकारी लोगों को दी।

### माघ पूर्णिमा पर्व आज

### माघ पूर्णिमा और प्रयागराज महाकुंभ का संगम हिन्दू धर्म का है एक अद्वितीय पहलू : संजय सर्राफ



**रांची :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि माघ पूर्णिमा 12 फरवरी को है। पंचांग के अनुसार माघ पूर्णिमा की तिथि का प्रारंभ 11 फरवरी को शाम 6:55 मिनट पर हो रही है और अगले दिन यानी 12 फरवरी को शाम 07:22 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि का अधिक महत्व है। ऐसी स्थिति में 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा मनाई जाएगी। यह पूर्णिमा जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर भगवान विष्णु संग लक्ष्मीजी की आराधना करने से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। माघी पूर्णिमा के दिन घरों में सत्यनारायण भगवान की कथा पूजा करना चाहिए। मान्यता है कि भगवान विष्णु ने माघ पूर्णिमा के दिन ह्ममत्स्य अवतार धारण किया था, इसलिए यह पूर्णिमा बेहद खास मानी गई है।

### फिल्मकार अनुज कुमार की बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म टर्टल स्टोरी को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म अवार्ड व बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड भूटान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में मिला




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची के फिल्मकार अनुज कुमार द्वारा बनाई गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म टर्टल स्टोरी को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म अवार्ड साथ ही बेस्ट डायरेक्टर का अवार्ड भूटान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में मिला हैं, इससे पूर्व में फिल्म कुछ ही दिन पहले कोला लामपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल स्पेशल सिलेक्शन हुआ था, साथ ही फिल्म को न्यूयम इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल बोस्निया और हजेगीवनिया में स्पेशल जूरी मेंशन मिला, फिल्म को बेस्ट फिल्म म्यांमार एंड बर्मा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अवॉर्ड मिला फिल्म को मुंबई के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ टूरिज्म एंड कल्चर में ऑफिसिल ससिलेक्शन मिला। प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल टैगोर इंटरनेशनल फि ल्म फेस्टिवल में इसे अवॉर्ड मिला है, साथ ही इसे प्रदर्शित भी किया गया, अनुज गोस्सनर कॉलेज में फैकल्टी मेंबर हैं साथ ही फिल्म निर्माण से जुड़े हैं, अनुज इस फिल्म को प्रकृति के प्रति हमारा प्रेम पत्र मानते है, इस फिल्म के पीछे की कठिन मेहनत और प्रयास हैं, जो पर्यावरण संरक्षण पर आधारित है और कैसे वेलास, महाराष्ट्र में एक गाँव एक दशक से समुद्र कछुए उत्सव मनाता आ रहा है और दुनिया को कछुओं को बचाने के बारे में संदेश दे रहा है। टर्टल कहानी इस प्रयास का एक दृश्यात्मक साक्ष्य है... समुद्री कछुओं (ऑलिव रिड्ली) की कहानी और कैसे वे बीच और समुद्र के प्लास्टिक प्रदूषण के कारण पीड़ित होते हैं। इसे मेरे परिवार, टीम टर्टल कहानी, नंदिनी सिन्हा, राजेश कुमार, आराधना आर दास, पवन प्रेमी, विकाश कुमार, वेलास, महाराष्ट्र के गांववासियों, मानस को बधाई देता हूं...अनुज ने बताया कि अभी यह फिल्म पूरे विश्व के150 फिल्म फेस्टिवल में ट्रैवल कर रही हैं।

# पंडित दीनदयाल के विचार हमेशा करेंगे मार्गदर्शन : मुंडा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर पंडित दीनदयाल नगर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और अंत्योदय की प्रेरणा हमें सदैव मार्गदर्शन देते रहेंगे। उनका सपना सबका साथ, सबका विकास को साकार करने का संकल्प हम सभी दोहराते हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए भाजपा प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने कहा की पंडित जी का यह मानना था कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि यह समाज की सेवा का एक साधन होना चाहिए। उनके अनुसार, राजनीति का उद्देश्य जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण होना चाहिए, न कि केवल व्यक्तिगत लाभ के लिए। भाजपा रांची महानगर जिला के अध्यक्ष वरुण साहू ने पंडित दीनदयाल के आदर्शों को याद करते हुए कहा की दीनदयाल जातिवाद, भेदभाव और सामाजिक विभाजन के विरोधी थे। उनका विचार था कि भारतीय समाज में सभी वर्गों को समान अधिकार और सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने एकजुटता और सहिष्णुता को बढ़ावा दिया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा,भाजपा प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय, विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल , भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू , समरी लाल, सुबोध सिंह गुड्डु, शोभा यादव,बलराम सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### केन्द्र की योजनाओं को राज्य में क्रियान्वित करने के प्रति उदासीन है राज्य सरकार : प्रतुल शाह देव

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर केंद्र की योजनाओं को धरातल में उतारने के प्रति उदासीन होने बड़ा आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि दिखावा के लिए मुख्यमंत्री और राज्य के वित्त मंत्री केंद्रीय मंत्रियों को मांग पत्र सौंपते हैं, लेकिन पहले से चल रही केंद्रीय योजनाओं का राज्य में बुरा हाल है। मंगलवार को प्रदेश भाजपा नेता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सर्वप्रथम मनरेगा में केंद्र सरकार के हिस्सेदारी के पैसे का यूटिलिटी सर्टिफिकेट राज्य ने नहीं सौंपा। जिसके कारण लंबे समय तक केंद्र के अंशदान पर ग्रहण लग गया था। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना में भी केंद्र और राज्य का संयुक्त योगदान होता है। केंद्र ने इस योजना में जो पैसा दिया उसका राज्य सरकार ने फिर से समय पर यूटिलिटी सर्टिफिकेट नहीं दिया, जिसके कारण प्रधानमंत्री आवास योजना में भी झारखंड काफी नीचे के पायदान पर है। प्रतुल ने कहा कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान योजना में केंद्र से अंशदान मिल जाने के बावजूद राज्य सरकार ने अनेक निजी अस्पतालों को समय पर भुगतान नहीं किया था।

### 25 अविवाहित जोड़ों का सामूहिक विवाह दिगम्बर जैन भवन, हरमू रोड में किया जायेगा सम्पन्न



- लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल लायंस क्लब ऑफ रांची दिवास के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक विवाह समारोह 27 अप्रैल को

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** आगामी 27 अप्रैल 2025 को लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल लायंस क्लब ऑफ रांची दिवास के संयुक्त तत्वाधान में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी आयोजनकर्ता श्रवण जैन एवं पायल जैन ने दी। प्रेस क्लब रांची के कॉन्फ्रेंस हॉल में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 25 अविवाहित जोड़ों का सामूहिक विवाह दिगम्बर जैन भवन, हरमू रोड में संपन्न किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य सौजन्यकर्ता झूमरमल जैन सेठी एवं परिवार की ओर से किया जा रहा है। विवाह संस्कार सनातन विधि विधान के साथ किया जाएगा। इस आयोजन में लाभ लेने के इच्छुक जोड़े अपना आवेदन कसेरा स्पोर्ट्स एवं रामभगत हरिप्रसाद पेट्रोल पंप में जमा कर सकते हैं। आवेदक जोड़ों को दूल्हा दुल्हन का आधार कार्ड, माता - पिता के आधार की छायाप्रति, एड्रेस प्रूफ, पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ्स, और अन्य आवश्यक विवरणों जमा करनी होगी। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही अंतिम स्वीकृति प्रदान की जा सकेगी। आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित है। प्रत्येक जोड़े के साथ 10 बराती 10 घराती शामिल हो सकेंगे साथ ही सभी के लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी।

## एक झलक

### जननायक कर्पूरी फाउंडेशन मनायेगा 37वीं पुण्यतिथि

**हजारीबाग** : झील परिसर में कर्पूरी प्रतिमा स्थल के प्रांगण मे आगामी 17 फरवरी को जन नायक कर्पूरी फाउंडेशन द्वारा भव्य तरिके से पुण्यतिथि मनायेगा। इसको लेकर जोर शोर से तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश ठाकुर (उपाध्यक्ष राष्ट्रीय महासभा एवं सुनील शर्मा (पूर्व केन्द्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा झामुमो) होंगे। उल्लेखनीय हो कि कार्यक्रम जननायक कर्पूरी फाउंडेशन के तत्वाधान मे किया जा रहा है। इसके संस्थापक धर्मेंद्र कुमार ठाकुर हैं। कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य के बारे मे बताया गया है कि नाई समाज के सभी वर्ग के लोगों को जोड़ना एवं जो शिक्षा, रोजगार, मेडिकल, इन सभी चीजों मे जो लोग असमर्थ है वैसे लोगों तक सेवा पहुचाना है। ताकि समाज को गति मिल सके।

### बाबा तिलका मांझी की जयंती मनायी गयी

**इचाक** : मंगलवार को इचाक प्रखंड मुख्यालय में बाबा तिलका मांझी की जयंती मनाई गई। साथ ही उन्हें नमन किया गया 'नमन करने वाले मुख्य रूप से आंदोलनकारी नेता शाह प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम इचाक ग्रीन एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के डायरेक्टर सह प्रखंड 20 सूत्री सदस्य दिगम्बर कुमार मेहता प्रखंड 20 सूत्री सदस्य बाबुन हसदा झारखंड मुक्ति मोर्चा पंचायत अध्यक्ष सुरेश टुडू मुकेश कुमार मेहता उर्फ जितेंद्र कुमार वासुदेव सोरेन महेश मांझी केशव मांझी, परमेश्वर मांझी, सुरेंद्र मांझी, बंसी मांझी, बाबू मांझी, जगदीश हसदा सुनील हेंब्रम लालजी मांझी मनोज बासके लालजी मांझी दिलीप हसदा धीरेंद्र सोरेन रविंद्र मरांडी निर्मल गंजू विजय भोक्ता एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित है।

### छबेलवा वन महोत्सव की तैयारी जोरों पर

**इचाक** : मुकतमा स्थित वन परिसर में छाबेलवा वन महोत्सव 15 फरवरी को मनाई जानी है 'जन जंगल जल जमीन बचाओ समिति के पदाधिकारी और सदस्य तैयारी में जुट गए हैं महोत्सव की सफलता को लेकर प्रचार प्रसार संपर्क अभियान दीवाल लेखन पोस्ट पर्चा वितरण का कार्य जोरों पर है' मोकतमा गांव के ग्रामीण और पर्यावरण प्रेमियों के सहयोग से बनाए जाने वाला छाबेलवा वन महोत्सव ऐतिहासिक हो इसे लेकर समिति से जुड़े लोग पूरी तरह से तैयारी कर रहे है। कुछ लोग निमंत्रण पत्र वितरण के साथ-साथ क्षेत्र वासियों को कार्यक्रम में भाग लेकर पर्यावरण के महत्व को लोगों को बता रहे हैं। कार्यक्रम में सांसद विधायक जिला परिषद अध्यक्ष के अलावा वन विभाग के बड़े अधिकारी और पुलिस प्रशासन के साथ हजारों की संख्या में स्कूली छात्र छात्राओं और ग्रामीण महिला पुरुष के शामिल होने का उम्मीद जताया जा रहा है जिसे लेकर व्यापक प्रबंध किया गया है।

### विष्णुगढ़ अंचल कार्यालय में 13 फरवरी को विशेष शिविर का आयोजन

**विष्णुगढ़** : जिला उपायुक्त के निदेर्शानुसार 13 फरवरी यानी गुरुवार को दाखिल खारिज के लंबित वादों में सुधार के लिए विष्णुगढ़ अंचल कार्यालय में विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा। हजारीबाग जिला अंतर्गत विभिन्न अंचलों में 30 दिनों से आपत्ति रहित वादों की स्थिति में सुधार के लिए यह शिविर आयोजित किया जायेगा। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया है की विशेष शिविर के आयोजन की तिथि के पूर्व अपने-अपने लॉगिन में 30 दिनों से अधिक बिना आपत्ति रहित एवं 90 दिनों से अधिक आपत्ति सहित वादों की समीक्षा एवं भौतिक सत्यापन कर प्रतिवेदन तैयार करें। ताकि 13 फरवरी को आयोजित होने वाली विशेष शिविर में संबंधित व्यक्तियों को शुद्धि पत्र एवं लगान रसीद उपलब्ध कराया जा सके।

### प्रवासी मजदूर प्रकाश सिंह की मौत से दहला पूरा गांव

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड के एक और प्रवासी मजदूर की मौत से प्रखंड के ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया है। बीते शनिवार को प्रखंड अंतर्गत सारूकुदर के ग्राम फाराचांच निवासी 30 वर्षीय प्रकाश सिंह पिता देवनाथ सिंह कर्नाटक के मैंगलोर में मौत हो गई। बताया जाता हैं कि प्रकाश सिंह और उसके भाई मिथुन सिंह कर्नाटक के मैंगलोर में एक साथ कारपेंटर का कार्य करता था। इसी बीच 08 फरवरी को अचानक प्रकाश सिंह के पेट में दर्द होने लगा, जिसे इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

---

### समाहरणालय सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# कॉमन साइबर थ्रेड के बारे में विस्तार से दी जानकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार जिला सूचना एवं विज्ञान विभाग हजारीबाग के तत्वधान में मंगलवार समाहरणालय सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे, प्रशिक्षु एसडीपीओ अमित आनंद, डीपीओ पंकज तिवारी, डीडब्ल्यूएसो शिप्रा सिन्हा, डीआईओ संदीप कुमार, डीपीओ यूआईडी प्रवीण कुमार सुमन सहित कई पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में जिला स्तरीय अधिकारियों व अन्य कर्मियों को सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल करने से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यशाला में डीआईओ संदीप कुमार और डीपीओ यूआईडी प्रवीण कुमार सुमन ने सफर इंटरनेट डे के बारे में प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। कार्यशाला में उपस्थित लोगों को कॉमन साइबर थ्रेड जैसे फिशिंग, विशिंग, फाइनेंशियल फ्रॉड, लॉटरी स्कैम, फेक एप्स, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, साइबर हाइजीन, पब्लिक वाई-फाई, वीपीएन, यूजिंग मल्टी फैक्टर ऑथेंटिकेशन, यूपीआई, हाउ टू सिक्योर क्रेडिट एंड डेबिट कार्ड, ऑनलाइन बैंकिंग सर्विस, डिजिटल अरेस्ट, टू स्टेप वेरीफिकेशन, डीप फेक वीडियो आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि इंटरनेट एक तरफ वरदान है तो दूसरी तरफ अभिशाप इसलिए इंटरनेट का सही इस्तेमाल करना चाहिए। इंटरनेट का दुरुपयोग करने से हम सबका भविष्य खतरे में पड़ सकता है। इंटरनेट का सही इस्तेमाल कैसे हो इसका प्रचार प्रसार करना आवश्यक है। जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी संदीप कुमार ने सर्वप्रथम इंटरनेट के उद्भव एवं विकास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस वैश्विक रूप से मनाया जाता है जिसका उद्देश्य ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि साइबर स्वच्छता की प्रक्रिया के तहत आमजन एवं अधिकारियों को उनके कंप्यूटर उपकरणों एवं उसमें रखी गई व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा बनाए रखने में मदद करती है। इससे डिजिटल जिंदगी को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि इंटरनेट सफर डे के अवसर पर पूरे जिले के प्रज्ञा केंद्र और पंचायत भवन में वीएलई के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया है। प्रशिक्षण के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मियों को साइबर स्वच्छता, फिशिंग, हैकिंग, मालवेयर से स्वयं के कंप्यूटर उपकरणों एवं व्यक्तिगत खातों को बचाने की जानकारी दी गयी। इस दौरान मजबूत पासवर्ड, दो चरणीय प्रमाणिकता, मजबूत स्क्रीन लॉक और बायोमेट्रिक, विश्वसनीय स्त्रोतों से मोबाइल एप्स डाउनलोड, सुरक्षित इंटरनेट कनेक्शन का उपयोग करने, संदिग्ध ईमेल और लिंक से बचने, सॉफ्टवेयर और एप्स को नियमित रूप से अपडेट करने से संबंधित जानकारी दी।



---

## 15 दिवसीय शहीद मेला का भव्य समापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**इचाक** : इचाक के पावन धरती बोधिबागी मैदान में 26 जनवरी से जारी 15 दिवसीय शहीद मेला का 11 फरवरी को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। इस ऐतिहासिक मेले में शहीदों को नमन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रतियोगिताएं और प्रदर्शनी जैसे अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे यह मेला यादगार बन गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें रंगोली प्रतियोगिता, निबंध लेखन, गीत, नृत्य और नाटक शामिल रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों कुमार केशव म्यूजिकल ग्रुप, हजारीबाग का सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, जिसमें टी-सीरीज, नई दिल्ली के गायक, गीतकार और संगीतकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, अनेक निजी स्कूलों के बच्चों ने भी अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से समां बांध दिया मेले में विभिन्न हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थों और अन्य सामग्रियों के स्टॉल लगाए गए, जो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने। समापन समारोह में कई गणमान्य लोग शामिल हुए, जिनमें पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, उप प्रमुख सतेंद्र कुमार,मुखिया संगीता देवी, बीडीओ संतोष, प्रोफेसर राजकुमार चौबे, लखन मेहता, आदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार,ओमप्रकाश मेहता, अर्जुन मेहता, कुमार केशव, जय नंदन मेहता, जयनारायण मेहता, नागेश्वर महतो, भागवत मेहता, लखन मेहता, बसंत मेहता और अजय मेहता, राकेश मेहता, रुपेश कुमार, कमल कुमार, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

मेला समिति के संयोजक बटेश्वर प्रसाद मेहता और सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक कुमार केशव ने सभी निजी विद्यालयों से अपील की कि वे भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को शामिल करें, जिससे युवा पीढ़ी शहीदों के बलिदान से प्रेरणा ले सके।



---

## एच.जेड.बी. आरोग्यम इंस्टीट्यूट में फ्रेशर डे का भव्य आयोजन, नये छात्रों ने बिखेरा जलवा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : एच.जेड.बी. आरोग्यम इंस्टीट्यूट में ए.एन.एम, जी.एन.एम और बी.एस.सी नर्सिंग के नए छात्रों के स्वागत में फ्रेशर डे का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के प्रांगण में आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रतिभा प्रदर्शनों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें संस्थान के निदेशक हर्ष अजमेरा, प्रशासक जया सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रजत चक्रवर्ती एवं प्राचार्या शबनम तिरिया भारती ने भाग लिया। इसके बाद प्राचार्या शबनम तिरिया भारती ने अपने प्रेरणादायक भाषण में नर्सिंग क्षेत्र की जिम्मेदारियों और समाज में इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नर्सिंग केवल एक करियर नहीं, बल्कि यह सेवा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे हम मानवता की भलाई कर सकते हैं।



**प्रतिभागियों ने जीते पुरस्कार, दिखाया शानदार प्रदर्शन**

फ्रेशर डे के तहत कई रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें छात्रों ने अपने नृत्य, अभिनय, गायन और अन्य कलात्मक प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। जूरी द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, जिनके नाम इस प्रकार हैं बेस्ट डांसर (पुरुष) दीपक कुमार (बी.एस.सी नर्सिंग), बेस्ट डांसर (महिला) अर्चना और अंजली (बी.एस.सी नर्सिंग), बेस्ट परफॉर्मर (पुरुष): उमेश (बी.एस.सी नर्सिंग), बेस्ट परफॉर्मर (महिला) ललिता (जी.एन.एम), छुपा रुस्तम रोशलेत (बी.एस.सी नर्सिंग), टैलेंटेड स्टूडेंट (पुरुष) विजय (जी.एन.एम), टैलेंटेड स्टूडेंट (महिला) अर्पिता (बी.एस.सी नर्सिंग), मिस फ्रेशर मधु (ए.एन.एम), हिना (जी.एन.एम), नीलू (बी.एस.सी नर्सिंग), मिस्टर फ्रेशर राजवीर (बी.एस.सी नर्सिंग) को पुरस्करित किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने उत्साह और जोश से भरी प्रस्तुतियां दीं, जिनमें संगीत, नृत्य और अभिनय शामिल थे। फ्रेशर डे का यह आयोजन न केवल मनोरंजन से भरपूर रहा, बल्कि इसने छात्रों को अपनी प्रतिभा को निखारने और टीम वर्क की भावना विकसित करने का भी अवसर दिया। निदेशक हर्ष अजमेरा ने अपने संबोधन में कहा की एच.जेड.बी. आरोग्यम इंस्टीट्यूट का उद्देश्य केवल शिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि हम अपने छात्रों को एक ऐसा मंच प्रदान करना चाहते हैं, जहां वे अपनी प्रतिभा को पहचान सकें और आत्मविश्वास के साथ अपने करियर की दिशा तय कर सकें। नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि यह सेवा, समर्पण और करुणा का प्रतीक है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी इस महान पेशे में कदम रख रहे हैं।

---

## नव सृजित प्राथमिक विद्यालय रखवा की प्रबंधन समिति की अध्यक्ष बनी गुनवा देवी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : प्रखंड अंतर्गत बकसपुरा पंचायत के नव सृजित प्राथमिक विद्यालय रखवा में विभागीय आदेशानुसार विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन चुनाव संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख सह वर्तमान पंचायत समिति सदस्य उमा देवी एवं संचालन भारतीय युवा संसद सुरेश कुमार ने किया। पूरी चुनाव प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से विभागीय नियमानुसार संपादित की गई। विद्यालय प्रबंधन समिति के सर्वसम्मति से अध्यक्ष गुनवा देवी, उपाध्यक्ष किरण कुमारी एवं संयोजिका अनिता देवी को चुना गया। सभा को संबोधित करते हुए भारतीय युवा संसद सुरेश कुमार ने नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं सदस्यों का अभिवादन किया, साथ ही उन्होंने कहा कि आज के छात्र कल के भविष्य हैं। बेहतर शिक्षा के साथ-साथ मध्याह्न भोजन और खेलकूद पर विशेष ध्यान रखेंगे। विद्यालय में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सूचित जरूर करें। बैठक में प्रखंड शिक्षा विभाग से राकेश वैद्य, प०भ० सह संयोजिका हेमंती कुमारी, सहायक अध्यापिका दयामनी सोरेन, निवर्तमान अध्यक्ष सबिता देवी, जयनाथ महतो, बबीता देवी, गुंजा भारती, सुनीता देवी, सहोदरी देवी, निर्मला देवी, पेमिया देवी, सोमरी देवी, बसंती देवी, कौशल्या कुमारी, गुड़िया कुमारी, सावित्री कुमारी, दुलारी देवी, सोनिया देवी, जयंती देवी एवं मीना देवी उपस्थित थे।

---

### हजारीबाग यूथ विंग का विद्यालय एवं महाविद्यालयों में आमंत्रण पत्र वितरण

## रक्तदाताओं को किया जायेगा सम्मानित, बढ़ाया जायेगा हौसला

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : समाज सेवा एवं मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हजारीबाग यूथ विंग द्वारा 3 मार्च को लक्ष्मी सिनेमा हॉल परिसर में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जिले के उन 200 से अधिक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए जीवनदायिनी साबित होगा, जिन्हें हर 45 दिनों में रक्त की आवश्यकता होती है। इस महत्त्वपूर्ण अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए हजारीबाग यूथ विंग के सदस्य शहर के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में जाकर शिक्षकों, प्राचार्यों एवं विद्यार्थियों को आमंत्रण पत्र सौंप रहे हैं। साथ ही, उनसे आग्रह किया जा रहा है कि वे इस महादान में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। रक्तदान शिविर में 18 वर्ष से अधिक आयु के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय एवं महाविद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी रक्तदान करने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। यह एक ऐसा अवसर है जिसमें समाज के हर वर्ग के लोग एकजुट होकर जरूरतमंदों की मदद कर सकते हैं। अध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक करण जायसवाल और सह-संयोजक रोहित बजाज के साथ संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के समर्पण और निष्ठा के साथ शिविर को सफल बनाने के लिए जुटे हैं। वे लगातार शहरवासियों को रक्तदान के प्रति जागरूक कर प्रेरित कर रहे हैं और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। हजारीबाग यूथ विंग की ओर से सभी नागरिकों, युवाओं, एवं समाजसेवियों से इस रक्तदान महायज्ञ में सहभागी बनने की अपील की जाती है। आपका एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए नया जीवन बन सकता है। रक्तदान करने वाले समस्त रक्तदाताओं को संस्था के द्वारा सम्मानित किया जायेगा, रक्तदान शिविर के महायज्ञ में बढ़ाया जाएगा उनका हौसला। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की 3 मार्च को आयोजित रक्तदान शिविर एक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों और जरूरतमंद मरीजों को जीवनदायिनी सहायता मिलेगी। मैं सभी नागरिकों, शिक्षकों और युवाओं से आग्रह करता हूं कि वे इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें।



---

## मनीष जायसवाल ने उठाया सांसद में झारखंड में लगातार हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार का मामला

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : देश के सर्वोच्च सदन लोकसभा में जारी बजट सत्र- 2025 के दौरान मंगलवार को लोकसभा के माध्यम से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने समस्त देश के समक्ष हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र समेत पूरे झारखंड राज्य में लगातार हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाओं को विस्तार से सदन पटल पर पुरजोर तरीके से रखा और इस ओर केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। सांसद मनीष जायसवाल ने सदन पटल पर अपनी बात रखते हुए कहा कि झारखंड राज्य में हो रहे हिंदुओं के अत्याचार के प्रति केंद्र सरकार का ध्यान दर्शाने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। अभी हाल ही में बीते सरस्वती पूजा के दौरान हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिले के सोसो कला गांव में महिलाएं और बच्चे जुलूस लेकर विसर्जन करने के लिए जा रहे थे तभी बच्चों पर पथराव किया गया जिससे एक बेटी बहुत गंभीर रूप से घायल है। इस मामले में केस तो हुआ लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई बल्कि उल्टा काउंटर केस पुलिस के तरफ से हिंदू समाज पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार साल 2022 में सरस्वती पूजा के दौरान हजारीबाग जिले के बरही के रूपेश पांडेय की हत्या कर दी है और हजारीबाग जिले के ही बड़कागांव के महुदी गांव में आजादी के बाद से एक सड़क विशेष पर रामनवमी का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जा रही है एक समुदाय विशेष द्वारा रोका जाता रहा है। यह भारत गणराज्य का सड़क है और हर सड़क पर हर व्यक्ति को आने-जाने की अनुमति है। हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल से लोकसभा अध्यक्ष ने पूछा कि आपका डिमांड क्या है तो उन्होंने स्पष्टता के साथ कहा कि मैं आपसे आग्रह करूंगा कि केंद्र सरकार ऐसे मामले पर हस्तक्षेप करें और हिंदुओं पर झारखंड में हो रहे अत्याचार



---

## एनटीपीसी बड़कागांव कार्यालय में जन सूचना केन्द्र होगा स्थापित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव** : बादम कोयला खनन परियोजना द्वारा 11 फरवरी 2025 को एनटीपीसी सीकरी कार्यालय में अपनी पहली आधिकारिक प्रेस मीट का आयोजन किया गया। इसमें बड़कागांव क्षेत्र सहित हजारीबाग जिले के अधिकांश प्रमुख पत्रकारों ने भाग लिया। बादम कोयला खनन परियोजना टीम की ओर से परियोजना प्रमुख अरुण कुमार सक्सेना ने सभी पत्रकारो का स्वागत किया। बादम परियोजना टीम द्वारा अब तक के परियोजना के विकास के बारे में जानकारी दी गई तथा साथ ही उन्होंने बताया कि शीघ्र ही एनटीपीसी बड़कागांव कार्यालय में एक जन सूचना केंद्र स्थापित किया जायेगा। इसके बाद सभी पत्रकरों से चर्चा की गई, जिसमें पत्रकारों ने जनता की चिंताओं और अपेक्षाओं के बारे में बात की। बादम टीम ने इसे नोट किया साथ ही इसकी सराहना की। स्थानीय समाज की अपेक्षाओं पर काफी चर्चा के बाद प्रेस मीट समाप्त हुई। परियोजना प्रमुख ने आश्वासन दिया कि ऐसी बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। उक्त आशय कि जानकारी एनटीपीसी के पीआरओ शुभ्रांतु सरकार ने दी।




---

## मदरसा हुसैनिया पेलावल हजारीबाग में सालाना प्रोग्राम का हुआ आयोजन

**कटकमसांडी** : मंगलवार को मदरसा हुसैनिया पेलावल हजारीबाग में सालाना प्रोग्राम हुआ जिसमें बच्चों ने तालीमें मजाहएरा पेश किया। जिसमें बच्चों ने हिंदी अंग्रेजी उर्दू अरबी सभी जुबान में तकरीरे पेश की और दो बच्चों की हिफ्जे कुरान की तकमील हुई। जिसकी अध्यक्षता जनाब मुफ्ती शोएब साहब कासमी उस्तादे हदीस जामिया रशीदुल उलूम चतरा ने की। इस प्रोग्राम में शामिल हुए लोगों को मुफ्ती यूनुस साहब ने बधाई दी और मदरसे में दीनी शिक्षा के साथ अंग्रेजी तालीम पर भी जोर दिया। मदरसा के प्रिंसिपल जनाब अब्दुल हलीम खान द्वारा यह कहा गया कि मदरसे में अब तालीम पर जोर शोर से काम किया जाएगा कि जिससे कि बच्चों को हर तरह की शिक्षा प्राप्त हो कंप्यूटर की हिंदी अंग्रेजी उर्दू अरबी सभी क्षेत्र में मदरसे के बच्चे भी अब हिस्सा लेकर आगे होंगे।

---

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्मक मानववाद विचारधारा के वाहक थे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि संसदीय कार्यालय झंडा चौक स्थित हजारीबाग में जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह जी की अध्यक्षता में मनाई गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर हजारीबाग भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठन कर्ता थे वें भारतीय जन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को जुगनू कूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश की एकात्मक मानववाद की विचारधारा दी। पुण्यतिथि के शुभ अवसर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य-के पी ओझा, टुन्नू गोप, हरीश श्रीवास्तव, जिला पदाधिकारी-दामोदर सिंह, रेणुका साहू, जयनारायण प्रसाद, इंद्र नारायण कुशवाहा, विवेक बरियर, विजय वर्मा, ऋषि शर्मा, शिवपाल यादव, बद्रीनाथ प्रसाद मेहता, विशेषांक, ज्योत्सना, क्षत्रिय कृष्णा, सुबोध सिंह, आशीष आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मंत्री जय नारायण प्रसाद ने दी।




---

## हजारीबाग में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का शुभारम्भ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : समाज को नशे की चपेट से मुक्त कराने और युवाओं को एक सुरक्षित भविष्य देने के उद्देश्य से हजारीबाग जिला प्रशासन और हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से एक नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त नैंसी सहाय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान सिर्फ एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज के लिए एक नई उम्मीद है, जो आने वाले समय में हजारीबाग को नशामुक्त जिला बनाने में सहायक साबित होगा। उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, उन्हें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करना और पुनर्वास केंद्रों के माध्यम से उन लोगों की मदद करना है, जो पहले से नशे के शिकार हो चुके हैं। हजारीबाग, जो अपनी ऐतिहासिक विरासत और शैक्षिक वातावरण के लिए जाना जाता है, हाल के वर्षों में नशे की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। युवाओं में नशे की लत एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुकी है, जिसके चलते अपराधों में भी बढ़ोतरी देखी गई है। इस समस्या से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के सहयोग से एक व्यापक अभियान शुरू किया है, जिसमें शिक्षा, जागरूकता, पुनर्वास और कानूनी पहलुओं को शामिल किया गया है। इस अवसर पर जिला प्रशासन और सामाजिक संगठनों से जुड़े कई महत्वपूर्ण व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें उपायुक्त महोदया, कटकमसांडी पूर्वी जिला परिषद (प्रतिनिधि) सह नशा मुक्ति संरक्षक मनीष ठाकुर, गुरुकुल कोचिंग संस्थान के संस्थापक सह नशा मुक्ति केंद्र संरक्षक जे.पी. जैन, नशा मुक्ति केंद्र संरक्षक सह शमा लाइब्रेरी ट्रस्ट के सचिव मो. मुस्तकिम उर्फ (मंडुल) प्रमुख थे। इसके अलावा हेल्पिंग इंडिया ट्रस्ट के अध्यक्ष शाहिद हुसैन, उपाध्यक्ष काशिफ अदीब, पवन कुमार सौरभ, अखिलेश कुमार पांडेय, ट्रस्ट के सचिव शाहिद रजा, समाजसेवी कामिल अख्तर, समाजसेवी मो. सैफ अली, नजरुल्लाह, उस्मान कादरी, इशाक, अख्तर हुसैन, एहतेशाम आलम, हरहद मुखिया प्रतिनिधि मो. शमशेर, मो. राजा, मो. इमरान, तजम्मुल हुसैन, मो. मेराज वारसी, प्रेम कुमार समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार रखे और इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अभियान का प्रमुख संदेश हजारीबाग को उड़ता पंजाब बनने से बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी रहा। यह संदेश सीधे तौर पर समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करेगा।



---

## फर्जी तरीके से लिया जीएसटी नम्बर, हजारों टन बेचा कोयला

**हजारीबाग** : हजारीबाग में बड़ा फ्रॉड का मामला प्रकाश में आया है. जिसमें सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान भी होने का आसार है. फर्जी कंपनी बना कर लगभग 100 करोड़ रुपए से भी अधिक का कोयला बेच डाला गया है. जिसे लेकर 54 करोड़ रुपये का जीएसटी धोखाधडी का मामला मुफस्सिल थाना में दर्ज किया गया है. बनारस जीएसटी ने भुक्तभोगी को दो करोड़ रुपए क्लेम का नोटिस भेजा है। हजारीबाग के हुटपा निवासी किसान मुकेश कुमार सिंह के साथ बड़ा फ्रॉड हुआ है. उनके दस्तावेज का दुरुपयोग कर तीन फर्जी कोयला कंपनी ने जीएसटी हासिल कर हजारों टन कोयले का हेरफेर कर 54 करोड़ का ट्रांजेक्शन किया. अब बनारस जीएसटी ने किसान को दो करोड़ रुपए क्लेम का नोटिस भेजा है। मुकेश ने कहा है कि वे गरीब हैं. बच्चों की फीस जमा करने में परेशानी होती है. नोटिस से किसान के पूरे परिवार की नींद उड़ गई है.इसे लेकर कांड संख्या 16/25 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। जांच में पता चला है कि किसान के नाम पर गणेश इंटरप्राइजेज कंपनी, शिवगंगा ट्रेडर्स और मां भद्रकाली ट्रांसपोर्ट ने कोयले का कारोबार किया है। इस मामले मे तीन - लोगों को आरोपी बनाया गया है. इसमें शिवगंगा कोल ट्रेडर्स के मालिक अरुणीमा मिश्रा, जय मां भद्रकाली ट्रांसपोर्ट एंड कोल कंपनी मालिक बीजेंद्र यादव एंव बीरेंद्र कुमार गुप्ता का नाम शामिल है. जानकारी के अनुसार फर्जी कंपनी गणेश इंटरप्राइजेज हजारो टन कोयले का जीएसटी 2022 से नवंबर 2024 तक 54 करोड़ रुपया बकाया है। मुकेश कुमार अधिक पढ़े लिखे हुए नहीं है. उन्होंने अपने मित्र का मदद लिया. मित्र नोटिस लेकर हजारीबाग के सीए से मुलाकात किये. जीएसटी कार्यालय के पदाधिकारी से भी मुलाकात किया. जब बातें खुलकर सामने आई तो उसके होश उड़ गए. जीएसटी नंबर लेने के लिए जनधन अकाउंट का डिटेल का उपयोग किया गया है. वही उसका पैन कार्ड भी इसके लिए उपयोग में लाया गया. फर्जी फोन नंबर और फर्जी ईमेल बनाकर जीएसटी नंबर लिया गया. इसके बाद से यह गोरख धंधा शुरू किया गया है. जीएसटी नंबर देने के लिए बड़कागांव के एक जमीन का ब्योरा दिया गया. जबकि भुक्तभोगी का जमीन भी बड़कागांव में नहीं है।

## एक झलक

### बाबा तिलका मांझी की आदमकद प्रतिमा का हुआ अनावरण

धनबाद : धनबाद तिलका मांझी चौक पर संथाल विद्रोह के प्रणेता प्रथम क्रांतिकारी नायक बाबा तिलका मांझी जी के आदमकद प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम मंगलवार को हुआ। जिसमें राज्य के प्रथम मुख्य मंत्री बाबूलाल मरांडी, झरिया विधायक रागिनी सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा, जिला अध्यक्ष सहित कई गणमान्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपनी भावमिनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### उदय प्रताप व दिलीप ने की बाबूलाल मरांडी से औपचारिक मुलाकात

धनबाद (रांची): मंगलवार को धनबाद विधायक राज सिन्हा, समाजसेवी उदय प्रताप सिंह व युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह ने भाजपा के पूर्व एवं प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से औपचारिक मुलाकात की तथा उन्हें पुष्प गुच्छ देकर व अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही झारखंड की वर्तमान राजनीति पर चर्चा किया गया। भाजपा को झारखंड में और मजबूत बनाने की रणनीति तय की गई। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मंडी के साथ मुलाकात में हर्ष सिंह, सरोज सिंह, शिव शंकर सिंह,सरवन राय ऋषि हेलीवाल, राजा तिवारी अजय पांडे साथ थे।

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शुरू

धनबाद/झरिया : कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 11 फरवरी मंगलवार से धनबाद जिला के परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा शुरू हुई। हालांकि परीक्षा के पहले दिन झरिया अकैडमी ,मारवाड़ी हाई स्कूल, अपग्रेड हाई स्कूल बरारी एवं हाई स्कूल भौरा,सहित जिले के कुछ केंद्रों पर इंटर एवं मैट्रिक की परीक्षा हुई। झरिया अंचल के अंचलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों का आवश्यक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वीक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों से पहचान पत्र गले में लटकने का निर्देश दिया। परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे इसलिए हर केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की नियुक्ति की गई है।

### गुजराती समाज हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट के लगाये मेले

धनबाद : गुजराती समाज हैंडीक्राफ्ट एंड हैंडलूम द्वारा आयोजित धनबाद दुबई कार्निवल ट्रेड फेयर का उद्घाटन शारदा सिंह के द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मेले में इस बार देश भर के शिल्पकार पधारे है। जिसमे मुख्य रूप से भदोही का कारपेट सहारनपुर फर्नीचर एवं दिनचर्या में उपयोग आने वाली सारी वस्तुएँ उपलब्ध है। मेले में खाने पीने का भी विशेष ध्यान रखा गया है जिसमें मुख्य रूप से झारखंड का घुसका, दिल्ली का चाट एवं मुंबई का भेलपुरी उपलब्ध है। मेला का आयोजन एम एस एम ई मंत्रालय के पी एम एस योजना के सहयोग से किया गया है। मेले के आयोजन को सफल बनाने में अजीत भकोड़िया, मुकेश गिरी, सलाहुद्दीन कमर, संतोष गुप्ता योगदान है।

### अदानी एसीसी सीमेंट प्रबंधन ने परिवहन व्यवसाय करने के कारण अपने दो कर्मचारियों को किया बर्खास्त

सिन्दरी (धनबाद): अदानी एसीसी सीमेंट वर्क्स प्रबंधन ने अपने दो स्थायी कर्मचारियों अजय पांडे और मुकेश पांडे को बर्खास्त कर दिया है। अजय पांडे सीमेंट वर्क्स में फोरमैन मेटेरियल हैंडलिंग और मुकेश पांडे फोरमैन सिविल के पद पर कार्यरत थे। इन दोनो कर्मचारियों पर आरोप है कि दोनो कर्मी अपने नाम पर ट्रक खरीदे हुए हैं और इनकी ट्रकें अदानी एसीसी सीमेंट वर्क्स में सीमेंट परिवहन का कार्य करती है। सीमेंट प्रबंधन के सूत्रों ने बताया कि दोनों कर्मचारियों के विरुद्ध परिवहन व्यवसाय करने को लेकर 05 फरवरी को लीगल इन्क्वायरी हुई थी।

### बच्चों के विदाई समारोह का आयोजन

जोड़ापोखर (धनबाद): डिगवाडीह न्यू एंजेल्स होम स्कूल में कक्षा दसवीं के बच्चों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। निदेशक मोहम्मद परवेज अख्तर ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दिये। प्राचार्य मोहम्मद आफताब आलम ने सभी बच्चों को परीक्षा के अंतिम समय में संयम रखकर सिलेबस को रिवाइज करने की सलाह देते हुए कहा जिस तरह माली एक छोटे पौधे की देखभाल अपने बच्चे की तरह करता है और उसे बढ़ाते हुए देखता है, शिक्षक भी अपने बच्चों का भरण पोषण उसी प्रकार करता है और अब उनके फलने का समय आ गया है, अब यह बच्चे अपने काबिलियत की खुशबू पूरे जाग में बिखेरने के लिए तैयार हैं।

# सावधान व सतर्क रह कर करें इंटरनेट का उपयोग : उपायुक्त




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में 'सेफ इंटरनेट डे' को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि इंटरनेट ने हमारी लाइफस्टाइल आसान बना दी है। परंतु हमें सावधान और सतर्क रहकर इंटरनेट का उपयोग करना चाहिए। शॉर्टकट से पैसे कमाने और विभिन्न तरह की लालच में पड़कर लोगों की गाढ़ी कमाई मिनटों में चली जाती है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी नए नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगने की कोशिश करते हैं। जिसमें डिजिटल अरेस्ट, अधिक रिटर्न का लालच देकर निवेश करना, विभिन्न तरह के ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म इत्यादि शामिल है। उपायुक्त ने कहा कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सुरक्षित तरीके से पैसे का ट्रांजैक्शन करें, सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चार्जिंग, सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल करने से बचें, बिना जाने समझें अनजान लोगों के साथ रकम की लेनदेन नहीं करें, अनजान नंबर से आने वाले व्हाट्सएप कॉल एवं व्हाट्सएप वीडियो कॉल तथा इंटरनेशनल कॉल को रिसीव करने से बचें, स्वयं जागरूक बने एवं अपने परिवार को भी जागरूक करें। कार्यशाला में साइबर थाना प्रभारी अक्षय कुमार राम ने कहा कि कभी भी डिजिटल अरेस्ट की बात सुनकर भयभीत नहीं होना है। पैसा इन्वेस्ट कर अधिक रिटर्न देने वालों की जाल में नहीं फंसना है।

उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लोगों की अज्ञानता का फायदा उठाकर साइबर फ्रॉड करते हैं। साइबर फ्रॉड होने से 1930 नंबर पर कॉल करके तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शीघ्र शिकायत दर्ज कराएं और ट्रांजेक्शन ब्लॉक कराएं। इसमें देरी करने से गोल्डन आवर खत्म हो जाता है। कार्यशाला के दौरान अनजान लोगों के साथ ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड या बैंक की अन्य जानकारी साझा नहीं करने, अनजान नंबरों से आने वाली लिंक पर क्लिक नहीं करने, अनजान लोगों से पेमेंट पाने के लिए कयू.आर. कोड स्कैन नहीं करने व ओटीपी या पिन साझा नहीं करने, बैंक ट्रांजैक्शन करते समय सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करने सहित आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस, सोशल मीडिया, साइबर थ्रेटस, ऑनलाइन फ्रॉड, डीप फेक, व्हाट्सएप्प सिक्योरिटी, डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य मुद्दे पर चर्चा की गई। कार्यशाला में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, साइबर थाना प्रभारी अक्षय कुमार राम, विकास कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, डीआईओ श्रीमती सुनीता तुलस्यान, सीएससी मैनेजर अंजार हुसैन सहित अन्य

## जनता दरबार में मजार पर दबंगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न क्षेत्र से आये लोगों की शिकायतें सुनी। इसमें धनबाद रेलवे स्टेशन रोड, हिल कॉलोनी स्थित मजार की देखरेख करने वाली कमेटी के सचिव ने मजार पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा करने की शिकायत की। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि उपरोक्त संपत्ति वक्फ बोर्ड की है। वक्फ बोर्ड ने इसकी देखरेख के लिए वर्ष 2017 में एक कमेटी गठित की है। कमेटी द्वारा देखभाल कर वहां विकास कार्य भी किया जा रहा है। परंतु कुछ दबंगों द्वारा कमिटी को दरकिनार कर वहां जबरन कब्जा कर मनमानी की जाती है। चरक कला से आई शहीद बी.एस.एफ. जवान की धर्मपत्नी ने अनुकंपा के आधार पर नियोजन देने का आवेदन दिया। निरसा के ग्राम पंचायत उरमा से आए व्यक्ति ने बीमारी का इलाज कराने के लिए सहायता राशि देने, मधुबनी -2 से आई महिला ने अबुआ आवास की पहली किस्त नहीं मिलने, परघाबाद सुदामडीह से आए व्यक्ति ने दबंगों द्वारा सरकारी भूमि पर जबरन कब्जा करने, बस्ताकोला से आई महिला ने पेंशन की रुकी हुई राशि जारी करने, बरवाअड्डा, लोहार बरवा से आए व्यक्तियों ने नाली निर्माण करने का आवेदन दिया।

उपायुक्त ने सभी आवेदनों का निष्पादन करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।

## अमेरिका से रोटरी इंटरनेशनल के 24 सदस्यीय टीम का आगमन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के अध्यक्ष राहुल व्यास ने बताया कि अमेरिका से रोटरी इंटरनेशनल के 24 सदस्यीय टीम का आगमन आज धनबाद में हुआ है, जिसकी अगुआई रोटरी इंटरनेशनल की पास्ट डिस्ट्रिक गवर्नर श्रीमती नैंसी बार्बी कर रही है। ये टीम अगले 2 दिनों तक धनबाद में रोटरी क्लब के विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। जैसा कि सभी को पता है कि भारत को पोलियो मुक्त बनाने में रोटरी इंटरनेशनल का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है,इसीलिए हर वर्ष रोटरी इंटरनेशनल की एन आई डी टीम भारत का दौरा करती है और पोलियो मुक्त अभियान का जायजा लेती है। इसी क्रम में ये सदस्यगण आज बाघमारा के क्षत्रु टांड़ में जा कर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई एवं वहां रोटरी क्लब ऑफ धनबाद द्वारा संचालित सेंटर का मुआयना किया। उसके उपरांत 12 फरवरी को ये दल रोटरी भवन, गोविंदपुर में रोटरी डायलिसिस सेंटर एवं सहेली सेंटर का दौरा करेंगे तथा जीनियस पब्लिक स्कूल में 10 बच्चियों स्कॉलरशिप दिया जाएगा।

इसके उपरांत ये दल जीवन ज्योति विशेष विद्यालय का दौरा करेगी एवं यहां स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के द्वारा आयोजित दिव्यागजनों हेतु निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर में हिस्सा लेंगे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल व्यास ( अध्यक्ष रोटरी क्लब ऑफ धनबाद), कणव बाली, कमल संघवी, संजय खेमका, संदीप नारंग, राजीव गोयल, संजीव ब्योत्रा, श्रीमती अनु नारंग, पार्थ सिंहा एवं रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

## बच्चों को पिलायी गयी पोलियों की दो बूंद दवा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा/कतरास (धनबाद)** : बाघमारा के छत्रुटांड़ पंचायत सचिवालय में रोटरी क्लब धनबाद के सहयोग से पहला हजार दिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब धनबाद के अध्यक्ष राहुल व्यास ने बताया कि बच्चे के गर्भ से पहला हजार दिन काफी महत्वपूर्ण होता है। इसमें बच्चा का विशेष ख्याल रखना पड़ता है और इसके लिए हमारी संस्था लोगों को जागरूक कर रही है। जिसे आज पोलियो ड्रॉप पिलाया गया। वहीं कार्यक्रम में रोटरी क्लब से जुड़े विदेशी सदस्यों ने भी भाग लिया। एलेन ब्राउन ने कहा कि स्वास्थ्य सुरक्षा और देखभाल को लेकर जागरूकता की जरूरत है। हम पूरे विश्व में इसकी आवश्यकता समझते हैं। लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर होना होगा। महिलाओं और छोटे बच्चों को इसके प्रति जागरूक किया जाता है। बेहतर स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे को लेकर बृहद कार्यक्रम चलाया जा रहा है। श्याम सुंदर हाजरा ने कहा कि पहला हजार दिन कार्यक्रम लोगों को जागरूक करने के लिए है जिसमें गर्भ में पल रहे बच्चे का जन्म के बाद कैसे देखभाल करना है इसके लिए जागरूक किया जाता है। पहला हजार दिन कार्यक्रम में छोटे बच्चों को पोलियों की दो बूंद पिलाई गई। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़चढ़ का हिस्सा लिया।

### विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक ली फाइलेरिया की गोली



**धनबाद** : मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन के लिए शुरू हुए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक गोली का सेवन क्रिया। इस क्रम में राजकीयकृत मध्य विद्यालय दुर्गा मंदिर में विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि अजय कुमार सिन्हा की देखरेख में पोषण सखी मालती टुडू तथा सुधा कुमारी ने उम्र के अनुरूप बच्चों को मध्याह्न भोजन लेने के पश्चात गोली खिलाई। विद्यार्थी स्वयं दवा लेने के लिए उत्सुक दिखे। अभियान को बेहतर तरीके से संचालित करने में प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार कर्ण, राज कुमार वर्मा, धीरज कुमार, रंभा कुमारी, सौम्या, रीमा, संचिता, सादमुनी, वीणा, बाल संसद के सदस्य अंतरा, बबनी, रोहित, गोलू आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने किया राज्यकीय माघी मेला का निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**साहिबगंज** : राज्य के आदिवासी महाकुंभ राज्यकीय माघी पूर्णिमा मेला की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से मेले का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेले की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण**

**निरीक्षण** के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने मेला प्रवेश द्वार, पार्किंग व्यवस्था, गंगा घाट पर बैराकेटिंग व्यवस्था, अस्थायी पंडाल, नियंत्रण कक्ष, मीडिया कक्ष और सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि**

**गंगा** स्नान के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए घाटों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने गंगा घाट पर तैनात गोताखोरों, पुलिस बल और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन निगरानी और बैरिकेडिंग की व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाये।

**यातायात एवं पार्किंग की विशेष व्यवस्था**

**मेले** में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पदाधिकारियों से कहा कि पार्किंग स्थलों को उचित रूप से चिह्नित किया जाए और वहां वाहनों की आवाजाही सुगम बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाये। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि पार्किंग क्षेत्र में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो और श्रद्धालु आसानी से अपने वाहनों को पार्क कर सकें।

**स्वास्थ्य एवं आपातकालीन सेवाएं रहेंगी मुस्तैद**

**मेले** के दौरान आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों ने यह निर्देश दिए कि प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में दवाइयां, एंबुलेंस और डॉक्टरों की टीम उपलब्ध रहे। साथ ही, उन्होंने मेले में संक्रामक बीमारियों को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों का अवलोकन**

राजकीय माघी मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने मंच, दर्शक दीर्घा और प्रतिभागियों की सुविधाओं का निरीक्षण किया कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**प्रशासन की अपील**

निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें।

## आईआईटी आईएसएम के पूर्व छात्र अजीत रंजन बर्धन पश्चिम बंगाल राज्य सतर्कता आयुक्त नियुक्त



**धनबाद** : इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स) आईआईटी आईएसएम को गर्व है कि इसके प्रतिष्ठित पूर्व छात्र अजीत रंजन बर्धन को पश्चिम बंगाल के सतर्कता आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। श्री बर्धन जो आईआईटी आईएसएम के पूर्व छात्र हैं, 1986 में अप्लाइड जियोलॉजी में अपनी डिग्री पूरी की और 1987 में मिनरल एक्सप्लोरेशन में एम.टेक किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के एक प्रतिष्ठित अधिकारी, उन्हें हाल ही में पश्चिम बंगाल कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इस उच्च पद पर नियुक्त किया गया है। इस पद पर उनका कार्यकाल पांच वर्षों तक रहेगा।

## सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल को किया गया सम्मानित




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स संस्था के द्वारा धनबाद मेमको मोड़ स्थित मिलानो होटल में रक्तदान शिविर सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ज़िले के वैसे समाज प्रेमियों, संस्थाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने समाज के प्रति निःस्वार्थ सेवा का प्रदर्शन किया है। जरूरतमंद, असहाय, पीड़ित लोगों की मदद कर उनका सहारा बनने का कार्य किया हैं। इसी क्रम में पूरे झारखंड प्रदेश में अपनी जन कल्याणकारी कार्यो के आधार पर अपनी पहचान बनाने वाली सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल को सम्मानित किया गया यह सम्मान संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान को बुके, सर्टिफिकेट, मोमेंटो एवं पौधा देकर किया गया। श्री चौहान ने कहा यह सम्मान हमारी संस्था के हर उस सदस्य को जाता हैं जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से समाजहित में कार्य किया हैं और जनसेवा को प्राथमिकता दी हैं। साथ ही ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के तमाम सदस्यों एवं संस्था के संस्थापक गौतम मंडल को इस सम्मान के लिए धन्यवाद करता हूं हम सभी आगे भी यूंही सामाजिक कार्य करते रहेंगे। रक्तदान शिविर में कुल 107 यूनिट रक्तदान किया गया। मौके पर धीरज सिंह, सोनू कुमार, मृत्युंजय मंडल, रोहित कुमार, संतोष चौहान एवं अन्य उपस्थित थे।

## ट्रांजिट शाखा के प्रधान लिपिक के निधन पर शोक सभा का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : समाहरणालय के पारनयन (ट्रांजिट) शाखा के प्रधान लिपिक स्वर्गीय कृष्णेंदु चौधरी के निधन पर मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। साथ ही ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। स्वर्गीय कृष्णेंदु चौधरी पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। ईलाज के दौरान 9 फरवरी 2025 को सीएमसी वेल्लोर में उनका आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीय कृष्णेंदु चौधरी को श्रद्धांजलि देते हुए उपायुक्त ने कहा कि वह एक कर्मठ, अनुशासन प्रिय एवं व्यवहार कुशल प्रधान लिपिक थे। सभी पदाधिकारी एवं सहकर्मियों के साथ उनका संबंध बहुत ही अच्छा था। शोक सभा में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री पीयूष सिन्हा, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, एनडीसी दीपक कुमार दुबे, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, रविन्द्र कुमार ठाकुर, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक के अलावा सभी कार्यालय के प्रधान लिपिक व कर्मचारी उपस्थित थे।

## हर्ल सिन्दरी ने 100 दिन यक्ष्मा कैंपेनिंग के तहत लगाया शिविर

**सिंदरी (धनबाद)** : हर्ल सिंदरी के द्वारा 100 दिन यक्ष्मा कैम्पेनिंग के तहत शिविर लगाया गया। जिसमें हर्ल के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं मजदूर उपस्थित हुए जिसमें 50 मजदूर का टीवी स्क्रीनिंग किया गया। साथ ही शपथ लिया गया कि अपने जीवन काल में क्षय रोग समाप्त करने, टीवी को स्वयं एवं अपने परिवार अपने सहकर्मी और पड़ोसी को बचाने लोगों को खांसने के तरीका का पालन करने के लिए प्रेरित करने तथा अपने गांव, प्रखंड, अपने जिला अपने राज्य एवं अपने देश को टीवी मुक्त बनाने की शपथ दिलाया गया जिसमें डब्ल्यूएचओ डाक्टर बी. सुदर्शन, डाउट प्लस सुपरवाइजर सह चेयरमैन भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी कौशलेंद्र कुमार सिंह, एस टी एल एस नौशाद आलम, टी वी एच वी तनवीर आलम तथा हर्ल के प्लांट मैनेजर सुरेश प्रमाणिक, चिकित्सक डॉक्टर जयेश प्रसाद समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

## कोयलांचल शाखा के तीन दिवसीय नि:शुल्क दिव्यांग शिविर का समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : मायुम धनबाद कोयलांचल शाखा, धनबाद ने अपने दो दिवसीय द्वितीय निःशुल्क दिव्यांग शिविर श्री श्री भगवती जागरण कमिटी शक्तिमंदिर धनबाद के संयुक्त तत्वाधान में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समितिह्व के सहयोग से पंजीकरण के हिसाब से दिव्यंगों की भीड़ एवं जरुरत को देखते हुए शाखा ने शिविर को लगातार तीसरे दिन भी जारी रखने का निर्णय लिया, जिसके तहत 9, 10 एवं 11 फरवरी 2025 को शक्ति मंदिर जोड़ाफाटक, धनबाद में शिविर लगाया गया। जिसमें दूर-दूर से आये दिव्यंगों को हाथ, पैर, कैलीपर्स, कान की मशीन, बैशाखी, व्हीलचेयर, इत्यादि पुर्णतः निःशुल्क बांटा गया। इस शिविर का उद्घाटन 9 फरवरी 2025 को मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्र अध्यक्ष सुरेन्द्र भट्टर, अरुण गुप्ता, अजय तायल, विकाश पटवारी, धनबाद कोयलांचल शाखा अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, शक्ति मंदिर कमिटी अध्यक्ष एस पी सौंधी व अन्य सभी अतिथियों द्वारा कर लाभार्थियों को सुरेन्द्र भट्टर व अन्य अतिथियों के हांथो व्हीलचेयर, वैशाखी, कान की मशीने बटवाई गयी और साथ ही हाथ पैर के दिव्यांगों को उनके हाथ-पैर की नापी लेकर उन्हें 10 एवं 11 फरवरी को लगाया गया। शिविर में कुल 177 दिव्यंगों (जिसमे से 9 फरवरी को 67, 10 फरवरी को 102 एवं 11 फरवरी को 8 दिव्यांगों) को सेवा दी गयी। शिविर को सफल बनाने हेतु मायुम राष्ट्र अध्यक्ष सुरेन्द्र भट्टर, झारखण्ड प्रान्त अध्यक्ष अरुण गुप्ता, महामंत्री सार्थक अग्रवाल, उपाध्यक्ष अजय तायल, सहायक मंत्री विकास पटवारी, प्रांतीय संयोजक सुभाष लिखमानिया, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीन गोयल, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष ललित अग्रवाल, विवेक लिल्हा, धनबाद कोयलांचल शाखा अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक शुभम मित्तल, अंकित कथूरिया, उपाध्यक्ष शिव शंकर चौधरी अधिवक्ता, संजय अग्रवाल,सचिव सुनीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राधा कथूरिया व अन्य मंच सदस्य, शक्ति मंदिर कमिटी अध्यक्ष एस पी सौंधी, अरुण कुमार भंडारी, सुरेन्द्र पाल अरोड़ा व अन्य सदस्य, श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सदस्य प्रभाष कुमार अग्रवाल, रितेश पटवारी व अन्य सभी सहयोगीगण एवं समाजबंधूगण उपस्थित रहें।

# चोरी की गयी दो बाइक समेत स्कूटी को पुलिस ने किया जब्त, दो गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : भूली ओपी प्रांगण में मंगलवार को भूली ओपी प्रभारी अभिनव कुमार के द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर वाहन चेकिंग का आदेश प्राप्त हुआ था, उक्त आदेश के आलोक में संध्या गस्ती पदाधिकारी विजय कुमार राय को वाहन चेकिंग का आदेश दिया गया। गश्ती दल पदाधिकारी द्वारा आदेश के आलोक में वेरीकेटिंग का इस्तेमाल करते हुए भूली मोड़ स्थित वाहन जांच की जा रही थी तभी सोमवार की शाम करीब 7:00 बजे झारखंड मोड़ के पास पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान दो बाइक सवार भगाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान गश्ती दल द्वारा पीछा कर मोटरसाइकिल सवार को झारखंड मोड़ के पास दौड़कर पकड़ लिया। जिसके बाद दोनों बाइक सवार युवकों से बाइक संबंधित पूछताछ की गई, पूछताछ में बाइक सवार युवकों ने बताया कि गाड़ी हमारे दोस्त की है। संदेह होने पर दोनों बाइकों को पुलिस ओपी लाया गया। ओपी प्रभारी श्री कुमार द्वारा बताया कि आपी परिसर में दोनों युवकों से कड़ाई से पूछताछ में फरीद खान द्वारा बताया गया कि हम दोनों ने मेंमको मोड़ के समीप उक्त बाइक को करीब डेढ़ महीने पूर्व चोरी किए थे जिसका नंबर प्लेट हटाकर अपने निजी काम में उपयोग करते थे। साथ ही दोनों अभियुक्तो ने बताया कि दो और मोटरसाइकिल एक महीना पहले सरायढेला से एक ग्लैमर मोटरसाइकिल तथा एक महीना पहले पंढरपाला काली मंदिर से पास से एक स्कूटी भी चोरी किए थे। पुलिस ने कुल दो बाइक समेत एक स्कूटी को जप्त कर लिया है। अभियुक्तों की निशानदेही पर दोनों वाहनों को जप्त किया गया। फिलहाल दोनों अभियुक्त को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## फायरिंग मामले में पुलिस ने किया मामला दर्ज, पिस्तौल बरामद



**धनसार (धनबाद)** : धनसार थाना क्षेत्र हल्दी पट्टी में दो गुटों के बीच मारपीट व फायरिंग मामले मे धनसार पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर हल्दी पट्टी स्थित एक स्कूल के समीप छुपाए गए पिस्टल बरामद कर लिया है। पिस्टल चमका रहे आकाश को भी पुलिस ने जेल भेज दिया है। एक पक्ष के सुशीला देवी का आरोप है कि छोटू ओझा, राजु यादव, सूरज कुमार यादव, विपिन यादव व कुंदन यादव मेरे घर पर आए और मेरे घर में घूसकर मारपीट करने लगे। छोटू ओझा ने पिस्टल निकालकर फायरिंग कर दी। इसी बीच राजू यादव ने मेरी छोटी बेटी के साथ दुर्व्यवहार किया। दूसरे पक्ष के पिंकी कुमारी का आरोप है कि आकाश साव, विकास साव, नितिश व राहुल साव मेरे घर के पास आए और हमलोगों के साथ मारपीट की। इसी बीच आकाश ने पिस्टल चमकाने लगा। सोमवार को अवैध धंधे मे वर्चस्व को लेकर आकाश साव और छोटू ओझा के बीच मारपीट हुई थी। इस दौरान फायरिंग भी हुई थी। जहां धनसार पुलिस ने पिस्टल चमकाने वाले आकाश को हिरासत में लिया था। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ फायरिंग करने की शिकायत धनसार थाना मे की थी। इस घटना के बाद मंगलवार को धनसार पुलिस व सीआईएसएफ ने चांदमारी रोड में छापेमारी कर तीस टन कोयला बरामद किया है।सभी कोयला हाइवा से उतारकर सड़क किनारे जमा करके रखा था। इस छापेमारी से कोयला चोरों के बीच हड़कंप मच गई।जब्त कोयला को पुलिस ने बस्ताकोला प्रबंधन को सौंप दिया है।

## सम्पादकीय.....

# बेअसर रहा दुष्प्रचार

**दिल्ली** विधानसभा चुनाव के नतीजों ने न सिर्फ भविष्य की राजनीति की दिशा को स्पष्ट किया, बल्कि कुछ अहम मुद्दों पर जनता की राय को भी उजागर किया। एक प्रमुख संदेश यह है कि संविधान को लेकर भाजपा पर आरोप लगाने और उसे बदलने या अनदेखा करने का दुष्प्रचार अब असरदार नहीं रह गया है। इस नैरेटिव का उद्देश्य दलित-पिछड़ों को भाजपा से दूर रखना था, लेकिन नतीजों से स्पष्ट है कि कांग्रेस इसमें असफल रही। आरक्षित सीटों के परिणामों में भी महत्वपूर्ण संकेत छिपे हैं। दिल्ली की 12 आरक्षित सीटों में से आठ पर आम आदमी पार्टी और चार पर भाजपा ने जीत दर्ज की। यह दिखाता है कि दलित समाज में कांग्रेस का श्संविधान का रक्षकश् होने का दावा प्रभावी नहीं हुआ। राहुल गांधी ने बार-बार संविधान की प्रति लहराकर इसे मोदी सरकार के खिलाफ एक बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश की, लेकिन यह रणनीति मतदाताओं को प्रभावित करने में विफल रही। दिल्ली में मुस्लिम प्रभाव वाली करीब एक दर्जन सीटों पर भी रोचक बदलाव देखने को मिला। जंगपुरा में मनीष सिसोदिया की हार से साफ है कि मुस्लिम बहुल सीटों पर आप की पकड़ पहले जैसी नहीं रही। भाजपा ने मुस्तफाबाद और करावल नगर में जीत दर्ज कर यह दिखाया कि मुस्लिम मतदाता भी उसके प्रति नरम हो रहे हैं। हालांकि, अधिकांश मुस्लिम मतदाता अब भी आप के साथ रहे। कांग्रेस के लिए यह चुनाव एक और झटका साबित हुआ। उसे महज 6.48% वोट मिले, जो पिछले चुनाव की तुलना में थोड़ा बेहतर था, लेकिन सीटों के लिहाज से फिर भी शून्य पर ही अटकी रही। हालांकि, कांग्रेस के आक्रामक प्रचार ने केजरीवाल विरोधी माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अलका लांबा के बयान को इसी संदर्भ में देखा जा सकता है, जिसमें उन्होंने कहा कि 'दिल्ली में उनका नुकसान हुआ है, जिन्होंने दिल्ली का नुकसान किया।' केजरीवाल का वह बयान, जिसमें उन्होंने मोदी को हराने के लिए उनके श्दूसरा जन्मश् लेने की चुनौती दी थी, अब बेमानी हो गया है। तीन बार से देश की सत्ता में काबिज मोदी को दिल्ली में इस बार बड़ी सफलता मिली। दिलचस्प यह है कि इस जीत में कांग्रेस की अप्रत्यक्ष भूमिका भी रही। हालांकि, यह इतिहास में दर्ज होगा या नहीं, कहना मुश्किल है। 'संविधान खतरे में है' वाला नैरेटिव इस चुनाव में नहीं चला, लेकिन कांग्रेस शायद ही इस मुद्दे को छोड़ने वाली है। राहुल गांधी का रुख दशार्ता है कि वह अपनी रणनीति से हटने वाले नहीं, चाहे परिणाम कुछ भी हों। दिलचस्प यह भी है कि केजरीवाल ने कुछ समय पहले सभी मुख्य विपक्षी दलों से कांग्रेस के विरोध में खड़े होने की बात कही थी। अब उनकी पार्टी की हार से गठबंधन की एकजुटता पर और असर पड़ेगा। पहले से ही कमजोर विपक्षी गठबंधन में, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी और शरद पवार जैसे नेताओं ने कांग्रेस की जगह आप को तरजीह दी थी। अब, जब आप खुद मुश्किल में है, तो यह इंडी गठबंधन और बिखर सकता है। आम आदमी पार्टी की हार असम गण परिषद् की याद दिलाती है, जो 1985 में आंदोलन से उभरी थी, लेकिन महज दो कार्यकाल के भीतर अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष करने लगी। वहां आंतरिक कलह के कारण पार्टी कमजोर हो गई थी। आम आदमी पार्टी के लिए भी यह खतरा मंडरा रहा है, खासकर पंजाब में। वहां के आप नेता यह सवाल उठा सकते हैं कि आखिर वे ऐसे नेता के नेतृत्व में क्यों रहें, जो अपनी सीट और सरकार, दोनों नहीं बचा सका। अब देखना होगा कि आम आदमी पार्टी असम गण परिषद् की तरह हाशिए पर चली जाती है या फिर कोई नई राह तलाशती है। संभावना यह भी है कि पार्टी के भीतर केजरीवाल के नेतृत्व को चुनौती दी जाए, खासकर पंजाब में, जहां केजरीवाल की पकड़ दिल्ली जितनी मजबूत नहीं है।


## ● किसने क्या कहा



भारत शिक्षा, शोध, स्वास्थ्य सेवा व यूनानी पद्धति में औषधियों के निर्माण में दुनिया में अग्रणी

**द्रौपदी मुर्मू**
राष्ट्रपति

एआई का इस्तेमाल कर म्यूल अकाउंट्स की पहचान की योजना बना रही सरकार



**अमित शाह**
गृहमंत्री

# राजनीति में युवाओं की भागीदारी की आवश्यकता

विशेष | **डॉ. सत्यवान सौरभ**

> **अगर** राजनीतिक दल युवाओं को राजनीति में शामिल करने के बारे में गंभीर हैं तो उन्हें कई तरह के कदम उठाने होंगे। पहला कदम सरकार द्वारा युवा मानदंड में बदलाव करना होगा। आज 34-35 वर्ष की आयु के लोगों को भी युवा माना जाता है। इस मानदंड को कम करने की आवश्यकता होगी। अपने संगठनात्मक ढांचे में, पार्टियों को युवाओं के लिए अधिक जगह बनाने की आवश्यकता होगी। आमतौर पर यह देखा गया है कि वयस्कता के करीब पहुंचने वाले नेता प्रमुख राजनीतिक दलों की युवा इकाइयों की बागडोर भी संभालते हैं। अपने छात्र संगठनों के लिए, राजनीतिक दलों को अधिकतम आयु प्रतिबंध भी स्थापित करने की आवश्यकता होगी। बेहतर होगा कि तीस वर्ष से अधिक आयु वालों को इससे बाहर रखा जाए।

**राजनीति** में युवाओं की भागीदारी न केवल एक लक्ष्य है, बल्कि यह समावेशी और प्रगतिशील लोकतंत्र के लिए एक आवश्यक शर्त भी है। हालाँकि, बहुत कम युवा लोग राजनीति में भाग लेना जारी रखते हैं और उनकी आवाज को अक्सर स्थापित सत्ता संरचनाओं द्वारा दबा दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में बिना राजनीतिक अनुभव वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में प्रवेश करने के लिए आमंत्रित करने का प्रस्ताव विकेंद्रीकरण, समावेशिता और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी मोड़ का प्रतिनिधित्व करता है। ज्ञान के भंडार वाले अनुभवी नेताओं ने पारंपरिक रूप से भारतीय राजनीति में एक प्रमुख स्थान रखा है। वे अक्सर पारंपरिक ढाँचों के भीतर काम करते हैं, जो समकालीन मुद्दों को संभालने के लिए तैयार नहीं हो सकते हैं, इस तथ्य के बावजूद कि उनका ज्ञान अमूल्य है। युवा नेता रचनात्मक समाधान, तकनीकी जानकारी और समकालीन शासन मॉडल का योगदान देकर गतिशील और डेटा-संचालित नीति निर्माण की सुविधा प्रदान करते हैं।

एक स्थायी भविष्य की गारंटी के लिए, युवा नेता हरित कानूनों, नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं और जलवायु अनुकूलन रणनीतियों को बढ़ावा दे सकते हैं। युवा-संचालित शासन में उद्यमिता, कौशल विकास और उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा को प्राथमिकता देकर बेरोजगारी और अल्परोजगार को सम्बोधित करने की क्षमता है। युवाओं की भागीदारी के माध्यम से, भारत पारदर्शी और प्रभावी शासन प्राप्त करने के लिए ब्लॉकचेन, स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का बेहतर उपयोग कर सकता है। नागरिक भागीदारी के लिए सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म का उपयोग करके, युवा लोग जवाबदेही में सुधार कर सकते हैं, लोकतांत्रिक मूल्यों को पुनर्जीवित कर सकते हैं और राजनीतिक भ्रष्टाचार को कम कर सकते हैं। युवा जो राजनीतिक रूप से जागरूक और सक्रिय हैं, वे गारंटी देते हैं कि लोकतंत्र जीवित रहेगा और लोगों की मांगों के प्रति उत्तरदायी रहेगा। भारतीय राजनीति में पारंपरिक रूप से वंशवादी परिवारों का वर्चस्व रहा है, जिससे योग्यता-आधारित और जमीनी स्तर के नेतृत्व के लिए बहुत कम जगह बची है। परिवार या पैसे के समर्थन के बिना, कई युवा उम्मीदवारों को राजनीतिक मंच प्राप्त करना मुश्किल लगता है। युवाओं में अक्सर राजनीतिक प्रशासन, नीति विश्लेषण और शासन में औपचारिक प्रशिक्षण की कमी होती है, भले ही उनमें उच्च स्तर का उत्साह हो। वर्तमान राजनीतिक दलों द्वारा दी जाने वाली सलाह की कमी युवा नेताओं को खुद की रक्षा करने के लिए मजबूर करती है। चूँकि कार्यालय चलाने के लिए महत्त्वपूर्ण वित्तीय निवेश की आवश्यकता होती है, इसलिए पहली पीढ़ी के राजनेताओं के लिए अधिक अनुभवी नेताओं के साथ प्रतिस्पर्धा करना चुनौतीपूर्ण होता है। राजनीति के अपराधीकरण के साथ-साथ पैसा और शारीरिक शक्ति अक्सर शिक्षित युवाओं को सार्वजनिक सेवा में करियर बनाने से रोकती है। प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए, कई राजनीतिक दल युवा नेताओं को निर्णय लेने की शक्ति दिए बिना शामिल करते हैं। इस सतही समावेशन के परिणामस्वरूप युवा राजनेताओं को शासन संरचनाओं में अधिक प्रभाव या परिवर्तन नहीं दिया जाता है।

युवा नेताओं द्वारा समान आर्थिक विकास, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा का समर्थन करने वाली नीतियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बेरोजगारी, जातिगत भेदभाव और लैंगिक समानता जैसे सामाजिक मुद्दों के लिए प्रगतिशील नीतियों और जमीनी स्तर पर भागीदारी की आवश्यकता होती है। संधारणीय कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा पहल और पर्यावरण के अनुकूल शहरी नियोजन सभी को युवा नेतृत्व द्वारा आगे बढ़ाया जा सकता है। ग्रीन इंडिया और क्लीन इंडिया (स्वच्छ भारत) जैसी पहलों के लिए अधिक मजबूत युवा-संचालित कार्यान्वयन योजनाओं की आवश्यकता होती है। आने वाली पीढ़ी को उन्नत कौशल प्रदान करने के लिए डिजिटल इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया और स्किल इंडिया जैसे कार्यक्रमों का विस्तार करना आवश्यक है। दुनिया में भारत का नेतृत्व जैव प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में इसके निवेश पर बहुत अधिक निर्भर करेगा। लोकतंत्र के पतन को रोकने के लिए, युवा सक्रियता और नागरिक जुड़ाव को खुले, जवाबदेह और लोगों पर केंद्रित शासन की गारंटी देनी चाहिए। सहभागी शासन मॉडल और सूचना के अधिकार (आरटीआइ) कानून को मजबूत करके लोकतंत्र को गहरा किया जा सकता है।

राजनीतिक दलों द्वारा उम्मीदवारों का चयन उनकी दूरदर्शिता, योग्यता और नेतृत्व की क्षमता के आधार पर किया जाना चाहिए, जिसमें पक्षपात पर योग्यता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। युवा नेताओं को उनके पारिवारिक सम्बंधों के बजाय उनके प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ने में सक्षम बनाने के लिए पार्टियों के भीतर आंतरिक लोकतंत्र को मजबूत करना आवश्यक है। मेंटरशिप कार्यक्रम स्थापित करके शासन, नीति निर्माण और विधायी प्रक्रियाओं में युवा राजनेताओं को औपचारिक रूप से सलाह दें।

# जाति नहीं, कर्म ही महान : संत रविदास की युगांतरकारी वाणी

गौरतलब | **प्रो. आरके जैन**

> संत रविदास का जीवन त्याग, तपस्या और लोककल्याण की अद्भुत मिसाल है। वे कबीर, तुलसी, सूर और मीरा जैसे महान संतों की श्रेणी में उच्च स्थान रखते हैं। उनकी अमृतमयी वाणी ने समाज को नई दिशा दी और जन-जन को प्रेम, भक्ति और मानवता का संदेश दिया। उनकी रचनाएँ आज भी लोगों को सत्य, समरसता और ईश्वर-भक्ति की राह दिखाती हैं।

**संत** रविदास जयंती मात्र एक तिथि नहीं, यह सामाजिक न्याय, आध्यात्मिक जागरण और मानवीय मूल्यों के पुनर्जन्म का अद्वितीय अवसर है। यह दिवस उस महान संत के जीवन और विचारों को स्मरण कर, उनके प्रज्वलित मार्ग पर चलने की अपूर्व प्रेरणा प्रदान करता है, जिन्होंने अपने ओजस्वी वचनों से जातिगत भेदभाव और संकीर्णता के गहन अंधकार को चीर कर, समता और सहिष्णुता का उज्ज्वल प्रकाश व्याप्त किया। संत रविदास भारतीय संत परंपरा के एक अमूल्य रत्न थे, जिनकी वाणी में भक्ति की मधुरता और समाज सुधार की तीव्रता एक साथ संगमित होती थी। उन्होंने अपने ज्ञान और साधना के द्वारा मनुष्यता को उसके वास्तविक स्वरूप से परिचित कराया, सिद्ध किया कि मनुष्य का खरा मूल्य उसके जन्म में नहीं, बल्कि उसके कर्म और आचरण में निहित होता है। वाराणसी की पुण्यभूमि पर जन्मे इस महापुरुष ने यह सिद्ध कर दिया कि मनुष्य की पहचान उसके कर्म और आचरण से होती है, न कि उसकी जाति या जन्म से। जातिगत कुरीतियों से मुक्त समाज के स्वप्न को साकार करने के लिए, भारतीय समाज के दिव्य पुरुष और अप्रतिम समाज सुधारक संत शिरोमणि रविदास ने अपने दोहों और भजनों के माध्यम से समाज को जागृत किया। उनकी अमर वाणी - 'प्रभु जी तुम चंदन हम पानी, जाकी अंग-अंग बास समानी' प्रेम और समर्पण का अपूर्व संदेश देती है। वे आध्यात्मिक चेतना के शिखर पर स्थित थे, जहाँ से समता, करुणा और सहिष्णुता की अविरल धारा प्रवाहित होती थी। उनके शब्दों में ऐसी शक्ति थी कि वे कठोरतम हृदय को भी मोम की तरह मुलायम बना देते थे। वे सामाजिक बंधनों के विरुद्ध निरंतर संघर्षरत रहे और समाज को समानता का दिव्य संदेश प्रदान किया। भक्ति आंदोलन के इस महान प्रवर्तक ने निर्गुण भक्ति के माध्यम से समाज में प्रेम और आध्यात्मिक जागृति की नदी बहाई। वे उस विचार के अटल समर्थक थे कि ईश्वर मंदिरों या मूर्तियों में नहीं, बल्कि प्रत्येक जीव के हृदय में व्याप्त है। उनकी वाणी सामाजिक समानता और आत्म-ज्ञान का प्रकाश फैलाती है। उन्होंने 'बेगमपुरा' की दिव्य कल्पना प्रस्तुत की- एक ऐसा स्वर्ग जहाँ भेदभाव, पीड़ा और हीनता का नामोनिशान नहीं। यह केवल एक स्वप्न नहीं, बल्कि समतामूलक समाज की एक पवित्र संकल्पना थी, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार प्राप्त हो और किसी को भी जन्म के आधार पर हेय दृष्टि से न देखा जाए।

## आज का इतिहास

- वास्को द गामा भारत की दूसरी यात्रा के लिए 1502 में अपने जहाज में लिस्बन से रवाना हुआ।
- इंग्लैंड में राजद्रोह के आरोप में जेन जेन ग्रे को 1544 में मौत की सजा दी गई।
- नीदरलैंड के नये गवर्नर आस्ट्रिया के डान जान ने 1577 में गृहयुद्ध समाप्त करने का आदेश जारी किया।
- विलियम और मेरी 1689 में इंग्लैंड के राजा तथा रानी घोषित किये गए।
- नादिरशाह 1736 में फ्रांस का शासक बना।
- कैरेबियाई द्वीप मार्टिनिक पर ब्रिटेन की नौसेना ने 1762 में कब्जा किया।
- गुस्टाव तृतीय को 12 फरवरी, 1771 में स्वीडेन के राजा बने।
- दक्षिण अमेरिकी देश चिली को 1818 में स्पेन से स्वतंत्रता मिली।
- जर्मन ईस्ट अफ़्रीका कम्पनी का 1885 में गठन हुआ।
- 1912 में चीन में मंचु वंश ने गद्दी छोड़ दी।
- 1922 में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन वापस लेने की घोषणा की।
- कम्युनिस्ट पार्टी पर उत्तरी यूरोप के बाल्टिक देश इस्टोनिया ने 1925 में प्रतिबंध लगाया।
- गांधी जी ने 1928 में बारदोली में सत्याग्रह की घोषणा की।
- जर्मनी की सेना ने 1938 में ऑस्ट्रिया में प्रवेश किया।
- 1946 की में 14 लोग कलकत्ता दंगों में मारे गए।
- मिस्त्र के मशहूर संघर्षकर्ता और इखवानुल मुसलमीन संगठन के संस्थापक हसन-अल-बत्रा को 12 फरवरी साल 1948 में ब्रिटेन और तत्कालीन मिस्त्री नरेश मलिक फारूक ने षडयंत्र रच कर शहीद करवा दिया था।
- सूडान के बारे में मिस्र और ब्रिटेन के बीच 1953 में समझौता हुआ।
- मास्को में नोबेल पुरस्कार विजेता सोवियत संघ के अलेक्जेंडर सोल्जेनित्शिन को 1974 में गिरफ़्तार किया गया।
- भारत ने 12 फरवरी, 1975 को खुद को चेचक मुक्त राष्ट्र घोषित किया था।

## अंकजाल - 7817

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 31 | 16 | 23 | ■ | 21 | 17 | 14 | 15 | ■ |
| 16 | | 3 | | ■ | | 5 | | 4 | 18 |
| 18 | 9 | | 7 | ■ | 5 | | 7 | | 25 |
| 17 | | 2 | | ■ | | 4 | | 6 | 15 |
| 28 | 7 | | 3 | | 2 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 5 | | 2 | | 7 | 26 |
| 22 | 8 | | 2 | | ■ | | 2 | | 13 |
| 20 | | 3 | | 7 | ■ | 8 | | 5 | 21 |
| 24 | 8 | | 4 | | ■ | | 7 | | 18 |
| ■ | 22 | 18 | 10 | 28 | ■ | 24 | 22 | 20 | ■ |

*अंकजाल 7816 का हल*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 25 | 20 | 24 | ■ | 28 | 16 | 16 | 11 | ■ |
| 16 | 7 | 3 | 6 | ■ | 4 | 5 | 5 | 4 | 18 |
| 18 | 9 | 2 | 7 | ■ | 5 | 8 | 7 | 5 | 25 |
| 13 | 3 | 8 | 2 | ■ | 7 | 3 | 4 | 2 | 16 |
| 32 | 6 | 7 | 9 | 3 | 7 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 2 | 5 | 2 | 5 | 7 | 21 |
| 22 | 8 | 9 | 2 | 3 | ■ | 5 | 6 | 2 | 13 |
| 18 | 5 | 6 | 3 | 4 | ■ | 7 | 8 | 8 | 23 |
| 23 | 5 | 8 | 6 | 4 | ■ | 6 | 8 | 7 | 21 |
| ■ | 18 | 23 | 11 | 16 | ■ | 20 | 27 | 24 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दुखी चित के लक्षण हैं उत्सव

**दुनिया** में दो ही तरह के लोग हैं- एक वे जो अपने को नया करने का राज खोज लेते हैं, और एक वे जो अपने को पुराना बनाए रखते हैं और चीजों को नया करने में लगे रहते हैं। भौतिकवादी और आध्यात्मवादी में एक ही फर्क है। आध्यात्मवादी रोज अपने को नया करने की चिंता में संलग्न है। क्योंकि उसका कहना यह है कि अगर मैं नया हो गया तो इस जगत में मेरे लिए कुछ भी पुराना न रह जाएगा। क्योंकि जब मैं ही नया हो गया तो पुराने का स्मरण करने वाला भी न बचा, पुराने को देखने वाला भी न बचा, हर चीज नई हो जाएगी। और भौतिकवादी कहता है कि चीजें नई करो, क्योंकि स्वयं के नए होने का तो कोई उपाय नहीं है।

## सुविचार

बुद्धिमान व्यक्तियों को सलाह की आवश्यकता नहीं होती, मूर्ख लोग इसे स्वीकार नहीं करते हैं

**बेंजामिन फ्रैंकलिन**

अवसर सूर्य उदय की तरह होते हैं, यदि आप ज्यादा देर प्रतीक्षा करेंगे, तो आप उन्हें गवा देंगे

**अज्ञात**

# प्रयागराज में इस बार का कुंभ क्यों कहा जा रहा है महाकुंभ

गौरतलब | **डॉ. उमेश प्रताप वत्स**

> **मेले** परिसर में देश के महानतम संत भी आये हुए हैं जिनके दर्शन अति दुर्लभ है। कथावाचक, अखाड़ों के संयोजक अपने-अपने पंडाल में श्रद्धालुओं के लिए धाराप्रवाह आध्यात्मिक कथाओं का प्रसाद सतत रूप से जारी है। दूसरी ओर संत सिपाही महंत योगी आदित्यनाथ जी ने करोड़ो-करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए जी-जान से सुविधाओं को सुचारू रूप से व्यवस्थित कर रखा है। जिस कारण यह कुंभ नि:संदेह महाकुंभ बन गया है।

**प्रयागराज** में आयोजित महाकुंभ की धूम पूरे विश्व में सिर चढ़कर बोल रही है। बारह कुंभ आयोजनों के बाद 144 वर्षों के पश्चात आने वाले महाकुंभ का महत्व वैसे ही बहुत अधिक हो जाता है तथा श्रेष्ठ प्रशासनिक व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं के चलते महाकुंभ महापर्व का महत्व उच्चतम स्तर पर दिखाई दे रहा है। संगम स्थल पर श्रेष्ठतम चिकित्सीय व्यवस्था, ठहरने व रात्रि निवास की व्यवस्था एवं भोजन के साथ-साथ यातायात की उच्चस्तरीय व्यवस्थाएं महाकुंभ को कभी भी विस्मृत न होने वाला स्मरणीय धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन बना रही है।

यद्यपि कुंभ मेला तो प्रत्येक बारह वर्ष के बाद चारों पावन तीर्थ स्थल हरिद्वार, प्रयागराज, नासिक व उज्जैन में आता ही है और लाखों-करोड़ों भक्त प्रत्येक कुंभ अथवा अर्ध कुंभ में परिवार सहित पावन गोता लगाते ही हैं फिर इस बार ऐसा क्या विशेष है कि तीर्थराज प्रयाग राज में यह बीसवीं एवं इक्कीसवी शताब्दी का सबसे बड़ा महाकुंभ माना जा रहा है। जहां नित नये नये रिकार्ड स्थापित हो रहे हैं। उत्तरप्रदेश सरकार का अनुमान था कि मेला समापन तक लगभग 45 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर लेंगे किंतु ताजा आंकड़ों के अनुसार माघ पूर्णिमा तक ही यह 45 करोड़ का आंकड़ा पार होने जा रहा है तथा अंतिम अमृत स्नान 26 फरवरी तक श्रद्धालुओं का यह आंकड़ा यदि 50 करोड़ के पार हो जाये तो कोई आश्चर्य नहीं है।

प्रश्न यह है कि इस बार ऐसा क्या है कि हर व्यक्ति येन केन प्रकारेण महाकुंभ में पहुंचना चाहता है। कैसे आजतक के सारे रिकॉर्ड टूट गये। भीड़ इतनी कि कई स्थानों पर तो सैंकड़ों किलोमीटर का जाम लग गया है और गाड़ियाँ चलने के स्थान पर रेंग रही हैं। यह महाकुंभ मेला जीवन में एक बार होने वाला अनुभव है, जो आध्यात्मिक शुद्धि और सांस्कृतिक विसर्जन प्रदान करता है। अतः सभी झंझावातों को समझते हुए भी हर श्रद्धालु इस श्रद्धा से सरोबार आन्नद को पूर्ण रूप से ग्रहण करना चाहता है। फिर चाहे जाम लगे या असुविधाओं का सामना करना पड़ें।

उल्लेखनीय है कि 2025 में 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी को महाशिवरात्रि तक चलने वाला तथा बारह कुंभ मेले के बाद 144 वर्षों के पश्चात आने वाला महाकुंभ धार्मिक, आध्यात्मिक, और ज्योतिषीय महत्व रखता है। भारतीय संस्कृति की अवधारणा में ही सामूहिकता निहित है। हमने प्रारंभ से ही विश्व को एक कुटुंब की तरह माना है। महाकुंभ जैसे आयोजन केवल देश को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व को अपने भीतर सहेज लेने का सामर्थ्य रखते हैं। यहाँ जो श्रद्धालु आ रहें हैं वे भारत से ही नहीं पूरे विश्व से आस्था की डुबकी लगाने आ रहे हैं। यह आयोजन नई पीढ़ी को धर्म और संस्कृति के महत्व को समझाने का एक सुनहरा अवसर है। यहां क्या मजदूर क्या किसान, बॉलीवुड के कलाकार हो या सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, कोई कर्मचारी हो या देश के राष्ट्रपति हर कोई इस पावन अवसर का लाभ उठाना चाहता है। इन सभी लोगों की अवधारणा है कि महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने से इंसान के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाकुंभ में प्रतिदिन लाखों लोग आकर धार्मिक अनुष्ठान, स्नान, और पूजा करते हैं,यहां पूजा करने से कई गुना ज्यादा पुण्य की प्राप्ति होती है। आने वाले श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक उन्नति का अनुभव होता है। जब ग्रामीण क्षेत्रों से जत्थे के जत्थे आते हैं तो यह यात्रा लोकोत्सव में बदल जाती है, जिसमें भारतीय संस्कृति के विभिन्न सांस्कृतिक रंग पूरे विश्व को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

बारह वर्षों आने वाले कुंभ मेले के आयोजन का विश्व पटल पर भी कितना महत्व है इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन अर्थात यूनेस्को ने 2017 में कुंभ मेला को 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' की सूची में शामिल कर लिया था। यहां पहुंचते ही भारत के भोले भाले लोगों को विरासत में मिली जो संस्कृति-परंपराएं हैं उनकी छटा चहूँ ओर बिखर जाती हैं। उत्तर भारत की लोक संस्कृति दक्षिण भारत के साथ, दक्षिण की पश्चिम के साथ और पश्चिम की पूर्व के साथ तथा पूर्व की उत्तर लोक-संस्कृतियों के साथ मिलकर जो अठखेलियां करने लगती है तो पहाड़ी, मैदानी, मरुस्थलीय व तटीय क्षेत्रों की संस्कृति के बहुरंगी लोकरंग में झूम उठने वाले अलग-अलग रंगों में भेद करना भूल जाते हैं और यही मिश्रित रंग भारत की वैश्विक अवधारणा वसुधैव कुटुम्बकम को ओर अधिक सुदृढ़ कर जाता है। यहां क्या भारतीय क्या विदेशी सभी संगम की पावन रेती पर नाचते-गाते हुये आन्नद में मग्न होते दिखाई देंगे। यही बात कुंभ को वैश्विक बनाती है।

वैसे तो कुंभ मेला हर तीन वर्षों के बाद चार स्थान हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज में बारी-बारी से मनाया जाता है। इस दौरान ध्यान रखा जाता है कि हर स्थान पर प्रत्येक बारह वर्षों में एक बार कुंभ मेले का आयोजन अनिवार्य रूप से हो। प्रयागराज कुंभ मेला गतिविधियों और अनुष्ठानों से भरा एक अद्भुत आयोजन है, नागा साधु और संतों से सुसज्जित ये पवित्र नगरी एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र बन जाती हैं। उनका स्वछंद रवैया एवं निडर भाव, भक्ति और अनोखी परम्पराएं उन्हें देखने के लिए श्रद्धालुओं में उत्सुकता का वातावरण निर्मित करती है। नागा साधुओं का शिवगणों वाला शृंगार, नृत्य व हाव-भाव के साथ अभिनय उन्हें शिव गण ही प्रदर्शित करता है। प्रयागराज महाकुंभ मेला आध्यात्मिकता, संस्कृति और भक्ति के मिश्रण का अनुभव करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। दुनिया भर से लोग एक साथ आते हैं और पूरा वातावरण एकता और आस्था से परिपूर्ण होता है। जो विदेशी श्रद्धालु आध्यात्मिक ज्ञान की खोज करने अथवा भारतीय संस्कृति को जानने की लालसा रखते है, उसके लिए महाकुंभ से श्रेष्ठ अवसर अन्य कोई हो ही नहीं सकता। महाकुंभ मेले में यह सब कुछ सहज प्राप्य है।

कुंभ का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। यह अनुष्ठान तप, अनुशासन और कठोर भक्ति का प्रतीक माना जाता है, जहां साधक तर्पण-समर्पण, धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त करते हैं। कुंभ मेला कल्पवास के रूप में हमें अपनी आध्यात्मिक, सामाजिक, मानसिक और शारीरिक चेतनाओं की अनुभूति करने का अवसर प्रदान कराता है। जो लोग कल्पवास करते हैं उन्हें ब्रह्म मुहुर्त में उठना चाहिए, सत्यवचन बोलना तथा ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए। प्रतिदिन तीन बार गंगा स्नान कर पिंतरों का पिण्डदान, नाम जप, सत्संग, सन्यासियों की सेवा, एक समय का भोजन करना, जमीन पर सोना आदि के साथ-साथ उन्हें किसी की निंदा नहीं करनी चाहिए, सभी जीवों के प्रति दयाभाव रखना चाहिए एवं उपवास और दान-पुण्य आदि जैसे शुभ कार्य करने चाहिए। साधक की यम-नियमों का अनुशासन करने से शरीर, मन और आत्मा शुद्धि होती है। साथ ही ईश्वर के प्रति अटूट भक्ति और समर्पण भाव बढ़ता है। ऐसी मान्यता है कि माघ मेले में तीन बार स्नान करने से दस हजार अश्वमेघ यज्ञ के बराबर पुण्य मिलता है। साथ ही इससे जाने-अनजाने में किए गए सभी पाप धुल जाते हैं और भगवान का पूर्ण आशीर्वाद प्राप्त होता है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान अमरता कलश का अमृत चार स्थानों पर गिरा था प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक। इसीलिए कुंभ मेला हरिद्वार में गंगा जी के आँचल में , उज्जैन शिप्रा नदी तट पर , नासिक गोदावरी जी के किनारे एवं प्रयागराज में गंगा-यमुना-सरस्वती के पावन संगम पर लगता हैं। प्रयागराज में गंगा, यमुना, सरस्वती के संगम होने के कारण यह सर्वाधिक पावन, महत्वपूर्ण तथा लोकप्रिय माना जाता है।

## राशिफल

**मेष** – आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेगें। पदोन्नति मिलने का योग हैं।

**तुला** – ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**वृष** – संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुन** – पुरुषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे।

**धनु** – अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**कर्क** – मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी।

**मकर** – ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**सिंह** – निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे।

**कुंभ** – हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें।

**कन्या** – कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**मीन** – मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी।


स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड):** विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### सड़क हादसे में आरईओ के सहायक अभियंता सहित 04 घायल

**लातेहार** : रांची–मेदिनीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच–39) चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकनी गांव के पास पर मंगलवार को सुबह एक भीषण सड़क हादसे में ग्रामीण कार्य विभाग (आरईओ) के सहायक अभियंता परितोष राज केरकेट्टा गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी परितोष राज केरकेट्टा अपनी स्विफ्ट डिजायर कार से पलामू स्थित कार्यालय जा रहे थे, वहीं दूसरी कार में गढ़वा से रांची जा रहे चार लोग सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गईं और सभी लोग घायल हो गये। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस बुलाकर लातेहार सदर अस्पताल भेजा। अस्पताल में डॉ. सुदामा राम की टीम ने सभी का प्राथमिक उपचार किया। सहायक अभियंता की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया गया। दूसरी कार में सवार महिला धर्म किशोरी को मामूली चोटें आयी और वह खतरे से बाहर हैं।

### दो टेम्पो की टक्कर में 06 यात्री घायल, 02 गम्भीर

**मनिका/लातेहार** : मनिका थाना क्षेत्र के लूटेरवा बर के समीप मंगलवार को दो टेंपो में टक्कर हो गयी जिसमें 6 लोग घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार टेंपो पर 6 लोग सवार थे। एक टेंपो से चार लोग सतबरवा से मनिका की ओर आ रहे थे वहीं दूसरी टेंपो पर दो लड़की सवार होकर मनिका मॉडल स्कूल जा रही थी। जैसे ही लूटेरवा बर के समीप पहुंचे एक टेंपो तेज रफ्तार में आकर ओवरटेक के चक्कर में दूसरे टेंपो को टक्कर मार दी। इसके कारण टेंपो में बैठे छह लोग घायल हो गये। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां दो लोगों की हालत गम्भीर देख कर डॉक्टर ने लातेहार रेफर कर दिया। टेंपो में बैठे थाना क्षेत्र के सतबरवा निवासी (1) दिनेश प्रसाद 52 वर्ष, (2) आनंद कुमार 30 वर्ष, (3) ललन कुमार 32 वर्ष, (4) अभिषेक कुमार 12 वर्ष, जानकारी के अनुसार यह सभी सतबरवा का रहने वाला बताया जा रहा है।

### सुरक्षित इंटरनेट दिवस कार्यशाला का आयोजन

**गुमला** : उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार जिला सूचना एवं विज्ञान विभाग द्वारा आज गुमला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को इंटरनेट के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुशील कुमार ने विद्यार्थियों को इंटरनेट के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकारी दी और साइबर अपराध, डेटा चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर बुलिंग से बचने के उपायों पर चर्चा की।

### वेतन भुगतान को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन

**साहिबगंज** : साहिबगंज प्रखंड के माध्यमिक शिक्षको ने वेतन भुगतान सच में नहीं होने को लेकर जिले के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उनके द्वारा आरोप लगाया गया कि पब्लिक उच्च विद्यालय के द्वारा उनलोगों के वेतन भुगतान को लेकर मनमानी की जा रही है। उनका कहना था कि आवंटन होने के बावजूद वेतन भुगतान नहीं किया जाता है।

## लातेहार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

# इंटरनेट हमारे जीवन का अहम हिस्सा


**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : समाहरणालय सभागार में को मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस हर साल फरवरी के दूसरे सप्ताह के मंगलवार को मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य इंटरनेट के सुरक्षित एवं जिम्मेदाराना उपयोग को लेकर जागरूकता फैलाना है, खासकर बच्चों और युवाओं के बीच। उन्होंने बताया कि



इंटरनेट एक शक्तिशाली माध्यम है, लेकिन इसके साथ साइबर अपराध, डेटा चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर बुलिंग जैसी चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। इसलिए इस दिवस के जरिए साइबर सुरक्षा, डिजिटल प्राइवेसी और इंटरनेट के सकारात्मक उपयोग को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि सोशल मीडिया और इंटरनेट हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन गए हैं, लेकिन इनके अत्यधिक उपयोग से नकारात्मक प्रभाव भी बढ़ रहे हैं। उन्होंने इंटरनेट और सोशल मीडिया के सीमित एवं सकारात्मक उपयोग की सलाह दी। इसके अलावा, उन्होंने बैंकिंग संबंधी धोखाधड़ी से बचने के लिए ओटीपी, सीवीवी, पिन, आधार और पैन कार्ड जैसी गोपनीय जानकारी साझा न करने की अपील की। साथ ही, सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी से सावधान रहने की भी सलाह दी। उन्होंने बताया कि साइबर फ्रॉड से संबंधित शिकायतों के लिए 1930 हेल्पलाइन पर कॉल किया जा सकता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर ठग भोली-भाली जनता को ठगने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। उन्होंने लोगों को अपना ओटीपी, पासवर्ड, एटीएम कार्ड नंबर या अन्य संवेदनशील जानकारी साझा न करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने बताया कि साइबर ठग परिवार के किसी सदस्य के बीमार होने या लॉटरी जीतने जैसी अफवाहें फैलाकर लोगों को धोखा देने की कोशिश करते हैं, जिससे सतर्क रहने की आवश्यकता है। कार्यशाला में उपस्थित साइबर एक्सपर्ट ने साइबर सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने सुरक्षित ब्राउज़िंग, मजबूत पासवर्ड, दो-स्तरीय सुरक्षा और फिशिंग अटैक से बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला।मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, एनआईसी के इंजीनियर, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, लातेहार स्टेशन में कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं को दी गयी विदाई



**लातेहार** : जिला मुख्यालय के स्टेशन स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य धीरजन राम ने छात्रों को आशीर्वचन दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में कठिनाईयां आएंगी, लेकिन आत्मविश्वास और मेहनत से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं देते हुए अच्छे परिणाम की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा वातावरण हर्षोल्लास से भर गया।

## दीनदयाल जी की पुण्यतिथि पर भाजपा जिला कार्यालय में मनाया गया समर्पण दिवस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर हम



उनके विचारों और योगदान को याद करते हैं। वे भारतीय जनसंघ के प्रमुख विचारक और राष्ट्रवादी चिंतक थे। उनका एकात्म मानववाद का सिद्धांत भारत की सांस्कृतिक और आर्थिक नीति के लिए एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है।वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि आज के परिवेश में भी दीनदयाल उपाध्याय के प्रमुख विचार पार्टी कार्यकताओं समाज एवं राष्ट्र के लिए प्रेरणादाई है। एकात्म मानववाद-यह विचारधारा समाजवाद और पूंजीवाद के बीच संतुलन स्थापित करती है, जिसमें व्यक्ति, समाज, और प्रकृति का समावेश होता है। उन्होंने भारतीय आर्थिक प्रणाली को स्वदेशी मॉडल पर विकसित करने पर जोर दिया। दीनदयाल जी का मानना था कि भारत को अपनी सांस्कृतिक पहचान बनाए रखते हुए विकास करना चाहिए।प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि दीनदयाल जी के अंत्योदय समाज के सबसे गरीब और पिछड़े वर्ग तक विकास की किरण पहुंचाना उनकी प्राथमिकता थी।

## पलामू में आज मनायी जायेगी संत रविदास जयंती

**ओम प्रकाश**

**मेदिनीनगर** : हमारे शहर में संत रविदास जयंती धूमधाम से मनाया जाता है। क्या कि गुरु रविदास जी एक समाज सुधारक तथा मनुष्य के शरीर में जन्में ईश्वर के अवतार थे। संतों में संत रविदास को ईश्वर का अनुयायी माना जाता है। इन्होंने अपने मन, कर्म तथा वचनों से समाज में फैले कुरीति स्वरूप जातिवाद, बड़े-छोटे का भेद को मिटाया। यह एक समाज सुधारक तथा मनुष्य के शरीर में जन्में ईश्वर के अवतार थे। यह महाकवि कबीरदास के समकालीन कवि हैं। संत रविदास ने अपनी रचनाओं, सिद्धान्तों और ज्ञान के माध्यम से विश्व में व्याप्त समाजिक बुराई का नाश किया। इसलिए विभिन्न क्षेत्रों में लोगों द्वारा रविदास जयंती का त्योहार विभिन्न



प्रकार से उन्हें आदर के साथ याद करते हुए मनाया जाता है। क्या की भारत भूमि को युगों युगों से अनेक साधु-संत पीर फकीर ने जन्म लेकर कृतार्थ किया है। जिन सब में से एक संत रविदास हैं। संत रविवास जी बेहद धार्मिक स्वभाव के थे। वे भक्तिकालीन संत और महान समाज सुधारक थे। संत रविदास जी ने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्त्तव्यों का भी बखूबी निर्वहन किया। इन्होंने लोगों को बिना भेदभाव के आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी, और इसी तरह से वे भक्ति के मार्ग पर चलकर संत रविदास कहलाए। उनके उपदेशों और शिक्षाओं से आज भी समाज को मार्गदर्शन मिलता है। भारत के मध्ययुगीन कवियों में गुरु रविदास को विशेष स्थान प्राप्त है। इन्होंने अपने वचनों के माध्यम से संसार को भेद-भाव की भावना से ऊपर उठ मानवता का बोध कराया।गुरु रविदास ने अपना जीवन समाज को यह उपदेश देने में लगा दिया, धर्म के नाम पर हिंसा करना निरर्थक फलहीन है। हम सभी ईश्वर के संतान है तथा हम सब को धर्म के नाम पर झगड़ा नहीं करना चाहिए और संत रविदास के बताए गए मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए। लाखों श्रद्धालु संत रविदास जयंती के पावन पर्व के पुण्य तिथी पर पवित्र नदियों में स्नान करते हैं।

## सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में दी गयी सुवर्ण प्राशन की दूसरी खुराक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को पुष्य योग नक्षत्र के शुभ अवसर पर दो से बारह वर्ष तक के बच्चों को सुवर्णप्राशन की खुराक दी गई, जिसे आयुर्वेद में एक विशेष संजीवनी माना जाता है। यह औषधि स्वर्ण भस्म, शहद, घी और विभिन्न जड़ी-बूटियों के मिश्रण से तैयार की जाती है, जो स्मरण शक्ति, पाचन तंत्र और संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है।इस अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता रितु रानी, पूर्व प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य ओंकार नाथ सहाय एवं गीता कुमारी, सह प्रांतीय शिशु वाटिका प्रमुख उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं श्री धन्वंतरी के चित्र पर पुष्पार्चन



से हुई। इस अवसर पर अपने संबोधन में अरुण कुमार चौधरी ने बताया कि सुवर्ण प्राशन बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है एवं एलर्जी से बचाव करता है। रितु रानी ने कहा कि यह आयुर्वेदिक प्रक्रिया बच्चों को बलशाली बनाती है तथा बुद्धि, बल, स्मरण शक्ति और पाचन तंत्र को मजबूत करती है।

## बांस कारीगरों के उत्थान के लिए नयी योजना, 'हरा सोना' से निखरेगा गुमला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से जिले के बांस कारीगरों के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए एक नई योजना शुरू की जा रही है, जिससे गुमला जिले को हरे सोने से निखारने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना का उद्देश्य कारीगरों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाना है। योजना को आकांक्षी जिला कार्यक्रम (ए डी पी) के तहत नीति आयोग के मार्गदर्शन में संचालित किया जाएगा, जिससे कारीगरों को व्यवसायिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा सके।बांस को 'हरा सोना' कहा जाता है, क्योंकि यह न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि आर्थिक विकास का भी एक महत्वपूर्ण साधन है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने न केवल कारीगरों के उत्थान पर ध्यान केंद्रित किया है, बल्कि बांस की कृषि को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया है। इस योजना के तहत जिले में बीमा बैंबू और अन्य उन्नत किस्मों के बांस का पौधारोपण किया जाएगा, जिससे स्थानीय किसानों को भी आर्थिक लाभ मिलेगा।इस पहल के अंतर्गत बांस कारीगरों को बुनियादी और उन्नत स्तर का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें डिजाइनिंग, कटाई, मशीन संचालन और आधुनिक तकनीकों का समावेश होगा। गुमला जिले में पहले से मौजूद आठ क्लस्टर फैसिलिटेशन सेंटरों (सी एफ सी) में से एक को उन्नत सुविधाओं के साथ विकसित किया जाएगा।

### बोरियो में डीडीयू-जीकेवाई युवा मोबिलाइजेशन व कौशल पंजीकरण केन्द्र का शुभारम्भ



**साहेबगंज** : बोरियो प्रखंड में आज दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत युवा मोबिलाइजेशन सह कौशल पंजीकरण केंद्र का भव्य उद्घाटन किया गया। इस केंद्र का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत 18 से 35 वर्ष के युवाओं को निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे अपने कौशल का विकास कर आत्मनिर्भर बन सकें। प्रशिक्षण पूरा करने वाले युवाओं को मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। डीडीयू-जीकेवाई केंद्र युवाओं को विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की जानकारी देकर उन्हें प्रशिक्षित होने के लिए प्रेरित करेगा।

## साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस पर नागरिकों की समस्याओं का समाधान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया गया। उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान बसिया ग्राम के निवासियों ने नाली निकासी की समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि जल निकासी नहीं होने से नाली बार-बार जाम हो जाती है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। इस पर उपायुक्त ने उप विकास



आयुक्त को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार, लक्ष्मण नगर फसिया के ग्रामीणों ने भी सड़क किनारे नाली निर्माण न होने के कारण गंदगी की समस्या रखी। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को जल्द से जल्द नाली निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कई आवेदकों ने मनरेगा योजना के तहत मुर्गी पालन, मुर्गी शेड निर्माण, एवं आर एस ई टी आई से प्रशिक्षण के लिए आवेदन समर्पित किया। इसके अलावा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए भी कई आवेदन प्राप्त हुए। गुमला निवासी सरिता देवी ने उपायुक्त को बताया कि उनके पति की मृत्यु के बाद वे आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रही हैं और बच्चों की पढ़ाई के लिए सहायता चाहती हैं।

## भगवती जागरण के साथ सम्पन्न हुआ श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का 31वां वार्षिकोत्सव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31वें वार्षिकोत्स व सोमवार की रात भगवती जागरण के साथ संपन्ना हो गया। जागरण का उदघाटन श्री वैष्णंव दुर्गा मंदिर के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम के द्वारा माता का ज्योणत प्रज्ज वलित कर किया गया। जागरूण का प्रारंभ समिति के कोषाध्य क्ष आशीष टैगोरने तूने मुझे बुलाया शेरावाली भजन से किया। इसके बाद नव दुर्गा जागरण मंडली, रांची के कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक भजन सुना कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वीटी राज ने गणेश वंदना कर अपने गायन का प्रारंभ किया। उन्हो ने बांगड़ भोला व पप्पूव पास हो गया समेंत कई भजन गा कर लोगों झूमने पर मजबूर कर दिया। स्वी टी राज ने सजा दो घर को गुलशन सा मेरे राम आये हैं भजन गा कर खुब वाह वाही लूटी। जबकि कोमल छाया ने मैया का चोला है रंग लाल और लाल लाल चुनरी है गोटेवाली समेंत कई भजन गा कर लोगों को भाव वि कर दिया।

## उच्च विद्यालय खरौंधी में 10वीं कक्षा का हुआ विदाई समारोह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खरौंधी** : खरौंधी प्रखंड स्थित उच्च विद्यालय खरौंधी में मंगलवार को 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक नंदकिशोर पाठक ने की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर एक भावनात्मक माहौल बनाया। विदाई समारोह की शुरूआत छात्रों के लिए आयोजित भोज से हुई, जिसमें उन्हें प्रेमपूर्वक भोजन कराया गया। इसके बाद कार्यक्रम में शिक्षकों ने अपने संबोधन में छात्रों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानाध्यापक नंदकिशोर पाठक ने कहा कि यह विद्यालय सरकार की उपेक्षा के बावजूद निरंतर प्रगति कर रहा है और यहां के छात्र विभिन्न ऊंचे पदों पर कार्यरत हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित



करते हुए कहा कि आगामी मैट्रिक परीक्षा में सभी विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन करें और विद्यालय के साथ-साथ अपने गांव और समाज का नाम रोशन करें। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी। छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया। समारोह के अंत में प्रधानाध्यापक ने छात्रों को विदाई संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मेहनत और ईमानदारी से किए गए प्रयास हमेशा सफलता दिलाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र उपस्थित रहे। मौके पर शिक्षक चन्द्रदेव प्रजापति, चम्पा जायसवाल, सुदामा साह, हीरालाल चंद्रवंशी, जितेंद्र कुमार, उदित कुमार साह सेवानिवृत्त शिक्षक उदय प्रताप,विपिन बिहारी मिश्रा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं पुरवर्ती छात्र मौजूद थे।

## शहर में चोरी की घटना को अंजाम देनेवाले दो आरोपी गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : शहर में अज्ञात चोरी की घटना को अंजाम देने वाले को पलामू पुलिस अनुसंधान के क्रम में दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शहर थाना को दिनांक 10 फरवरी 2025, जितेन्द्र कुमार सोनी पिता राजेन्द्र प्रसाद सोनी, सा) रांची रोड, रेड़मा शिव मंदिर के पास, थाना शहर जिला पलामू द्वारा दिनांक 10 फरवरी को इस आशय का आवेदन दिया गया कि इनके घर के पास खड़ा किया गया इनका स्यलेण्डर प्लस मोटर साईकिल संख्या-JH03AP-4920 को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। इस संबंध में शहर थाना कांड सं0 74/2025 अंकित करते हुए अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। अनुसंधान के क्रम में गुप्तचर के सूचना के आधार पर बिसफुटा पुल के पास अभियुक्त संजीत ओझा पिता चन्द्रभुषण ओझा, सा. रामपुर,



थाना कुटुम्बा, जिला औरंगाबाद (बिहार) वर्तमान हमीदगंज नियर बीएन कॉलेज के पास, थाना शहर, जिला पलामू के पास से चोरी गये मोटर साईकिल JH03AP 4920 को बरामद करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस विषयक आयोजित सेमिनार में साइबर फ्रॉड पर चर्चा

# आज के इस इंटरनेट युग में साइबर हाइजिन को प्रमुखता देना आवश्यक : डीआईओ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : आज के वर्तमान दौर में इंटरनेट बेहद ही महत्वपूर्ण विषय हो चला है। इन दिनों बगैर इंटरनेट के कई कार्य संभव ही नहीं है,ऐसे में इंटरनेट का सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग सबके हित में है। कोई भी तकनीक वरदान है या अभिशाप यह उसके उपयोग पर निर्भर करता है। इसी प्रकार इंटरनेट का उपयोग भी यदि सुरक्षित व जिम्मेदारी से किया जाये तो यह आज के समय में बहुत बड़ा वरदान है। उक्त बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने कही।वे आज समाहरणालय के सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस विषयक पर आयोजित सेमिनार में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी तकनीक अच्छी या बुरी नहीं होती, बल्कि उसको उपयोग करने के तरीके से उसकी सार्थकता सिद्ध होती है। उन्होंने



कहा कि बढ़ते इंटरनेट के उपयोग के साथ ही साइबर फ्रॉड भी उसी रफ्तार से बढ़ रहा है। इस फ्रॉड को जागरूकता के बल से ही रोका जा सकता है। उन्होंने कार्यशाला में मौजूद लोगों को फाइनेंशियल फ्रॉड, लॉटरी स्कैम, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड,केवाईसी फ्रॉड समेत अन्य प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड से कैसे बचना है इस संदर्भ में जागरुक किया। इसके अलावे उन्होंने अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने की सलाह दी साथ ही फोन में पड़े ऐसे एप्प्स जो ज्यादा इस्तेमाल में नहीं आता उन्हें डिलीट करने की बात कही।इसके पूर्व उपायुक्त,उप विकास आयुक्त, मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। विदित हो कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस हर साल फरवरी के दूसरे सप्ताह के मंगलवार को मनाया जाता है। उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सभी के बीच सुरक्षित तरीके से इंटरनेट के उपयोग के बारे में जागरूकता फैलाना है।उन्होंने कहा कि आज इंटरनेट उपयोगिता को देखते हुए उसका सही तरीके से इस्तेमाल बेहद जरूरी है। कार्यशाला में सुरक्षित तरीके से इंटरनेट के उपयोग और साइबर खतरों के बारे में सभी के बीच जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जन-जन को इंटरनेट के सही उपयोग के बारे जागरूक करने की आज बहुत आवश्यकता है। कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने कहा कि जैसे हम सभी अपने स्वास्थ्य को लेकर निजी जीवन में स्वच्छता को प्रमुखता देते हैं उसी तरह इन्टरनेट कि दुनिया में भी साइबर हमला से बचने के लिए साइबर हाइजिन को प्रमुखता देना आवश्यक है। साइबर हाइजिन का आशय यह है कि सभी लोगों को इन्टरनेट के इस्तेमाल से पूर्व अपने कंप्यूटर, लैपटॉप या मोबाइल फोन में एंटीवायरस का इस्तेमाल आवश्यक है। उन्होंने इस कार्यशाला में मौजूद जिले के सभी सुचना तकनीक से जुड़े कर्मियों को अपने-अपने कार्यस्थल पर मौजूद सभी लोगों के साथ साथ आम जनता को भी सेफ इन्टरनेट का प्रयोग करने हेतु जागरूक करने का कार्य करने की बात कही ताकि इस कार्यशाला आयोजन करने का उद्देश्य सफल हो सके।

## हाई टेंशन तार की चपेट में आने से नाबलिग की मौत

**भवनाथपुर** : केतार निवासी राकेश पाल के 16 वर्षीय पुत्र नीतीश पाल की मौत मंगलवार के सुबह विद्युत प्रवाहित हाई टेंशन तार के चपेट में आने से हो गयी। परिजनों द्वारा तत्काल उसे ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया, जहां ईलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार के सुबह नीतीश पाल अपने घर से समशेर्बुल के लोहे का पाईप निकालकर बुआ के घर पहुंचाने जा रहा था, तभी उसके घर दरवाजे के बगल से गुजरा हुआ, ग्यारह हजार वोल्ट के विद्युत प्रवाहित तार में लोहे का पाइप सटने से वह गंभीर रूप से घायल होने से उसकी मौत हो गयी।

### चिकित्सकों के ऊपर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा

**परिजनों** ने चिकित्सकों के उपर ईलाज में लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। हंगामा की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी रजनी रंजन, एसआई दिनेश कुमार सिंह, परवेज आलम एवं नारायण प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## एक झलक

### जिला प्रशासन–सीसीएल के बीच हुआ एमओयू

**बोकारो :** मंगलवार को जिला प्रशासन एवं सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के बीच 49 दिव्यांगजनों को संशोधित स्कूटर प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। यह कार्य सीसीएल के कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी गतिशीलता को बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। उक्त एमओयू पर उपायुक्त के निर्देश पर जिला प्रशासन की ओर से नोडल पदाधिकारी सीएसआर शक्ति कुमार तथा सीसीएल की और से महाप्रबंधक, सीसीएल कथारा क्षेत्र संजय कुमार ने हस्ताक्षर किया। इस परियोजना के तहत सीसीएल 63.70 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। वहीं, जिला प्रशासन इन स्कूटरों की खरीद, पंजीकरण, बीमा एवं जरूरतमंदों के बीच वितरण सुनिश्चित करेगा। इस अवसर पर सीसीएल और जिला प्रशासन के कई अधिकारी उपस्थित थे।

### ग्लोरियस पब्लिक स्कूल में दसवीं वर्ग का विदाई समारोह आयोजित

**कोडरमा :** ग्लोरियस पब्लिक स्कूल में दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर इस खास अवसर को यादगार बनाया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद, छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियां शामिल थीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए प्रेरणादायक भाषण दिया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए, और शिक्षकों ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया।

### साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन

**लातेहार :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने एक–एक कर सभी आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र समाधान हेतु निर्देशित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों की जांच कर त्वरित निष्पादन किया जाएगा।

### गैम पोर्टल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला

**गुमला :** मंगलवार को समाहरणालय सभागार में सरकारी उत्पादों और सेवाओं की खरीदारी जीईएम पोर्टल से करने को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिला योजना विभाग द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण –सह– कार्यशाला में संबंधित पदाधिकारी, कर्मी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर्स शामिल हुए। जीईएम से आए प्रतिनिधि कुणाल चौरसिया ,ने पोर्टल पर यूजर आईडी बनाने, प्रोफाइल अपडेट करने, टेंडर अपलोड करने, सीआरसी और पेमेंट अपडेट करने की प्रक्रिया विस्तार से समझायी।

## समाहरणालय सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

# इंटरनेट पर सुरक्षित रहने के दिये गये टिप्स



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम ह्यसाथ मिलकर एक बेहतर इंटरनेट के लिएह्ल पर आधारित इस कार्यक्रम में इंटरनेट सुरक्षा और जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार ने उपस्थित लोगों से इंटरनेट का सावधानी पूर्वक उपयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का उपयोग करते समय यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि साइटें प्रामाणिक हो, सलाह दी कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी को फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अनावश्यक रूप से साझा करने से बचना चाहिए। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी ने बताया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से पहले उसके डोमेन की जांच करना बेहद जरूरी है। फर्जी साइटों से बचने के लिए सतर्क रहने की आवश्यकता है। किसी भी एसएमएस के माध्यम से प्राप्त लिंक को खोलने से पहले उसकी जांच - पड़ताल कर लेनी चाहिए। इंटरनेट का उपयोग करते समय अन्य महत्वपूर्ण सावधानियां बरतने की अपील की। कहा कि इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के लिए सामूहिक प्रयास और जागरूकता अति आवश्यक है। वहीं साइबर थाना के एसआइ कृष्णा कुमार कुशवाहा ने कहा कि इंटरनेट एक शक्तिशाली माध्यम है, लेकिन इसके साथ साइबर अपराध, डेटा चोरी, ऑन - लाइन धोखाधड़ी और साइबर बुलिंग जैसी समस्याएं भी बढ़ी हैं। उन्होंने क्रमवार साइबर सुरक्षा, डिजिटल प्राइवेसी और इंटरनेट के सकारात्मक उपयोगों, कंट्री कोड को देखते हुए काल को रिसीव करने, निजी सूचना किसी के साथ शेयर नहीं करने के संबंध में बताया। वहीं, साइबर अपराध से संबंधित किसी भी शिकायत को अविलंब 1930 पर करने की बात कहीं। सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह ने सुरक्षित इंटरनेट दिवस क्यों मनाया जाता है और इसके संबंध में प्रकाश डाला। मौके पर एडीआइओ अमरेश कुमार, यूआइडी डीपीओ शैलेंद्र मिश्र, नेटवर्क इंजीनियर पल्लव घोष आदि ने जानकारी दी। कार्यशाला में कई अधिकारियों और आम नागरिकों ने भाग लिया और इंटरनेट सुरक्षा पर अपने विचार साझा किए। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के कर्मी, कंप्यूटर आपरेटर, वीलेज लेवल इंटरपेनरशिप आदि उपस्थित थे।

## वाईबीसीसी बनाम नेताजी क्रिकेट क्लब के बीच खेला जायेगा टूर्नामेंट का फाइनल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत मंगलवार को यंग बॉयज क्रिकेट क्लब बनाम माही स्पोर्ट्स येलो के बीच अंतिम सेमीफाइनल मैच खेला गया। माही स्पोर्ट्स येलो ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। यंग बॉयज क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में 8 विकेट पर 184 रन बनाया। कुश तिवारी ने 17, मणि भूषण ने 57, सुमन रमानी ने 43, श्याम रंजन ने 13, राजेश ने 11 व सतीश ने 13 रन बनाए। माही स्पोर्ट्स के गेंदबाज दीपक, सद्दाम व रवि ने 2-2 एवं रवि व अनाउल्लाह ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी माही स्पोर्ट्स येलो की टीम 34 ओवर में 168 रन बना कर ऑल आउट हो गई। अनाउल्लाह ने 30, शोएब ने 57, फेराजुल ने 21 व सद्दाम ने 20 रनों की पारी खेली। वाईबीसीसी के गेंदबाज श्याम रंजन, शत्रुघन, कुश तिवारी व रजनीश ने 2-2 व दीपक ने 1 विकेट लिए। वाईबीसीसी ने 16 रनों से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। वाईबीसीसी के खिलाड़ी मणि भूषण को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि डॉ मुकेश ने मणि भूषण को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम व प्रभाकर कुमार सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग सुजीत ने किया। मौके पर जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा, जिला क्रिकेट एसोसिएशन सचिव अंकुर सिन्हा, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा, राजीव, राकेश रोशन, आदित्य व अन्य मौजूद थे।

### सदर अस्पताल साहेबगंज में नव निर्मित प्रसव कक्ष ओटी का उद्घाटन



**साहिबगंज :** सदर अस्पताल साहेबगंज में नव निर्मित प्रसव कक्ष OT (ऑपरेशन थिएटर) का उद्घाटन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष हेमंत सती और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फिता काटकर इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया सहित स्वास्थ्य विभाग के कई चिकित्सक उपस्थित रहे। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में साफ-सफाई और प्रबंधन में लापरवाही देखने को मिली, जिससे उपायुक्त नाराज हो गए। उन्होंने संबंधित संवेदक को स्पष्टीकरण करते हुए व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कहा गया, यदि संवेदक द्वारा व्यवस्था में सुधार नहीं लाई जाती है तो संबंधित संवेदक को काली सूची में डालने का निर्देश दिया गया।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पांच दिवसीय व्याख्यान शृंखला कार्यक्रम के तीसरे दिन का सफल आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई क्यू ए सी) के तत्वावधान में पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम के तृतीय दिन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रिसोर्स पर्सन डॉ.भूपेंद्र ठाकुर, महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी, प्राचार्या डॉ मृदुला भगत, एवं सभी सहायक प्राध्यापक द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। रिसोर्स पर्सन डॉ भूपेंद्र ठाकुर, प्राचार्य, बैजनाथ प्रसाद स्नेही शिक्षक प्रशिक्षण महा विद्यालय , डोमचांच, कोडरमा द्वारा प्रकरण - दर्शनशास्त्र एवं शिक्षा के संदर्भ में गहन विचार साझा करते हुए शिक्षा एवं दर्शनशास्त्र की महता पर विशेष ध्यान आकृष्ट कराया साथ ही शिक्षा प्रणाली में दर्शनशास्त्र की प्रमुख भूमिका से अवगत कराया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षा एवं दर्शन दोनों एक ही सिक्के के पहलू हैं। रिसोर्स पर्सन डॉ भूपेंद्र ठाकुर को महाविद्यालय की उप निदेशिका ने पौधा, प्राचार्या डॉ मृदुला भगत ने स्मृति चिन्ह, सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा ने शॉल एवं सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार सिन्हा एवं चुन्नु कुमार द्वारा महाविद्यालय के वार्षिक पत्रिका भेंट कर सम्मानित किया गया।

### झामुमो का नगर सम्मेलन हुआ सम्पन्न, दीपक विश्वकर्मा सर्वसम्मति से बने नगर अध्यक्ष

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा झूमरी तिलैया का नगर सम्मेलन सोमवार को रांची पटना रोड इस्थित विवाह भवन में नगर सम्मेलन को सम्पन कराया गया। सम्मेलन में नगर प्रभारी केंद्रीय समिति सदस्य गंगा प्रशाद यादव संजय पांडेय पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा निर्मला तिवारी की देख रेख में कराया गया। अध्यक्ष पद पर जो वार्ड अध्यक्ष आए थे उन से नाम मांगा गया जिसमें वार्ड सचिव अभिषेक कुमार पाठक ने दीपक विश्वकर्मा का नाम प्रस्तावित किया जिसमें वार्ड नम्बर 22 के अध्यक्ष इकराह हुसेन ने समर्थन किया। नगर प्रभारी में दूसरा नाम को पुकारा और 3 मिनट का समय दिया गया ताकि कोई नगर अध्यक्ष पद में दूसरा दावेदारी करें लेकिम 3 मिनट तक कोई भी दावा नही किया। जिसमें सर्वसम्मति से पुनः दीपक विश्वकर्मा का नाम को मनोनीत किया गया। पर्यवेक्षक प्रमुख बिरेंदर पांडेय के द्वारा किया गया उसी तराह नगर उपपाध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी को मनोनीत किया गया जिसका प्रस्तावक वार्ड 25 के सचिव देव कुमार सिंहा ने किया, समर्थन वार्ड नम्बर 10 के वार्ड अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता ने किया। एक महिला से नगर सचिव लिया गया ताकि नगर कमिटी की महिला मोर्चा और भी मजबूत हो जिसका नाम परमजीत कौर का नाम प्रस्तावक वार्ड 14 के चंचला कुमारी ने किया।




## रोजगार मेला में 104 अभ्यर्थियों का चयन, 05 को मिला नियुक्ति पत्र



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** झरखंड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग के तत्वधान में मंगलवार को अवर प्रादेशिक नियोजनालय की ओर से एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन आईटीआई चास के परिसर में किया गया। रोजगार मेला का उद्घाटन सहायक निदेशक (नियोजन), अवर प्रादेशिक नियोजनालय, बोकारो बम बैजु द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें कुल 3848 रिक्तियों के विरुद्ध लगभग 1200 आवेदकों ने भाग लिया। रोजगार मेला में कुल 104 अभ्यर्थियों को चयन किया गया एवं कुल 538 चयन सूची में रखा गया। वहीं 05 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मौके पर सहायक निदेशक ने कहा कि इस तरह के रोजगार मेला में नियोजकों एवं अभ्यर्थियों को एक प्लेटफार्म मिलता है। बोकारो जिला एक राज्य के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है। औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न प्रकार योग्यताधारी आवेदकों की आवश्यकता होती है। युवा तकनीकी रूप से तैयार रहें ताकि स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। कहा कि जिला में आवेदकों को नियोजनालय में निबंधन करने के लिए कहा गया ताकि नियोजनालय द्वारा एसएमएस द्वारा रिक्ति,रोजगार मेला से संबंधित सूचना उपलब्ध हों सके एवं रोजगार मेला में भाग लेकर सुनहरा अवसर का लाभ उठा सकें।

### नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला, अभियुक्त ने किया आत्मसमर्पण



**कोडरमा :** मंगलवार को कोडरमा थाना क्षेत्र में एक नाबालिक लड़की के अपहरण होने की सूचना प्राप्त हुई। अपहत नाबालिक लड़की के पिता के द्वारा दिये गये लिखित आवेदन पर कोडरमा थाना में कांड संख्या-21/25 दिनांक-10.02.2025, धारा- 96/3 (5) बीएनएस दर्ज कर चार (04) नामजद अभियक्तों सरिता देवी, गुलाब दास, शिवम कुमार एवं राजन कुमार के विरूद्ध कांड दर्ज किया गया। सूचना के सत्यापन एवं नाबालिक लड़की की बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक, कोडरमा द्वारा पु०नि०-सह-प्रभारी अरविंद कुमार, कोडरमा थाना के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। कांड के अपहत लड़की की बरामदगी एवं अभियक्त के गिरफ्तारी के लिए गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लगातार छापेमारी की जाने लगी।

# साहेबगंज में सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाया गया, साइबर सुरक्षा पर जोर




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**साहिबगंज :** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार साहेबगंज समाहरणालय सभागार में 'सुरक्षित इंटरनेट दिवस ' मनाया गया। इस वर्ष का थीम "Together for a Better Internet" था, जिसके तहत बच्चों, महिलाओं और युवाओं के बीच इंटरनेट के सुरक्षित एवं जागरूक उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

**साइबर सुरक्षा और डिजिटल जागरूकता पर फोकस**

**इस अवसर** पर जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन किया। इसका मुख्य उद्देश्य इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ उत्पन्न साइबर खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना था, ताकि वे डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित और लाभकारी उपयोग कर सकें। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार और परियोजना पदाधिकारी यूआईडी संदीप कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने इंटरनेट से जुड़े विभिन्न खतरों जैसे फिशिंग, साइबर ठगी, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, ऑनलाइन बुलिंग और डिजिटल फ्रॉड से बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी।

**विद्यार्थियों और नागरिकों के लिए जागरूकता सत्र**

**कार्यक्रम** में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थियों, सरकारी कर्मचारियों, आम नागरिकों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। साइबर विशेषज्ञों ने उन्हें बताया कि किस प्रकार सशक्त पासवर्ड का उपयोग, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, संदिग्ध लिंक और मैसेज से बचाव, डेटा गोपनीयता बनाए रखना आदि उपायों से वे साइबर हमलों से सुरक्षित रह सकते हैं। जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार ने कहा, डिजिटल युग में इंटरनेट का उपयोग अनिवार्य हो गया है, लेकिन इसके साथ खतरे भी बढ़े हैं। हमें अपनी डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी और सतर्क रहना होगा। उन्होंने Cyber Dost ऐप, हेल्पलाइन नंबर 1930 और अन्य सरकारी साइबर सुरक्षा पहल के बारे में भी जानकारी दी।

**मेकॉन लिमिटेड**
(भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम)
मुख्यालय: डोरंडा, रांची - 834002;
फोन: 0651-2483000
सीआईएन नं.: U74140JH1973GOI001199

**रोजगार अधिसूचना**

मेकॉन लिमिटेड को नियमित वेतनमान में विभिन्न पदों के लिए अनुभवी मानव संसाधन पेशेवरों की आवश्यकता है (विज्ञापन संख्या 11.73.4.3/2025/Reg/01 दिनांक 08/01/2025)।

अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.meconlimited.co.in के लिंक "careers" पर जाएँ।

नोट: इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/ संशोधन हमारी वेबसाइट www.meconlimited.co.in के "careers" में अपलोड किया जाएगा।
CBC 40110/12/0003/2425

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–अनुप कुमार, उम्र– 26 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई– 5 फीट, पहनावा–लाल, सफेद, काला रंग का धारिदार स्वेटर के साथ टी शर्ट एवं नीला रंग का जींस एवं सफेद रंग का जूता पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति अनुप कुमार, उम्र–26 वर्ष, पिता–दिपक राम, सा0–इमली पो0–किशुनपुर, थाना–पाटन, जिला–पलामू, जो दिनांक–11.12.2024 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में डेलीमार्केट सनहा संख्या–11/2025 दिनांक–13.01.2025 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली, राँची। – 9431770077
थाना प्रभारी डेलीमार्केट, राँची। – 9431706153

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 346322 Police (24-25)_D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–संजय कुमार, उम्र–35 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट 9 ईंच पहनावा–काला रंग का टी शर्ट एवं ब्राउन रंग का पैंट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति संजय कुमार, उम्र–35 वर्ष, पिता–हरिनंन्दन राय, सा0–हैदर अली रोड, कोकर, थाना–सदर, जिला–राँची जो दिनांक–13.11.2024 से लापता है जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में सदर सनहा संख्या–15/2024 दिनांक–18.11.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सदर, राँची। –9431102090
थाना प्रभारी सदर, राँची। –9431706160

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 346318 Police(24-25)#D

**शपथ पत्र**

मैं अनिल कुमार (Anil Kumar), पिता श्रीचन्द प्रसाद (Shrichand Prasad), उम्र लगभग 47 वर्ष, धर्म-हिन्दू, राष्ट्रीयता भारतीय, पेशा गृहस्थी, निवासी साकिन- 1087 चित्रगुप्त नगर, वार्ड नं.-23. झुमरी तिलैया नगद पर्षद, पोस्ट झुमरी तिलैया, थाना-तिलैया, जिला-कोडरमा, राज्य-झारखण्ड, शपथ पूर्वक ब्यान करता हूं कि -
1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित स्थान का स्थायी निवासी हूं तथा मेरा आधार कार्ड संख्या- 8420 3937 6476 है।
2. यह कि अंकिता पटेल मेरी पुत्री है जिसका जन्म तिथि 20/05/2012 है। अंकिता पटेल अभी सेक्रेड हार्ट स्कूल, झुमरी तिलैया में कक्षा छः की छात्रा है। उसका वर्ग क्रमाक 6357 है, उसकी उम्र अभी लगभग 12 साल 6 माहिना है। इसकी जन्म तिथि 20/05/2012 है।
3. यह कि अंकिता पटेल की माँ का नाम पुष्पलता कुमारी है। एवं उसका आधार कार्ड संख्या-9308 6540 1642 है।
4. यह कि अंकिता पटेल के आधार कार्ड संख्या-2455 8288 6771 में भूलवश उसका पुकारू नाम पिहु पटेल अंकित हो गया है जो गलत है और जन्म तिथि 20/05/2012 अंकित है जो बिल्कुल सही है।
5. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपनी पुत्री अंकिता पटेल के आधार कार्ड संख्या- 2455 8288 6771 में उसका पुकारू नाम पिहू पटेल से सुधारकर उसके विद्यालय नामांकण पंजी के अनुसार अंकिता पटेल (ANKITA PATEL) करने के लिए बना रहा हूं। इसलिए आधार कार्ड में नाम संसोधित किया जाय। मैं इसके सभी नियमो का पालन करने के लिए तैयार हूं।
6. यह कि जुक्त विवरण सत्य वो सही है, गलत पाये जाने पर इसकी सारी जवाबदेही मेरी होगी।

**सत्यापन**

मैं, अनिल कुमार (Anil Kumar), सत्यापित करता हूं कि उपरोक्त वर्णित सारी बातें मेरी जानकारी वो विश्वास में सत्य एवं सही है, जिसे पढ़ कर तथा सही लिखा पाकर आज दिनांक 07/02/2025 को कोडरमा में अपना हस्ताक्षर बनाया।
दिनांक : 07.02.2025
पत्रांक : 07

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

**-: आम सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चुरचू प्रखण्ड अन्तर्गत चरही बाजार से चुंगी वसूली हेतु बन्दोबस्ती वर्ष 2025–26 के लिए दिनांक 25/02/2025 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, हजारीबाग के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा की जायगी। नियम एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 346261 District(24-25).D

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त सिल्ली थाना काण्ड सं0–04/2022,दिनांक–14–01–2022 धारा–366 भा0द0वि0,परिवर्तित धारा–366/ 302/201 /34 भा0द0वि0 प्राथमिक अभियुक्त अरूण मुण्डा, पे0–स्व0 जोगेन्द्र मुण्डा, ग्राम–हुवांगहातु, थाना–नामकुम, जिला–राँची का द0प्र0सं0 की धारा–82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इस्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of M. Tandan J.M XVIII, Ranchi**
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OFA PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]
सिल्ली थाना काण्ड सं0-04/2022
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.) process 82 crpc

1. नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
अरूण मुण्डा, पे0–स्व0 जोगेन्द्र मुण्डा, ग्राम–हुवांगहातु, थाना–नामकुम, जिला–राँची
2. किया है या करने का उस पर शुवहा है। — जो व–मुजिब दफा — मजमूअए तावीरात हिन्द
के सजा के लायक है — (2) सिल्ली थाना काण्ड सं0-14-01-2022 दनिांक-04/2022
3. नाम अरूण मुण्डा, पे0–स्व0 जोगेन्द्र मुण्डा, ग्राम–हुवांगहातु, थाना–नामकुम, जिला–राँची
और व–तामील वारन्ट गिरफतारी जो बाद अर्जा जारी
हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि (3) **वर्तमान थाना–सिल्ली, जिला–राँची**
जब
4. फरार हुआ है या रूपोश है
ताके वारन्ट मजकुर उसपर — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया
जरी न हो सके।
गया है कि (3) — जब
5. मोकाम। ग्राम–हुवांगहातु, थाना–नामकुम, जिला–राँची फरार मजकुर इसलिए
बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि
धारा-366 भा0द0वि0, परिवर्तित धारा–366/302/201/34 भा0द0वि0
मजकुर साकिन — ब–मोकाम(5)
6. इस अदालतव रूबरू मेरे। — अ–हजुर(6)
**ब–तारीख 09** — **माह 10.2024** — **नालिश–मजकुर**
करे जवाब देही के लिए हाजिर हो
**आज तारीख 13 माह 09** — **सन् 2024**
**Sd. M. Tandan J.M XVIII, Ranchi**

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्राथमिक अभियुक्त अरूण मुण्डा, कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय/**M. Tandan J.M XVIII, Ranchi** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें

पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली राँची –9431770066
थाना प्रभारी, सिल्ली, राँची। –9431706153

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 346300 (Police)24-25*D

## एक झलक

### चलती इंटरसिटी एक्सप्रेस की चेयर कार कोच में उठा धुंआ, मची भगदड़

**पटना :** बिहार के समस्तीपुर जिले में जयनगर से दानापुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस की चेयर कार कोच से अचानक धुआं उठने लगा। धुंआ देख यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। जैसे ही लोको पायलट को पता चला तो उसने ट्रेन रोक दी। ट्रेन के रुकते ही घबराए यात्री बाहर कूदने लगे, जिससे कई यात्रियों को मामूली चोट आयीं। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत धुंए पर काबू पा लिया। इसके बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली और ट्रेन को रवाना किया गया। हाजीपुर मंडल के सीपीआरओ सरस्वतीचंद ने बताया कि घटना मंगलवार को सुबह करीब नौ बजे की है। जयनगर से दानापुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस की चेयर कार बोगी से पूसा रोड और दुबहा स्टेशन के बीच ब्रेक शू में आग लगने से धुआं निकलने लगा।

### नेत्रदान करके अमर हो गये डॉक्टर ओ पी साहा : ए के गुप्ता

**पूर्णिया :** नेत्रदान महादान एक ऐसा दान है जो मरने के बाद भी लोगों को जीवन दे जाते हैं ।इस बात को सार्थक करने के लिए दधीचि देह दान समिति लगातार लोगों को अंगदान के प्रति अभियान चलाकर जागरूकता कर रहा है। इसी कड़ी में इससे प्रभावित होकर अब तक पूर्णिया में आठ लोगों का मरणो उपरांत नेत्र दान सफलता पूर्वक कराया गया,जिसमें पूर्णिया के प्रसिद्ध चिकित्सक नीलम नर्सिंग होम के संस्थापक तथा कई सामाजिक संगठनों के संचालक रह चुके डॉक्टर ओमप्रकाश साह का मरणो उपरांत आंखें दान करायी गई। पूर्णिया के इतिहास में पहली बार किसी डॉक्टर ने अपने अंगदान किए हैं, जिसे पूर्णिया के लोग सदैव याद रखेंगे और लोगों के बीच प्रेरणा का उदाहरण बनेंगे। उनके सम्मान में पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद बाबू ने स्वयं पूर्णिया पहुंचकर उनके परिवार को सम्मानित करने की सहमति दी हैं, जिसमें उसकी पत्नी नीलम देवी , पुत्र इंजीनियर प्रसून पंकज , डॉ प्रिंस पंकज ,पुत्रवधू डॉक्टर शिपिका एवं उनके परिवार जनों का विशेष सहयोग रहा।

### पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा का असामयिक निधन

**गढ़वा :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोकसंतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में जिला प्रशासन उनके परिवार के साथ है। उपायुक्त जमुआर ने कहा कि गढ़वा के वरिष्ठ और समर्पित पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा का असामयिक निधन अत्यंत दु:खद और हृदयविदारक है।

# भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनायी



एजेंसी

**फारबिसगंज :** भारतीय जनता पार्टी अररिया जिला कार्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय का पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा के अध्यक्षता में मनाया गयी। जिलाध्यक्ष ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में भाजपा बिहार प्रदेश के मंत्री स्वदेश यादव, अररिया जिला के पूर्व अध्यक्ष संतोष सुराणा, जिला के महामंत्री प्रताप नारायण मंडल एवं कृष्ण कुमार सेनानी जिला के उपाध्यक्ष सुधीर भगत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। उक्त पुष्पांजलि कार्यक्रम के बाद आगामी 24 फरवरी को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और साथ में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भागलपुर आगमन पर अररिया जिला के कार्यकर्ताओं की अधिक से अधिक भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश के मंत्री स्वदेश यादव ने विस्तार से चर्चा की गयी। उन्होंने बताया कि आगामी 14 फरवरी को भागलपुर में अररिया जिला के जिला के अध्यक्ष महामंत्री मंडल के अध्यक्ष महामंत्री कोर कमेटी के सदस्य विधायक पूर्व विधायक विधान पार्षद पूर्व विधान परिषद सांसद एवं प्रदेश के पदाधिकारी को उक्त बैठक में भाग लेने के लिए स समय पहुंचना जरूरी है।

## पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि



**अररिया :** फारबिसगंज भाजपा नगर अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद मिंटू की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को रेणु पुस्तकालय परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया ।मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विद्यासागर केशरी उर्फ मंचन केशरी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुई कहा कि पंडित दीनदयाल मां भारती के सच्चे सपूत थे। वे एक व्यक्ति मात्र नहीं, बल्कि मानवतावादी विचार की प्रतिमूर्ति थे। उनके विचार और चितन के बल पर ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। नगर अध्यक्ष मिंटू गुप्ता ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के संघर्षमय जीवन को प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी, एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता, भाजपा कार्यकताओं के पथ प्रदर्शक पंडित दीनदयाल की विचारधारा को अपनाते हुए भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना ।नगर के निवर्तमान अध्यक्ष रजत कुमार सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल महामानव थे, जिनमें अद्भुत संगठन क्षमता थी और विचारों की गहराई भी थी। मौके पर विधायक के अलावा भाजपा नेता मनोज झा सहित दर्जनों भाजपा कार्यकताओं मौजूद थे ।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**पटना :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने पटना के राजेंद्र नगर पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, नंद किशोर यादव सहित कई अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे। मौके पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की उपब्धियों पर भाजपा नेताओं ने चर्चा की। वही कांग्रेस नेता तारिक अनवर के एक्स (पूर्व में ट्विटर) पोस्ट को लेकर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने उन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और महागठबंधन की असलियत अब सबके सामने आ रही है और उनकी पोल खुल रही है। तारिक अनवर ने सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी से बिहार बजट को लेकर बड़ा बयान दिया था। बिहार में आगामी बजट को लेकर उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने बजट में बिहार को कई सौगातें दी हैं, अब बारी राज्य के बजट की है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बिहार के विकास के लिए व्यापक योजनाएं लाई जाएंगी। कांग्रेस पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस को अपनी राजनीतिक रणनीति को स्पष्ट करने की जरूरत है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**कटिहार :** भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया। यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज राय की अध्यक्षता में वार्ड नं. 06 के बूथ संख्या 68 पर हुआ। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक प्रमुख भारतीय विचारक, अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री, इतिहासकार और पत्रकार थे। उन्होंने राष्ट्र स्वयंसेवक संघ के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी विचारधारा एकात्म मानववाद पर आधारित थी । जो भारतीय संस्कृति और सनातन विचारधारा को बढ़ावा देने पर केंद्रित थी। मौके पर विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण ठाकुर, जिला महामंत्री रामनाथ पांडे सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर पीएम के भागलपुर आगमन पर भागीदारी को लेकर चर्चा

**अररिया :** अररिया भाजपा जिला कार्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मंगलवार को मनाया गया ।जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि देने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 14 फरवरी को भागलपुर आगमन में जिले से भागीदारी पर चर्चा की गई। मौके पर भाजपा के प्रदेश मंत्री स्वदेश यादव,पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष सुराना,महामंत्री प्रताप नारायण



मंडल, कृष्ण कुमार सेनानी,सुधीर भगत, नवीन यादव,अररिया नगर अध्यक्ष संजय अकेला,नीरज झा,अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष गंगा ऋषिदेव, प्रदीप पासवान, संजीव कुमार पासवान, जयप्रकाश गुप्ता के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय का बहुआयामी व्यक्तित्व हमें सदैव प्रेरित करेगा : विधायक

**पूर्णिया :** पूर्णिया नगर के मधुबनी मेहता टोला में समर्पण दिवस पर भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिकों के साथ विधायक विजय खेमका ने भारतीय जनसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया । इस अवसर पर विधायक ने कहा एकात्म मानवदर्शन एवं अंत्योदय का मार्ग प्रशस्त करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों का



भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास की और अग्रसर है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के शाश्वत विचारों पर आधारित एकात्म मानवदर्शन की प्रासंगिकता सदैव रहेगी और उनका बहुआयामी व्यक्तित्व व कृतित्व हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा । पूर्णिया नगर अंतर्गत जनता चौक, कॉलेज रोड, विद्यापति नगर, मधुबनी कॉलनी, राजेंद्र नगर शिक्षा कॉलनी, सिपाही टोला स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ विधायक खेमका ने जन सम्पर्क किया । तथा स्थानीय समस्या के शीघ्र समाधान हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया।

## दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि मनायी गयी



**भागलपुर :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को अंत्योदय के प्रणेता और एकात्म मानववाद के प्रवर्तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा भागलपुर के द्वारा गौशाला प्रांगण में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिला अध्यक्ष संतोष कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को याद करते हुए बताया कि वे भारतीय जनसंघ के सह-संस्थापक होने के साथ-साथ एक कुशल संगठनकर्ता थे।

# जन सुराज के जिले के एकल पदाधिकारियों की बैठक में संगठन की मजबूती पर बल

एजेंसी

**नवादा :** जिला मुख्यालय नवादा स्थित होटल लक्ष्मी पैलेस में जन सुराज की नवादा जिला इकाई के एकल पदाधिकारियों की पहली बैठक मंगलवार को जिलाध्यक्ष रणजीत कुमार उर्फ चुन्नू सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विशेष रूप से जिला में संगठन की मजबूती और विस्तार पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक का संचालन पार्टी के मुख्य जिला प्रवक्ता गुलाम मुस्तफा उर्फ महताब आलम ने किया। इस बैठक में जिला स्तरीय एकल पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया था। बैठक



जन सुराज मुंगेर के ज़िला प्रभारी प्रणव कुमार के संरक्षण में हुई। इसी दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान नवादा में रहने के बावजूद नवादा जिला जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उमेश सिंह चंद्रवंशी न सिर्फ इस बैठक में उपस्थित रहे बल्कि उन्होंने सुराज की सदस्यता भी ग्रहण की। बैठक में विशेष रूप से जिला में जन सुराज के कामकाज को कैसे मजबूत किया जाए, इस पर विचार हुआ। विभिन्न पदाधिकारियों ने अपने-अपने वक्तव्य में इससे सम्बंधित बातें और सुझाव रखे।

### प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**भागलपुर :** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को भागलपुर आ रहे हैं। इसको लेकर भागलपुर के जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी, भागलपुर नगर निगम के महापौर डॉक्टर वसुंधरा लाल, नगर आयुक्त डॉ प्रीति सहित विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने मंगलवार को सफाई को लेकर अभियान चलाया। इस दौरान सभी पदाधिकारी अपने हाथों में झाड़ू लेकर सड़क पर उतरे और सड़क की साफ सफाई की। जिलाधिकारी ने स्वच्छता अभियान की शुरूआत की है और आम लोगों के साथ जनप्रतिनिधियों को इस मुहिम में शामिल होने की अपील की है ताकि शहर स्वच्छ और लोग स्वच्छता को अपना कर स्वस्थ वातावरण में सांस ले सकें।

# एसएफसी के मजदूरों ने आठ सूत्री मांगों को लेकर जिला प्रबंधक कार्यालय के सामने किया धरना प्रदर्शन

एजेंसी

**अररिया :** अररिया के कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर स्थित बिहार राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक कार्यालय के सामने एसएफसी के मजदूरों ने अपने आठ सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को एकदिवसीय धरना दिया ।इंटक के जिलाध्यक्ष उमेश पासवान की अध्यक्षता में सैकड़ों मजदूरों ने फूड एंड एलाइड वर्कर्स यूनियन के बैनरतले धरना प्रदर्शन किया ।प्रदर्शन करने वालों में लोडिंग और अनलोडिंग करने वाले मजदूर शामिल थे।धरना प्रदर्शन उपरांत मजदूरों का एक शिष्टमंडल जिला प्रबंधक से मुलाकात कर अपने मांगों के समर्थन में एक मांग पत्र भी जिला



प्रबंधक को सौंपा। धरना की अध्यक्षता कर रहे उमेश पासवान ने बताया कि एक तरफ महंगाई बढ़ रही है,वहीं दूसरी ओर उनलोगों की मजदूरी प्रति बोरा 11.64 रुपैया से घटाकर 4.55 रुपैया कर दिया गया है ।आठ सूत्री मांगों को लेकर बताया कि उनलोगों की मांग श्रम संसाधन विभाग की न्यूनतम मजदूरी की अधिसूचना लागू करने,न्यू तम मजदूरी दर प्रति बोरा 11.64 रुपैया करने,एसएफसी द्वारा लागू नया दर 4.55 रुपैया को वापस लेने,मजदूरों को ईपीएफ और ईएसआई का लाभ देने,गोदाम पर शुद्ध पेयजल और शौचालय की व्यवस्था करने,मजदूरों के लिए शेड का निर्माण करने, बकाया मजदूरी का भुगतान करना आदि है।

## दुबियाखांड़ में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुम्भ मेला शुरू

# एकजुट रहेंगे, तो आगे बढ़ेंगे : राधाकृष्ण किशोर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मेदिनीनगर :** वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा है कि समाज के हर वर्ग आगे बढ़ें। आर्थिक रूप से कमजोर आदिवासी, अल्पसंख्यक समाज का भी उत्थान हो। इसके लिए सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासी समाज की साक्षरता दर 52% है, जो राष्ट्रीय औसत से नीचे है। ऐसे में शिक्षा सभी के लिए आवश्यक है। शिक्षित होने से आदिवासियों के बच्चे विधानसभा एवं लोकसभा के सदस्य बनेंगे। इससे गर्व की अनुभूति होगी। उन्होंने हर वर्ग-समुदाय की शिक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एकजुट रहेंगे, तो आगे बढ़ेंगे। मंत्री पलामू के दुबियाखांड़ में आयोजित दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुम्भ मेला के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। राजकीय आदिवासी विकास महाकुम्भ मेला पलामू जिला प्रशासन व मेला आयोजन समिति के समन्वय से प्रतिवर्ष 11 एवं 12 फरवरी को आयोजित होता है। मेले में लगाये गये विभिन्न विभागों के स्टॉल के माध्यम से परिसम्पत्तियों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से यह मेला पलामू प्रमंडल स्तर का होगा। इसमें तीनों जिले पलामू, लातेहार व गढ़वा जिले के आदिवासी समाज भाग लेंगे, इसके लिए सरकार के स्तर पर तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की अपनी संस्कृति है। इसे बचा कर रखने की आवश्यकता है। आदिवासियों की आत्मा नदियों के किनारे बसती है। मांदर की थाप पर बसती है। प्रकृति में बसती है। आदिवासी समाज प्रकृति की धरोहर हैं। यह समाज आगे बढे, तो पूरा समाज समृद्धशाली बन सकेगा। आदिवासी समाज प्रकृति/वशुंधरा का खजाना है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से सम्पन्न व्यक्ति भी आदिवासी संस्कृति, रहन-सहन से जुड़ रहे हैं।



## शिक्षा से समाज में आती है जागरूकता : चमरा लिंडा

**अनुसूचित जनजाति**, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री ने चमरा लिंडा ने कहा कि समाज की बेहतरी व उत्थान के लिए शिक्षा आवश्यक है। विकास के लिए समाज को एकजुट रहना भी महत्त्वपूर्ण है। शिक्षा से समाज में जागरूकता आती है और विकसित समाज का सपना साकार होता है। सरकार आदिवासियों सहित समाज के हर वर्ग के उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है। राजा मेदिनीराय ने विकसित समाज निर्माण का कार्य किया। एकजुटता पर बल दिया। आदिवासी समाज भी एकजुटता में कमी नहीं आने दे। एकता व दृढ़ता के साथ रहने से अधिकार खुद मिल जायेगा। समाज को आगे बढ़ाने की सोच रखनी होगी। उन्होंने कहा कि कलचर आदिवासियों की पहचान है। उन्हें यह विरासत में मिली है। इसे और आगे बढ़ायें। उन्होंने मेदिनीराय की यादें एवं उनकी संस्कृति को वापस लाने की दिशा में कार्य करने की बातें कहीं। उन्होंने सरकार की मंईयां सम्मान योजना के बारे में कहा कि इस योजना की राशि से महिलाओं को अपने बच्चों को शिक्षित करने में मदद मिल रही है। सरकार की यह महत्त्वाकांक्षी योजना निरन्तर जारी रहेगी। उन्होंने बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया।

## मेला को भव्यता प्रदान करें : रामचंद्र सिंह

**मनिका** विधायक रामचंद्र सिंह ने मेला को और भव्यता प्रदान करने की बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मेला राज्य स्तर पर हो, और इसके माध्यम से और अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाये।

## चेरो राजवंश की याद दिलाता है मेला : केएन त्रिपाठी

**पूर्व मंत्री** केएन त्रिपाठी ने कहा कि दो दशकों से लगातार मेला का आयोजन होता है, जो चेरो राजवंश की याद दिलाता है। राजा मेदिनीराय की याद में आयोजित इस मेले में सरकार के विभागों के स्टॉल लगाये जाते हैं। योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जाता है। मेला के माध्यम से योजना के बारे में जानकारी मिलती है। यहां मंईयां सम्मान योजना संचालित है, जिसे दूसरे राज्य भी अपना रहे हैं। उन्होंने जल संग्रहण की दिशा में ध्यान आकृष्ट कराया। कहा कि पानी जो बह कर दूसरे राज्यों में चला जाता है, उसे संग्रहण करने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है।

## पारम्परिक वेश में नृत्य ने मोहा मन

**सरना** समाज पलामू की ओर से पारंपरिक वेश में स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही पारम्परिक परिधान में पुरुष एवं महिलाओं ने गीत-संगीत प्रस्तुत किये। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में नगर आयुक्त जावेद हुसैन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीना आदि उपस्थित थे। मेला को सफल बनाने में जिला कल्याण-सह-जिला खेल पदाधिकारी सेवा राम साहु, नजारत उप समाहर्ता विक्रम आनन्द, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी एवं राजकीय आदिवासी विकास महाकुम्भ मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, आदि सदस्य लगे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि महानगरों की स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि महानगरों में रहनेवाले लोगों के स्वास्थ्य भी प्रतिकूल हो रहे हैं और हमलोग आज भी बहुत सुरक्षित वातावरण में रहते हैं। ऐसे में पुरानी परम्परा, जंगलों में रहने की प्रवृत्ति को छोड़ने की आवश्यकता नहीं है।

## जिला प्रशासन व आयोजन समिति के समन्वय से लगता है मेला : अर्जुन सिंह

**इसके** पूर्व मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी विकास मेला का शुभारम्भ 1990 में हुआ है। यह मेला राजा मेदिनीराय की याद में लगता है। यह मेला जिला प्रशासन एवं आयोजन समिति के समन्वय से लगता रहा है। उन्होंने राजा मेदिनीराय की यादों को ताजा करते हुए कहा कि मेला के माध्यम से प्रशासन एवं आमजनों का मिलना-जुलना होता है और योजनाओं से उन्हें लाभान्वित किया जाता है। उन्होंने कुछ मांगों को भी रखा।

## मेला आयोजन के लिए सजगता से कार्य करती है सरकार : आलोक कुमार सिंह

**जिला** परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि प्रतिवर्ष आयोजित इस मेले के लिए सरकार सजगता से कार्य करतक रही है। पलामू जिला प्रशासन सक्रियता से इस मेला को सफल बनाने में जी-जान से मेहनत करते हैं। आयोजन समिति भी अपनी मेला के सफल संचालन में पूरे उत्साह के साथ

उन्होंने मंईयां सम्मान योजना के लाभ से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सम्मान राशि से महिलाएं अपनी जरूरतों को पूरा कर रही हैं। साथ ही, साथ बच्चों को पढ़ाई में खर्च कर उन्हें आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि राजा मेदिनीराय का पलामू किला पूरे पलामू प्रमंडल व राज्य के लोगों के लिए धरोहर है। इसका सम्पूर्ण विकास होगा। इसके लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। वहीं, केचकी रिट्रीट, मलय डैम, आदिवासियों के क्षेत्र में पर्यटक स्टे होम के निर्माण कार्य की दिशा में सरकार ने कदम बढ़ा दिया है। इससे आदिवासी क्षेत्रों का विकास होगा। साथ ही, रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि आदिवासी गांव में शिक्षा के स्तर, पशुपालन, पेयजल की दशा का आकलन किया जा रहा है। आदिवासी गांव में बैंक द्वारा ऋण उपलब्ध कराये जाने की भी समीक्षा होगी।

# जूडो के पहले दिन रोमांचक मुकाबले, उत्तराखंड ने जीते 03 पदक

एजेंसी

**देहरादून** : 38वें राष्ट्रीय खेलों में जूडो प्रतियोगिताओं की शुरूआत शानदार रही, जहां देशभर के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट कौशल और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। मेजबान राज्य उत्तराखंड ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न भार वर्गों में पदक हासिल किए। महिला -48 किग्रा वर्ग में उत्तर प्रदेश की अस्मिता डे ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की, जबकि महाराष्ट्र की आकांक्षा शिंदे ने रजत पदक प्राप्त किया। कांस्य पदक उत्तर प्रदेश की अंतिम यादव और पंजाब की पल्लवी को मिला। पुरुष -60 किग्रा वर्ग में उत्तराखंड के सिद्धार्थ रावत ने बेहतरीन प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के लक्की ने रजत पदक हासिल किया, जबकि हरियाणा के अजय और उत्तर प्रदेश के मनी शर्मा को कांस्य पदक मिला। -66 किग्रा लड़कों की प्रतियोगिता में गुजरात के रोहित ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि हरियाणा के गर्वित ने रजत पदक जीता। कांस्य पदक उत्तराखंड के आयुष मावरी और दिल्ली के अभिजीत मलिक ने प्राप्त किया। महिला -52 किग्रा वर्ग में महाराष्ट्र की श्रद्धा चोपड़े ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। गुजरात की महेरुके मकवाना ने रजत पदक जीता, जबकि छत्तीसगढ़ की मेहक सिंह और मणिपुर की मतुलेइबी ने कांस्य पदक जीता। पुरुष -73 किग्रा वर्ग में सर्विसेज के अरुण कुमार ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। उत्तराखंड के प्रदीप रावत ने रजत पदक जीता, जबकि अरुणाचल प्रदेश के कामडोन बाई और गुजरात के विपुल चौधरी को कांस्य पदक मिला। महिला -57 किग्रा वर्ग में हरियाणा की अंकिता ने स्वर्ण पदक जीता।



38वां राष्ट्रीय खेल : 2025

## इशक, वैदेही और लोहित-लक्ष्मी प्रभा ने जीते स्वर्ण पदक

**देहरादून** : देहरादून के परेड ग्राउंड स्थित टेनिस कोर्ट में 38वें राष्ट्रीय खेल की लॉन टेनिस स्पर्धा के सातवें और अंतिम दिन रोमांचक फाइनल मुकाबले खेले गए। मिश्रित युगल, पुरुष एकल और महिला एकल के फाइनल में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जहां तमिलनाडु, सर्विसेज और गुजरात ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।



### मिश्रित युगल: तमिलनाडु की जोड़ी ने दिखाया दम

**मिश्रित** युगल फाइनल में तमिलनाडु की जोड़ी लोहित अक्ष बद्रीनाथ और लक्ष्मी प्रभा अरुण कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कर्नाटक के निक्की के पूनाचा और सोहा सादिक को सीधे सेटों में 6-4, 6-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस जीत के साथ तमिलनाडु ने टेनिस स्पर्धा में अपना दबदबा कायम रखा। इस स्पर्धा में हरियाणा के सुनील कुमार और अदिति रावत तथा पश्चिम बंगाल के नितिन कुमार सिन्हा और युबरानी बनर्जी ने कांस्य पदक हासिल किया।

### पुरुष एकल: सर्विसेज के इशक इकबाल बने चैंपियन

**पुरुष** एकल फाइनल में गुजरात के देव वी जाविया और सर्विसेज के इशक इकबाल के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। पहला सेट गंवाने के बाद इशक ने शानदार वापसी करते हुए 3-6, 6-4, 7-6(5) से जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। गुजरात के देव वी जाविया को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

## नेशनल स्पोर्ट्स कॉनक्लेव में भवानी देवी और मीर रंजन नेगी ने साझा किये अनुभव

**देहरादून** : 38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत चल रहे मौलि संवादः नेशनल स्पोर्ट्स कॉनक्लेव के 13वें दिन खेल जगत की जानी-मानी हस्तियों ने अपने अनुभव साझा किए। इस खास मौके पर दो महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पहली भारतीय ओलंपिक फेंसर भवानी देवी और पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी व कोच मीर रंजन नेगी ने अपनी प्रेरणादायक कहानियाँ सुनाईं। पहला सत्र : अनस्टॉपेबल : भवानी देवी की यात्रा महानता और गौरव की ओर पहले सत्र में भवानी देवी ने अपने खेल सफर की शुरूआत से लेकर ओलंपिक्स तक के सफर को साझा किया।

## राष्ट्रीय खेलों में 14 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा, सर्विन सेबस्टियन ने रचा इतिहास

एजेंसी

**देहरादून** : उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में एथलेटिक्स स्पर्धा के तहत 20 किमी रेस वॉक में ऐतिहासिक प्रदर्शन देखने को मिला। 14 साल बाद राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड टूटा, जब छह भारतीय एथलीटों ने गुरमीत सिंह के 2011 में बनाए गए समय को पीछे छोड़ दिया। सबसे शानदार प्रदर्शन सर्विन सेबस्टियन (सर्विसेज) ने किया, जिन्होंने 1 घंटा 21 मिनट 23 सेकंड में रेस पूरी कर नया राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड झारखंड में हुए 2011 के राष्ट्रीय खेलों में गुरमीत सिंह (1:23:26) के नाम था।



### छह धावकों ने तोड़ा पुराना रिकॉर्ड

**इस** रेस में कुल छह एथलीटों ने गुरमीत सिंह के 14 साल पुराने रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन किया। इन छह एथलीटों में सर्विन सेबस्टियन (सर्विसेज), 1:21:23 (नया राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड), सूरज पंवार (उत्तराखंड) 1:21:34, अमनजोत सिंह (पंजाब) 1:21:42, परमजीत सिंह (सर्विसेज) 1:22:02, राम बाबू (उत्तर प्रदेश) 1:22:26 और मुकेश निठारवाल (राजस्थान) 1:22:52 शामिल हैं।

38वें नेशनल गेम्स, उत्तराखंड में मॉडर्न पेंटाथलन पुरुष वर्ग व महिला टीम को कांस्य पदक

## झारखंड की झोली में अब तक 07 स्वर्ण 06 रजत, 10 कांस्य समेत कुल 23 पदक

**देहरादून** : 38वे नेशनल गेम्स, उत्तराखंड में झारखंड मॉडर्न पेंटाथलन पुरुष वर्ग के प्रेम किशोर महतो ने कांस्य पदक जीता। वहीं महिला टीम प्रिया उरांव, मोनिका कुमारी एवं चांदनी कुमारी को कांस्य पदक मिला। झारखंड राज्य के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर राज्य के माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, माननीय खेल सुदिव्य कुमार, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार, अवर सचिव राजेश कुमार, झारखंड ओलंपिक संघ अध्यक्ष आरके आनंद, जेओए कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, चीफ द मिशन शिवेंन्द्र दुबे, भोलानाथ सिंह, धनबाद जिला पेंटाथलन संघ की अध्यक्ष पूजा पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष पप्पू सिंह, उपाध्यक्ष वैभव सिन्हा एवं डॉ जयंती कश्यप, जिला खेल पदाधिकारी, धनबाद उमेश लोहरा विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी अनिल जायसवाल, हरभजन सिंह, गुलाम रब्बानी, जय कुमार सिन्हा, अर्चित आनंद, आनंद बिहारी दुबे, विजय सिंह, चंचल भट्टाचार्य, सी.डी.सिंह, एस.के.पांडेय, वरुण कुमार, सुरेश कुमार, संजेश मोहन ठाकुर, के के सिंह, प्रभाकर राव, खुर्शीद खान, परीक्षित तिवारी, अजय झा, शैलेन्द्र आशीष झा, रितेश झा, मो.खुर्सिद खान, शैलेन्द्र दुबे, उदय साहू, शैलेन्द्र कुमार झारखंड खेल प्राधिकरण, रांची के मणिकांत कुमार -जूनियर फेलो कंसलटेंट, देवेंद्र सिंह, स्पोर्ट्स एडवाइजर समेत खेल विभाग के अधिकारियों, प्रशिक्षकों ने बधाई दी।



## तलवारबाजी में जेटली चिंगाखाम और मीना नाओरेम ने लहराया परचम

एजेंसी

**देहरादून** : उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में तलवारबाजी प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबलों में सर्विसेज के जेटली चिंगाखाम और मणिपुर की मीना नाओरेम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

### पुरुषों की एपे स्पर्धा

**पुरुषों** की एपे स्पर्धा के फाइनल में जेटली चिंगाखाम (सर्विसेज) ने कड़े मुकाबले में जम्मू-कश्मीर के वहीद सुफयान को 11-10 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। सेमीफाइनल में जेटली चिंगाखाम ने अपने ही राज्य के पंकज कुमार को 15-11 से हराया था, जबकि वहीद सुफयान ने सर्विसेज के रॉबर्ट श्रीमयम को 15-12 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।



इस स्पर्धा में जेटली चिंगाखाम ने स्वर्ण, वहीद सुफयान ने रजत और पंकज कुमार तथा रॉबर्ट श्रीमयम ने कांस्य पदक जीते।

### महिला फॉयल स्पर्धा

महिला फॉयल स्पर्धा के फाइनल में मणिपुर की मीना नाओरेम ने तमिलनाडु की अशिथा जॉइस को 15-13 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। सेमीफाइनल में अशिथा जॉइस ने मणिपुर की सोनिया वैखम को 15-12 से हराया था, जबकि मीना नाओरेम ने हरियाणा की कनुप्रिया को 15-11 से मात दी थी।

# एक झलक

## कानपुर मंडल को हराकर लखनऊ ने ट्राफी पर जमाया कब्जा

**लखनऊ**: खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के समन्वय से खेले जा रहे फुटबाल मैच के फाइनल में कानपुर को हराकर लखनऊ ने ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। इस कड़े मुकाबले में एक्स्ट्रा टाइम में लखनऊ के विकास ने विजयी गोल दागकर लखनऊ को विजय दिलाई। सात फरवरी से खेले जा रहे प्रदेश स्तरीय फुटबाल मैच का मंगलवार को लखनऊ और कानपुर मंडल के बीच फाइनल मैच खेला गया। दोनों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। पहले हाफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ में 30वें मिनट में लखनऊ मंडल की ओर से शशांक ने एक गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी, लेकिन यह काफी देर तक नहीं टिक सका और तीसरे हाफ में कानपुर मंडल की ओर से शिवम पांडेय ने 46वें मिनट में एक गोल कर बराबरी पर ला दिया। इसके बाद मैच में एक्स्ट्रा टाइम दिया गया, जिसमें दोनों टीमें काफी देर तक कसम-कस करती रहीं। 82वें मिनट में लखनऊ मंडल के विकास ने एक गोल दाग दिये और मैच को 2-1 से जीत कर लखनऊ मंडल ने ट्राफी पर अपना कब्जा जमा लिया।

## ब्रीट्जके ने डेब्यू मैच में 150 रन बनाकर हेन्स का रिकार्ड तोड़ा

**लाहौर** : दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके ने यहां लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के अपने डेब्यू मैच में 150 रन बनाकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। अब ब्रीट्जके अपने पहले ही एकदिवसीय में सबसे अधिक रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गये हैं। ब्रीट्जके से पहले ये रिकार्ड वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर डेसमंड हेन्स के नाम था। हेन्स ने 1978 में एंटीगुआ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में 149 रन बनाये थे। इस प्रकार दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण में सर्वोच्च स्कोर बनाकर 47 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। ब्रीट्जके ने 148 गेंदों की अपनी पारी में 11 चौके और 5 छक्के लगाए। इससे दक्षिण अफ्रीका ने 50 ओवरों में छह विकेट पर 304 रन बनाये। उनकी पारी ने 1978 में एंटीगुआ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पदार्पण पर वेस्टइंडीज के डेसमंड हेन्स द्वारा बनाए गए 148 रनों के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इससे पहले किसी दक्षिण अफ्री बल्लेबाज का अपने पहले ही मैच में 124 रन का रिकार्ड था। ये रिकार्ड साल 2010 में जिम्बाब्वे के खिलाफ कॉलिन इनग्राम ने 124 रनों के साथ बनाया था।

## भोजपुरी दबंग्स ने सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग में मुंबई हीरोज को आठ विकेट से हराया

**मुम्बई** : यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग 2025 में भोजपुरी दबंग्स ने मुम्बई हीरोज को 8 विकेट से हरा दिया। इस जीत में असगर खान की अहम भूमिका रही। असगर ने दोनों ही पारियों में 96 और 58 रन बनाये। इस मैच में भोजपुरी दबंग्स ने टॉस जीतकर हीरोज को बल्लेबाजी के लिए बुलाया।

## बुमराह के बिना भारतीय गेंदबाजी आक्रमण काफी कमजोर होगा : चोपड़ा

एजेंसी

**मुम्बई** : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा है कि जसप्रीत बुमराह अगर चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेलते हैं तो भारतीय टीम का गेंदबाजी आक्रमण काफी कमजोर हो जाएगा। आकाश के अनुसार ऐसे में भारतीय टीम अपने ग्रुप में सबसे कमजोर गेंदबाजी आक्रमण वाली टीम बन जाएगी। बुमराह की पीठ में एंठन हैं ऐसे में उनका चैंपियंस ट्रॉफी में खेलना संदिग्ध नजर आ रहा है। चोपड़ा ने कहा कि हाल के दिनों में किसी भी अन्य तेज गेंदबाज ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है और इससे चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा है कि मोहम्मद शमी ने अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है। शमी ने चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद वापसी की है और उन्होंने केवल कुछ ही मैच खेले हैं। चोपड़ा ने कहा, शमी अपनी वापसी के बाद भी लय में नहीं आ पाए हैं। उनकी गति में गिरावट आई है। बुमराह की अनुपस्थिति में हर्षित राणा को इंग्लैंड के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू करने का मौका मिला। हर्षित ने पुरानी गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन पहले पावरप्ले के अंदर उनके प्रदर्शन ने सवाल खड़े कर दिए हैं। हर्षित पर फिल साल्ट और बेन डकेट ने पावरप्ले में काफी रन बनाये हालांकि अपने आक्रामक रुख से बाद में इस गेंदबाज ने विकेट निकाल लिये थे। चोपड़ा ने कहा, हर्षित राणा के साथ समस्या यह है कि वह महंगे हैं। उनके पास अनुभव की कमी साफ दिखाई देती है। कटक की पिच पर आपको स्टंप पर अच्छी लेंथ पर गेंदबाजी करने की जरूरत थी। लेकिन वह ऐसा नहीं कर पाए।



## विराट ने सुरक्षा घेरा तोड़कर महिला प्रशंसक को गले लगाया

**भुवनेश्वर** : पिछले काफी समय से खराब फार्म के कारण आलोचना झेल रहे भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के प्रति प्रशंसकों की दीवानगी किसी से छिपी नहीं है। विराट की झलक पाने कई बार उनके प्रशंसक मैदान में तक आ जाते हैं। वहीं विराट भी अपने प्रशंसकों की भावनाओं का पूरा ध्यान रखते हैं। अब इसी का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें विराट किसी महिला प्रशंसक को गले लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। ये प्रशंसक कौन थी ये हालांकि पता नहीं चला है। यह घटना दूसरे एकदिवसीय के बाद की है जब भारतीय टीम तीसरे एकदिवसीय के लिए अहमदाबाद रवाना होने वाली थी।

## उत्तराखंड के लिए राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करना गौरव का क्षण: पुष्कर सिंह धामी

एजेंसी

**चकरपुर** : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों की सफलतापूर्वक मेजबानी करना उत्तराखंड के लिए गौरव का क्षण है, उन्होंने राज्य के लिए इस आयोजन के महत्व पर जोर दिया। 38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत आयोजित मल्लखंब प्रतियोगिता में भाग लेते हुए धामी ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले हजारों स्वयंसेवकों के प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। मैंने हमेशा से ही उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की कामना की है और इस राज्य के लिए इस तरह के प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी करना गर्व की बात है। उन्होंने खेलों के उद्घाटन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका को भी स्वीकार किया, जो भारतीय खेलों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा, 28 जनवरी को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन किया। यह आयोजन 20,000 स्वयंसेवकों के समर्पित प्रयासों से संभव हुआ है, जिनकी कड़ी मेहनत ने इसके सुचारू संचालन को सुनिश्चित किया है। 38वें राष्ट्रीय खेलों ने उत्तराखंड को बहुत गौरव दिलाया है, जिससे देशभर के एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिला है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में 50 से अधिक पदक हासिल करने पर राज्य के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।



## दो युवाओं ने डब्ल्यूपीसी झारखंड स्टेट चैंपियनशिप ऑफ 2025 में जीता गोल्ड



एजेंसी

**चौपारण** : चौपारण प्रखंड के ताजपुर पंचायत के दो युवकों ने गांव ही नहीं प्रखंड व जिले के साथ-साथ नया सवेरा विद्यालय का नाम रोशन किया, वहीं नया सवेरा विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह, मुखिया उषा देवी व पंचायत समिति सदस्य इंदु देवी ने उन्हें बधाई दी है। बता दें कि डब्ल्यूपीसी झारखंड स्टेट चैंपियनशिप ऑफ 2025 के आयोजन में ताजपुर के ईश्वरी यादव व सत्या देवी के 16 वर्षीय पुत्र आशीष यादव 57 किलोग्राम भार में बेंच प्रेस में 85 किलोग्राम वजन उठाकर द्वितीय गोल्ड मेडलिस्ट बने। वहीं रीतलाल साव व देवंती देवी के 18 वर्षीय पुत्र अंकित राज ने 50 किलोग्राम भार में बेंच प्रेस गोल्ड मेडल तथा 150 किलोग्राम डेडलिफ्ट उठाकर प्रथम गोल्ड मेडलिस्ट बना।

## मीडिया कप क्रिकेट 2025 में रहा सुपर मंगलवार, सुपर ओवर में अमानत और अजय की जीत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : रांची प्रेस क्लब मीडिया क्रिकेट के पांचवे दिन जेके क्रिकेट मैदान में सुपर मंगलवार रहा। दिन के दोनों मुकाबले के परिणाम सुपर ओवर में निकले। पहले मुकाबले में अमानत ने स्वर्णरेखा को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं अजय ने मयूराक्षी को हराकर अपना टूनामेंट जीत के साथ समाप्त किया। अमानत के समीर सृजन और अजय के मोनू कुमार प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।





### अमानत की लगातार तीसरी जीत

**टॉस** जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्वर्णरेखा ने (132/7) रन बनाए। प्रवीण ने सर्वाधिक 37 रन बनाए, वहीं अमानत के समीर ने 3 और सुशील ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अमानत की टीम ने असगर के 4 गेंदों में 17 रन मारकर मुकाबले को डॉ कर दिया। अमानत की और से सुशील सिंह ने 52 और अमित सिंह ने 38 रनों की पारी खेली। मुकाबला सुपर ओवर में गया, जिसमे अमानत ने (18/1) और स्वर्णरेखा ने (13/1) रन बनाए।

### अजय जीत के भी बाहर, मयूराक्षी सेमीफाइनल में


**टॉस** जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मयूराक्षी की टीम ने (191/1) का विशाल स्कोर खड़ा किया। शमीम राजा ने 48 गेंदों में शतक जड़ा। वहीं इमरान ने 64 रनों की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए अजय ने (191/4) बना सकी और मुकाबला ड्रा रहा। टीम की ओर से मोनू ने ताबड़तोड़ 33 गेंदों में 83 रन की शानदार पारी खेली। मयूराक्षी के कमलेश मिश्रा ने 2 विकेट झटके। सुपर ओवर में अजय ने (10/0) और मयूराक्षी (3/2) बना सकी। आरपीसी मीडिया कप के टाइटल स्पोंसर टाटा स्टील, को स्पोंसर अडानी पावर, मपर जीरामनी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, अलेक्सा रिजॉट एन्ड रेस्टोरेंट, सपोटिंग पार्टनर टाइटन वल्ड (हरमू रोड) एन्ड जके इंटरनेशनल स्कूल (जेके क्रिकेट एकेडमी) रहे।

# तीसरे एकदिवसीय को जीतकर क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी

**अहमदाबाद** : भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में भी इंग्लैंड को हराकर 3-0 से सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी। पहले दोनो ही मैचों में जीत से भारतीय टीम को मनोबल बढ़ा हुआ है जिसका लाभ उसे इस मैच में मिलेगा। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी दूसरे एकदिवसीय में आक्रामक शतक लगाकर लय में आ गये हैं जिसका लाभ भी भारतीय टीम को मिलेगा। चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले होने वाले इस मैच में सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर लय हासिल करना चाहेंगे। इस मैच में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर सभी की नजरें रहेंगी। विराट पहले दोनो ही मैच में असफल रहे हैं और उनका लक्ष्य इस मैच में बड़ा स्कोर बनाना रहेगा। भारतीय टीम ने पहले दोनो मैचों के साथ ही सीरीज पर कब्जा कर लिया है। ऐसे में इस मैच में बदलाव भी हो सकता है। ऐसे में पहले दोनो ही मैचों में विफल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की जगह पर ऋषभ पंत को शामिल किया जा सकता है। कप्तान रोहित ने दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की है। ऐसे में विराट भी इस बार बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। कोहली के पास इस मैच में अपने 14000 रन परे करने का भी अवसर है। उन्हें इसके लिए केवल 89 रन की जरूरत है। भारतीय टीम ने का प्रदर्शन अब तक इस सीरीज में सभी क्षेत्रों में अच्छा रहा है। नये स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने भी प्रभावित किया है हालांकि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी दूसरे एकदिवसीय में लय में नहीं दिखे और उनकी गेंदों पर काफी रन गये। ऐसे में वह भी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खेलने की संभावना नहीं है। बुमराह को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अहमदाबाद में होने वाले इस एकदिवसीय से वापसी करनी थी पर वह अभी तक बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में ही हैं। वहीं मध्यक्रम में श्रेयस अय्यर भी अच्छी पारी खेलना चाहेंगे। ऑलराउंडर अक्षर पटेल का प्रदर्शन भी पांचवें नंबर पर अच्छा रहा है। वहीं गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक सीरीज में छह विकेट लिए हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने स्पिन गेंदबाजों के सहायक विकेटों पर अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम इंग्लैंड के पास ये जीत दर्ज करने का अंतिम अवसर है। उसने दूसरे एकदिवसीय में जोस बटलर की कप्तानी में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था और 300 से ज्यादा रन बनाये थे पर इसके बाद भी उसके गेंदबाज इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाये थे। उसे इस मैच में जीत के लिए सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। ऑलराउंडर जैकब बैथेल के चोटिल होने के कारण बाहर होने से भी उसकी संभावनाओं को झटका लगा है। पिछले मैच में फिल साल्ट और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने इंग्लैंड को अच्छी शुरूआत दिलाई थी इस बार भी से ऐसा ही करना चाहेंग। जो रूट भी बड़ी पारी खेलने के इरादे से उतरेंगे।




न्यू ओरलियंस में फिलडेलफिया के जेलेन हर्ट सुपर बाउल मुकाबले के बाद विंस लोमबार्डी ट्रॉफी के साथ पोज देते हुए

## एक झलक

### सैमसंग टीवी प्लस इंडिया पर पांच नये एक्सक्लूसिव फास्ट चैनल लॉन्च

**रांची :** सैमसंग टीवी प्लस, जो सैमसंग की मुफ्त विज्ञापन समर्थित स्ट्रीमिंग टीवी (फास्ट) सेवा है, ने वार्नर ब्रदर्स के साथ मिलकर सैमसंग टीवी प्लस इंडिया पर विशेष रूप से पांच नए फास्ट चैनल लॉन्च किए हैं। ये डब्लूबीटीवी चैनल स्ट्रीमिंग दर्शकों को बेहतरीन कहानियां और उच्च गुणवत्ता वाला मुफ्त मनोरंजन प्रदान करते हैं। हिंदी कंटेंट पर विशेष जोर देने के साथ, ये नए चैनल क्षेत्रीय और शहरी दोनों दर्शकों की रुचि को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। सैमसंग टीवी प्लस एक मुफ्त स्ट्रीमिंग सेवा है, जो सैमसंग स्मार्ट टीवी पर पहले से इंस्टॉल होती है और समाचार, खेल, मनोरंजन समेत कई तरह के चैनल प्रदान करती है। सैमसंग टीवी प्लस इंडिया के हेड, पार्टनरशिप और बिजनेस डेवलपमेंट, कुणाल मेहता ने कहा कि हमें सैमसंग टीवी प्लस पर वार्नर ब्रदर्स टेलीविजन का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। फास्ट श्रेणी में अग्रणी होने के नाते, हम अपने दर्शकों के लिए उच्चस्तरीय कंटेंट उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह साझेदारी न केवल दर्शकों के लिए मनोरंजन के अधिक विकल्प प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें बेहतर अनुभव और आसान एक्सेस भी देगी। साथ ही, यह विज्ञापनदाताओं के लिए नए अवसर भी लेकर आयेगी।

### अखाड़े ने बनाया श्रील प्रभुपाद को विश्व गुरु सनातन ध्वजवाहक स्वामी श्रील प्रभुपाद बने विश्व गुरु

**रांची :** इस्कॉन और विश्वव्यापी हरे कृष्णा आंदोलन के संस्थापक एवं आचार्य श्री कृष्ण कृपामूर्ति ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद को ऐतिहासिक महाकुंभ के पावन अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने पहली बार विश्व गुरु की उपाधि से सम्मानित किया। विश्व गुरु पट्टाभिषेक कार्यक्रम निरंजनी अखाड़ा के परिसर में नित्यानंद त्रयोदशी के पवन तिथि के अवसर में सम्पन्न हुआ। यह उपाधि श्रील प्रभुपाद को दुनिया भर में लाखों-करोड़ों अनुयायियों को सनातन धर्म से जोड़ने एवं इस्कॉन के प्रति देश-विदेश में उमड़ी श्रद्धा को देखते हुए दी गई। निरंजनी पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज, श्रीमहंत रवींद्र पूरी जी महाराज अध्यक्ष अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, आचार्य महामंडलेश्वर अवधूत अरुण गिरी जी श्री आवाहन अखाड़ा पीठाधीश, अखाड़ों के महामण्डलेश्वरगण, सचिव गण, श्रीमहंतगण एवं हजारों भक्तों की उपस्थिति में हुआ। हरे कृष्ण मूवमेंट और इस्कॉन बंगलौर के अध्यक्ष श्री मधु पंडित दास जी और वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर के अध्यक्ष चंचलापति दास जी के पावन सानिध्य में स्वामी प्रभुपाद को यह सम्मान प्रदान किया गया। धन्यवाद प्रस्ताव भरतर्षभ दास ने की। अखाड़ा परिषद ने इस अवसर पर एक बयान जारी करते हुए कहा, हम सभी अत्यंत हर्ष एवं प्रसन्नता की अनुभूति कर रहे हैं कि परमपूज्य पाद श्रील प्रभुपाद जी को विश्व गुरु की उपाधि दी गई। उनका योगदान सनातन धर्म के प्रसार में अद्वितीय है, और उनकी शिक्षाओं से लाखों लोगों का जीवन बदल चुका है।

# रिलायंस ने मात्र 10 रु में लॉन्च किया स्पोर्ट्स ड्रिंक 'स्पिनर'

- क्रिकेट के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन हैं 'स्पिनर' के सह-निर्माता
- नींबू, संतरा व नाइट्रो ब्लू जैसे फ्लेवर्स में उपलब्ध



**मुम्बई :** रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने नया स्पोर्ट्स ड्रिंक 'स्पिनर' लॉन्च किया है। इस स्पोर्ट्स ड्रिंक को स्पिन के जादूगर और क्रिकेटर मुथैया मुरलीधरन के साथ मिल कर बनाया गया है। मार्केट में मौजूद अन्य स्पोर्ट्स डिंक्स के मुकाबले स्पिनर की कीमत काफी कम रखी गयी है। स्पिनर को केवल 10 रुपये में खरीदा जा सकेगा। कम्पनी का दावा है कि अगले 3 वर्षों में स्पोर्ट्स ड्रिंक्स का मार्किट 01 अरब डॉलर हो जायेगा और 'स्पिनर' इस मार्किट का बड़ा खिलाड़ी साबित होगा। बाजार में पैर रखते ही स्पोर्ट्स ड्रिंक 'स्पिनर' ने इंडियन क्रिकेट लीग ; यानी आईपीएल की कई टीमों के साथ साझेदारी कर ली है। इनमें लखनऊ सुपर जायंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटन्स और मुंबई इंडियंस शामिल हैं। उम्मीद की जा रही है कि इस साझेदारी से क्रिकेट के दीवानों के बीच 'स्पिनर' का क्रेज बढ़ेगा। 'स्पिनर' के सह-निर्माता और क्रिकेट के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन ने कहा, मैं रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के साथ इस रोमांचक उद्यम का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। एक एथलीट के तौर पर, मैं जानता हूं कि हाइड्रेशन कितना महत्वपूर्ण है, खासतौर पर जब आप कहीं जा रहे हों या खेल रहे हों। स्पिनर एक गेम-चेंजर है, जो हर भारतीय को हाइड्रेटेड करने और सक्रिय बने रहने में मदद करेगा। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सीओओ केतन मोदी ने कहा, ?हम मानते हैं कि हर भारतीय की पहुंच गुणवत्तापूर्ण उत्पादों तक होनी चाहिए। स्पिनर के साथ, हमने एक किफायती और प्रभावी हाइड्रेशन ड्रिंक बनाया है, जिसका आनन्द हर कोई ले सकता है, चाहे आप एक पेशेवर एथलीट हों या कोई ऐसा व्यक्ति जो हाइड्रेटेड रहना चाहता हो। हम क्रिकेट के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन और आईपीएल टीमों के साथ साझेदारी में इस अभिनव उत्पाद को बाजार में लाने को लेकर खासे उत्साहित हैं। मात्र 10 रु वाला स्पिनर स्पोर्ट्स ड्रिंक, नींबू, संतरा और नाइट्रो ब्लू जैसे तीन फ्लेवर्स में आता है। हाइड्रेशन के लिए इसमें जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स का मिश्रण किया गया हैं। अधिक पसीना निकलने पर यह शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करता है। कम्पनी ने अपने वक्तव्य में कहा है कि स्पिनर के लॉन्च के साथ, कंपनी को हाइड्रेशन के लिए एक किफायती और प्रभावी समाधान पेश करने पर गर्व है।

## झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक और टाटा पावर के बीच पीएम सूर्य घर बिजली योजना के तहत समझौता ज्ञापन पर हुआ हस्ताक्षर



**रांची :** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक और टाटा पावर के बीच पीएम सूर्य घर बिजली योजना के तहत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौते का उद्देश्य राज्य में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना है, जिससे लोगों को सस्ती और हरित ऊर्जा मिल सके। PM सूर्य घर बिजली योजना के तहत, प्रधानमंत्री ने देशभर के नागरिकों को उनके घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया है। इस योजना के अंतर्गत, सरकार उपभोक्ताओं को सोलर पैनल की स्थापना के लिए सब्सिडी प्रदान करती है, जिससे सौर ऊर्जा की स्थापना का खर्च कम हो जाता है और यह उपभोक्ताओं के लिए सस्ती हो जाती है। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक और टाटा पावर के बीच समझौता ज्ञापन के तहत, बैंक ग्राहकों को सस्ती ब्याज दर पर ऋण प्रदान करेगा, ताकि वे अपनी छतों पर सौर पैनल स्थापित कर सकें। इस ऋण का उद्देश्य लोगों को सौर ऊर्जा से जुड़ी तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस समझौते से सौर ऊर्जा की लोकप्रियता बढ़ेगी और लोग अपनी ऊर्जा की जरूरतों को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा स्रोत से पूरा कर सकेंगे। इसके साथ ही, यह पहल पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और भारत के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। यह टडव झारखंड राज्य के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि इसे लेकर वे अब सौर ऊर्जा के लाभों को प्राप्त कर सकते हैं, जो उनके लिए दीर्घकालिक आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ प्रदान करेगा।


# आयोडीन की कमी से होने वाले विकारों के खिलाफ भारत के संघर्ष का अनोखा नायक

**भोजपुर :** भारत में नमक के आयोडीनीकरण से जुड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल 1950 के साथ दशक में शुरू हुई थी, जो आयोडीन की कमी से होने वाले विकारों (आईडीडी) से निपटने के लिए आयोडीन को शामिल करने से संबंधित थी। हालांकि, 1960 के दशक में कांगड़ा घाटी परियोजना (हिमाचल प्रदेश) की सफलता ने सर्वत्र व्याप्त नमक आयोडीनीकरण (यूनिवर्सल साल्ट आयोडायजेशन-यूएसआई) और 1992 में इसके आधिकारिक लॉन्च की बुनियाद रखी। इस परियोजना ने साबित किया कि गॉयटर आयोडीन की कमी के कारण होता है। इस परियोजना से यह भी सामने आया कि पोटेशियम आयोडेट के इस्तेमाल से तैयार आयोडीन युक्त नमक सबसे प्रभावी और किफायती समाधान है। यह पहल दशकों से चल रही है, जिसके तहत सरकारी निकायों, गैर सरकारी संगठनों और शोध संस्थानों के बीच नमक के आयोडीनीकरण के जरिये देश भर में आईडीडी को कम करने के लिए मिल कर काम कर रहे हैं। राष्ट्र निर्माण की दिशा में ऐसी ही एक महत्वपूर्ण साझेदारी टाटा साल्ट की रही है जो अग्रणी आयोडीन युक्त नमक ब्रांड के रूप में 1983 में अपनी स्थापना के बाद से आयोडीन की कमी से जुड़े विकारों (आईडीडी) के खिलाफ देश के संघर्ष से गहराई से जुड़ी हुई है। सूक्ष्म पोषक तत्वों में कम मात्रा में विटामिन तथा मिनरल शामिल होते हैं और वे बेहतर स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और दुख की बात है कि भारत में आबादी के एक बड़े हिस्से को आहार संबंधी सीमाओं या जागरूकता की कमी के कारण आहार के जरिये इन विटामिन और मिनरल की पर्याप्त मात्रा हासिल करने के लिए जूझना पड़ता है। इसकी वजह से बहुत तरह की कमियां होती है। ऐसे में नमक के फोर्टिफिकेशन से देश भर में पोषक तत्वों के सेवन में बढ़ोतरी के लिए आयोडीन और आयरन जैसे आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों की पूर्ति हो सकती है। टाटा साल्ट इम्यूनो जैसा आयोडीन युक्त नमक कम मात्रा के बावजूद इन महत्वपूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्वों के लगातार सेवन में मदद करता है, क्योंकि नमक एक बुनियादी आवश्यकता है जिसे लगभग हर खाद्य पदार्थ में डाला जाता है।

## सरकार पूंजीगत व्यय के लिए 99 फीसदी उधार का उपयोग कर रही है : वित्त मंत्री

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि सरकार 2025-26 में लगभग पूरी उधारी का इस्तेमाल पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण के लिए कर रही है। उन्होंने कहा कि 10.3 करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों को 503 रुपये में एलपीजी सिरेंडर मिल रहा है। वित्त मंत्री ने लोकसभा में केंद्रीय बजट 2025-26 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि बजट का फोकस ?गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी? पर है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में प्रभावी पूंजीगत व्यय 15.48 लाख करोड़ रुपये है, जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.3 फीसदी है। अगले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद का 4.4 फीसदी है। सीतारमण ने कहा कि 2014 से पहले 45 फीसदी घरों में एलपीजी कनेक्शन या स्वच्छ ईंधन नहीं था।

# एसएस इनोवेशन्स ने रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम देकर विश्वस्तरीय चिकित्सा जगत में इतिहास रच दिया



**रांची :** देश में पहली स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी के डेवलपर और भारत में निर्मित एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम बनाने वाली कंपनी एसएस इनोवेशन्स ने मात्र दो दिनों में दुनिया की दो पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम देकर विश्वस्तरीय चिकित्सा जगत में इतिहास रच दिया है, कंपनी ने ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जो अब तक हासिल नहीं की गई थी। एसएसआई मंत्रा 3 सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद से यह संभव हो पाया, जिसमें 286 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गुरूग्राम में एसएस इनोवेशन्स का मुख्यालय और जयपुर में मणिपाल हॉस्पिटल्स कनेक्टेड बने रहे। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने ऐसे भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया है, जहां आधुनिक सर्जिकल टेक्नोलॉजी सुलभ एवं प्रभावी ग्लोबल हेल्थकेयर का अभिन्न हिस्सा बन जाएगी। रिमोट के द्वारा टेलीरोबोटिक-असिस्टेड इंटरनल मैमेरी आर्टरी हार्वेस्टिंग की प्रक्रिया को 58 मिनट में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। गुरूग्राम में एसएसआई मुख्यालय से एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल, इंक के संस्थापक, चेयरमैन एवं सीईओ डॉ. सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में और मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर में चीफ ऑफ कार्डियक सर्जरी डॉ ललित मलिक ने जयपुर की रिमोट लोकेशन में विशेषज्ञों की टीम के साथ इस सर्जरी को अंजाम दिया। इस सर्जरी मात्र 35-40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी के साथ बेहतरीन सटीकता का प्रदर्शन किया है। इस ऐतिहासिक प्रक्रिया के बाद एक और- दुनिया की पहली रोबोटिक बीटिंग हार्ट टोटली एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बायपास प्रक्रिया को अंजाम दिया गया, इसे दुनिया की सबसे जटिल कार्डियक सर्जिकल प्रक्रियाओं में से एक माना जाता है; उसी साझेदारी में मात्र 40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी पर यह टेलीसर्जरी की गई। दोनों सर्जरियों में गुरूग्राम और जयपुर के बीच कनेक्टिविटी बनी रही, यह उपलब्धि लम्बी दूरी पर टीम के तालमेल के द्वारा रिमोर्ट सर्जरी के नए मानक स्थापित करती है। इस उपलब्धि ने आने वाले समय में टेलीसर्जरी की बदलावकारी क्षमता की पुष्टि कर दी है, जो भोगौलिक सीमाओं के दायरे से परे, किसी भी दूरी पर स्थित मरीज उच्च गुणवत्ता की सटीम मेडिकल देखभाल का लाभ उठा सकेंगे।

# सैमसंग टीवी प्लस और वार्नर ब्रदर्स की साझेदारी से दर्शकों को मिलेगा प्रीमियम मनोरंजन




**रांची/पटना :** सैमसंग की मुफ्त विज्ञापन-समर्थित स्ट्रीमिंग सेवा सैमसंग टीवी प्लस ने वार्नर ब्रदर्स टेलीविजन के साथ साझेदारी में भारत में पांच नए फास्ट चेनल लॉन्च किए हैं। ये चेनल हिंदी दर्शकों को ध्यान में रखते हुए रोमांचक और उच्च गुणवत्ता वाला मुफ्त मनोरंजन प्रदान करेंगे। सैमसंग टीवी प्लस पहले से सैमसंग स्मार्ट टीवी पर उपलब्ध एक निःशुल्क स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है, जो विभिन्न श्रेणियों में समाचार, खेल और मनोरंजन चेनल प्रदान करता है। नए लॉन्च किए गए पांच चेनलः- हाउस ऑफ क्राइम- हिंदी में रोमांचक अपराध और इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा। फूडी हब- स्वादिष्ट व्यंजनों और फूड शो का मजेदार संगम। वाइल्ड फ्लिक्स- पशु जगत के अनोखे रहस्यों की झलक। व्हील वर्ल्ड- कार और बाइक प्रेमियों के लिए रोमांचक ऑटो शो (अंग्रेजी में)। एक्सट्रीम नौकरियां- जोखिमभरे पेशों और साहसी पेशेवरों की कहानियां। ये सभी चेनल सैमसंग स्मार्ट टीवी और मोबाइल डिवाइसेज पर मुफ्त में उपलब्ध हैं, जिससे दर्शकों को बिना किसी शुल्क के बेहतरीन मनोरंजन का अनुभव मिलेगा। इस मौके पर सैमसंग टीवी प्लस इंडिया के हेड, पार्टनरशिप और बिजनेस डेवलपमेंट, कुणाल मेहता ने कहा कि हमें वार्नर ब्रदर्स टेलीविजन का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। हम अपने दर्शकों को उच्चस्तरीय कंटेंट उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह साझेदारी मनोरंजन के अधिक विकल्प देने के साथ-साथ विज्ञापनदाताओं के लिए नए अवसर भी खोलेगी। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी, दक्षिण एशिया के वितरण प्रमुख रुचिर जैन ने कहा कि हम अपने दर्शकों को विविध और उच्च-गुणवत्ता वाला मनोरंजन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कनेक्टेड टीवी के बढ़ते चलन को देखते हुए, हम सैमसंग टीवी प्लस पर अपनी उपस्थिति बढ़ाने को लेकर उत्साहित हैं।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इंडिया एनर्जी वीक 2025 में सतत गतिशीलता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से किया मजबूत



**रांची :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 11 से 14 फरवरी 2025 के दौरान दिल्ली में आयोजित होने वाले भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 में अपनी भागीदारी दर्ज की। इसके तहत कंपनी ने 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता और 2070 तक नेट जीरो के लिए भारत के दर्शन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इंडिया एनर्जी वीक (भारत ऊर्जा सप्ताह, आईईडब्ल्यू) 2025 ऊर्जा आत्मनिर्भरता को साकार करने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए व्यावहारिक और स्केलेबल स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करता है। यह कार्यक्रम वैश्विक राजनीतिक नेताओं, नीति निर्माताओं, विचारकों, विशेषज्ञों और अंतिम उपयोगकर्ताओं को ऊर्जा परिदृश्य, प्रौद्योगिकियों, उद्योग के रुझानों और नीति दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाता है। स्वदेशी हरित ऊर्जा से संचालित निरंतर जारी रहने वाली गतिशीलता समाधान प्रदान करने पर विशेष ध्यान देते हुए, टीकेएम ने अपने बहु-मार्ग दृष्टिकोण के अनुरूप विभिन्न वैकल्पिक पावरट्रेन प्रदर्शित किये।

# प्रमुख ज्वेलरी रिटेलर सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ने लॉन्च किया पहला एवरलाइट शोरूम



**रांची :** देश का प्रमुख ज्वेलरी रिटेलर सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स देशभर में हूपिंग काउंट के आधार पर 172 से अधिक शो रूम के साथ एक ज्वेलरी ब्रांड है। यह अपनी 85 सालों की मजबूत विरासत और पूर्वी भारत के सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेल ब्रांड के रूप में जाना जाता है। ब्रांड को लगातार चौथे साल टीआरए द्वारा भारत का दूसरा सबसे विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड घोषित किया गया है। 2024 में इसे मोस्ट डिजायर्ड ज्वेलरी ब्रांड की मान्यता मिली और डेलॉइट की ग्लोबल लक्जरी गुड्स लिस्ट में इसने 78वीं रैंक हासिल की। यह उपलब्धि इसे अपने अन्य प्रतिस्पर्धियों से कहीं आगे रखती है। रांची के पासा हाउस, सर्कुलर रोड, लालपुर में स्थित यह नया और भव्य एवरलाइट शोरूम 1500 वर्गफुट में फैला हुआ है। इसका शानदार और आधुनिक वातावरण ग्राहकों को यूनिक और बेहतरीन शॉपिंग अनुभव प्रदान करेगा। शोरूम के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी और सीईओ, श्री सुवंकर सेन ने कहा, हमें पासा हाउस, रांची में अपने नए शोरूम के भव्य उद्घाटन की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। पारंपरिक से लेकर आधुनिक डिजाइन तक, हमारी ज्वेलरी सुंदरता और शिल्पकला का एक शानदार मेल हैं, जो पिछले 85 वर्षों से हमारी पहचान रही है। रांची सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के फ्रेंचाइज पार्टनर श्री हरी शंकर परसरमपुरिया ने कहा, हमें फ्रेंचाइजी पार्टनर के रूप में सेंको गोल्ड और डायमंड्स परिवार का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है, जो अपनी गुणवत्ता, बेहतरीन कारीगरी और भरोसे के लिए जाना जाता है। इस साझेदारी के माध्यम से हमें अपने लोगों के लिए सेंको की खूबसूरत ज्वेलरी उपलब्ध कराने का शानदार अवसर मिला है, जो अपनी उत्कृष्टता की विरासत को बनाए हुए है। हम ब्रांड के विस्तार में योगदान करने के लिए उत्साहित हैं, साथ ही ग्राहकों को सर्वोत्तम डिजाइन और सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस शुरूआत को लेकर बेहद उत्साहित हैं। रांची सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के फ्रेंचाइज पार्टनर श्री पारस चंद मोदी ने कहा, हम सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ग्रुप के साथ जुड़कर बहुत उत्साहित हैं। यह ब्रांड वर्षों से अपने भरोसे और उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। यह साझेदारी हमारे लिए एक नया अवसर है, जिससे हम अपने स्थानीय ग्राहकों तक सेंको की अनूठी कारीगरी और गुणवत्ता पहुंचा सकेंगे। बॉलीवुड अभिनेत्री मौनी रॉय ने कहा, मुझे सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के साथ जुड़कर और रांची में उनके पहले एवरलाइट शोरूम के उद्घाटन में शामिल होकर बेहद खुशी हो रही है। शोरूम के भव्य उद्घाटन का जश्न मनाने के लिए एवरलाइट बाय सेंको ने खास शुरूआती ऑफर्स की घोषणा की है। ग्राहक गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 30% तक की छूट का आनंद ले सकते हैं, जिससे वे अपनी पसंदीदा ज्वेलरी किफायती कीमतों पर खरीद सकेंगे। साथ ही, गोल्ड एक्सचेंज पर 0% डिडक्शन का लाभ उठाया जा सकता है। इसके अलावा, डायमंड ज्वेलरी की कीमत पर भी 15% तक की छूट दी जा रही है। उद्घाटन ऑफर में, 3 लाख रुपए या उससे अधिक की डायमंड ज्वेलरी खरीदने पर ग्राहकों को एक फ्री डायमंड पेंडेंट जीतने का मौका मिलेगा (टर्म्स एंड कंडीशन लागू)। इस वेलेंटाइन वीक में हर किसी के लिए बजट को ध्यान में रखते हुए ज्वेलरी की रेंज सिर्फ 10,000 रुपए से शुरू हो रही है।

## पेज एक के शेष

**भारत अपने अनुभव और विशेषज्ञता को साझा करने के लिए तैयार...**

एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और अन्य क्षेत्रों में सुधार लाकर लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि शासन का मतलब सिर्फ मतभेदों और प्रतिद्वंद्विता को सम्भालना नहीं है। इसका मतलब नवाचार को बढ़ावा देना और वैश्विक भलाई के लिए इसका इस्तेमाल करना भी है। इसलिए हमें नवाचार और शासन के बारे में गहराई से सोचना चाहिए और खुल कर चर्चा करनी चाहिए। शासन का मतलब सभी के लिए पहुंच सुनिश्चित करना भी है, खासकर वैश्विक दक्षिण में। एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बहुत कुछ बेहतर करके लाखों लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर सकता है। हमें साइबर सुरक्षा, गलत सूचना और डीपफेक से जुड़ी चिन्ताओं का समाधान करना चाहिए। हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि तकनीक स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र में निहित हो, ताकि यह प्रभावी और उपयोगी हो।

**परीक्षा पे चर्चा में 12 फरवरी को मानसिक स्वास्थ्य व तंदुरुस्ती पर विशेष एपिसोड दिखाया जायेगा : मोदी...**

इसलिए, इस वर्ष के परीक्षा पे चर्चा में इस विषय पर विशेष रूप से समर्पित एक एपिसोड है, जो कल 12 फरवरी को प्रसारित होगा। हमारे साथ दीपिका पादुकोण हैं, जो इस विषय को लेकर बहुत भावुक हैं और इस पर बात कर रही हैं।'

उल्लेखनीय है कि परीक्षा पे चर्चा का आठवां संस्करण नये अंदाज में आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को सुंदर नर्सरी में देशभर के विद्यार्थियों से तनाव मुक्त परीक्षा के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की थी। उन्होंने कहा कि छात्रों को सीमित नहीं किया जाना चाहिए, उन्हें अपने जुनून को तलाशने की आजादी होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव से बचने के लिए समय प्रबंधन और स्वयं को चुनौती देकर सुधार करने की सलाह दी थी।

**सीओ ने तकनीकी कारणों का हवाला देकर आवेदन रिजेक्शन किया, तो होगी कार्रवाई : दीपक बिरुआ...**

**मॉडर्न रूम को करें दुरुस्त, खतियान निकालने में न हो रैयतों को परेशानी**

मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि कई मॉडर्न रिकॉर्ड रूम से खतियान निकालने पर सही छपाई नहीं होती। खतियान फोटो कॉपी नहीं दिखता है। ऐसी विसंगतियों को दुरुस्त किया जाये। स्पष्ट स्कैनिंग नहीं होने पर रैयतों को अपने जमीन की सही जानकारी नहीं मिलती। खतियान निकालने के बाद भी रैयतों को परेशानी नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मॉडर्न रुम में कैथी और बंगला भाषा में लिखी खतियान को ट्रांसलेट करने सुविधा देने की आवश्यकता है।

**आरओबी बनाने पर ग्रामीण सड़कों को दिया जाये ध्यान**

एनएचएआई कार्य परियोजना को लेकर मंत्री ने दो टूक कहा कि जहां-तहां आरओबी बनाने के चक्कर में ग्रामीण सड़कों को छोड़ दिया जाता है, जो गलत है। आरओबी ऊपर में बनने और नीचे जगह छूटने से आमजनों को परेशानियां होती है। उन्होंने लैंड एक्वीजेशन को लेकर समय पर मुआवजा दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि एनएचएआई की जिम्मेवारी है कि पदाधिकारी लैंड एकयूजेशन सम्बन्धित समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

विभागीय सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि राजस्व संग्रहण का वार्षिक लक्ष्य के तहत कार्य किया जाये। कमजोर प्रदर्शन करनेवाले अंचलों की समीक्षा कर सुधारात्मक रणनीति अपनाई जायेगी। उन्होंने एलआरडीसी और एसी को अंचलों में लगनेवाले कैम्प की विशेष निगरानी करने के खास निर्देश दिये। मौके पर भू राजस्व विभाग के निदेशक भोर सिंह यादव ने दाखिल-खारिज करने के अनुचित कारणों और इसके अद्यतन स्थिति, वेब पीएन की सुविधा दिलाने, जिलों में भू-लगान के निर्धारण एवं ऑनलाइन भुगतान करने, भूमि सीमांकन के लम्बित मामलों की स्थिति समेत अन्य विभागीय कार्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मी ससमय सभी कार्यों के निष्पादन के लिए समन्वय स्थापित कर काम करें। बैठक मंत्री दीपक बिरुआ के अलावा सचिव चंद्रशेखर, विशेष सचिव शशि प्रकाश झा, भूमि निदेशक भोर सिंह यादव समेत जिलेभर से आये एलआरडीसी, एडिशनल कलेक्टर समेत अन्य अधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे।

**पंचायत स्तर पर बीज प्रसंस्करण और भंडारण इकाई स्थापित करने की मंजूरी...**

इकाई स्थापित करने की भी मंत्री ने मंजूरी दी।

कृषि मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक में शिवराज सिंह ने आला अफसरों को निर्देश दिये कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होना चाहिए, ताकि किसानों का भला हो।

पूर्ववर्ती 'बीज और रोपण सामग्री' मिशन सहित 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और पोषण मिशन' (एनएफएसएनएम) अब कृषि संवर्धन योजना का एक घटक होगा। मिशन के उद्देश्य हैं- देश के चिह्नित जिलों में सतत तरीके से क्षेत्र विस्तार और उत्पादकता वृद्धि के माध्यम से चावल, गेहूं, दलहन, मोटे अनाज (मक्का व जौ) व पोषक अनाज (श्री अन्न) का उत्पादन बढ़ाना, व्यक्तिगत खेत स्तर पर मिट्टी की उर्वरता व उत्पादकता बहाल करना, किसानों में विश्वास बहाल करने के लिए कृषि स्तरीय अर्थव्यवस्था (अर्थात कृषि लाभ) को बढ़ाना तथा कुशल बाजार संपर्कों के माध्यम से किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्ति के लिए खेत पर फसलोपरांत मूल्य संवर्धन को बढ़ाना और बीज प्रतिस्थापन दर (एसआरआर) और किस्म प्रतिस्थापन दर (वीआरआर) को बढ़ाना एवं देश के बीज क्षेत्र के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर ढांचे में सुधार करना।

मंत्री चौहान ने नयी प्रजातियों के प्रदर्शन, प्रमाणित बीज उत्पादन एवं प्रमाणित बीज वितरण के घटकों में किसानों के लिए सब्सिडी बढ़ाने की मंजूरी दी है। साथ ही, जलवायु अनुकूल, बायो-फोर्टिफाइड और उच्च उपज देने वाली किस्मों के उत्पादन को प्राथमिकता दी जायेगी। मिशन के सभी प्रावधानों पर डिजिटली मानीटरिंग की जायेगी। उन्होंने कहा कि स्कीम का फायदा किसानों को पूरी तरह से मिलना सुनिश्चित किया जाये व स्कीम के केन्द्र में किसान ही हों।

संशोधित दिशा-निदेशों में ग्राम पंचायत स्तर पर बीज प्रसंस्करण एवं भंडारण इकाई का प्रावधान भी किया गया है। इसके तहत एसएमएसपी के पूर्ववर्ती घटक अर्थात ग्राम पंचायत स्तर पर बीज प्रसंस्करण एवं भंडारण इकाई को पुनर्जीवित करने की स्वीकृति भी दी गयी है, ताकि देशभर के किसानों के आसपास के क्षेत्र में स्थानीय स्तर पर बीज प्रसंस्करण, सफाई, ग्रेडिंग, पैकेजिंग व भंडारण कार्य किया जा सके।

गैर पारंपरिक तरीके से आलू बीज उत्पादन के लिए नये घटक के निर्देशों को भी केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने मंजूरी प्रदान की है, वहीं बीज उत्पादन, विधायन, प्रमाणीकरण एवं टेस्टिंग से जुड़ी विभिन्न सरकारी एजेंसियों को दी जानेवाली सहायता में भी वृद्धि की गयी है। बैठक में केन्द्रीय कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**भारत शिक्षा, शोध, स्वास्थ्य सेवा और यूनानी पद्धति में औषधियों के निर्माण में दुनिया में अग्रणी : राष्ट्रपति...**

राष्ट्रपति ने कहा कि आज यूनान तथा मध्य एशिया के देशों में यूनानी चिकित्सा पद्धति का उतना उपयोग नहीं होता है, जितना भारत में होता है। आज भारत शिक्षा, शोध, स्वास्थ्य सेवा और यूनानी पद्धति में औषधियों के निर्माण के मामले में दुनिया में अग्रणी है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि यूनानी पद्धति से जुड़े अनुसंधानकर्ता और चिकित्सक आधुनिक पद्धतियों और प्रौद्योगिकी के उपयोगी पहलुओं को अपना रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस सम्मेलन में यूनानी चिकित्सा में साक्ष्य आधारित हालिया शोध प्रवृत्तियों और आयुष व पारंपरिक चिकित्सा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का उपयोग : सम्भावनाएं और चुनौतियां जैसे समकालीन विषयों पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश ने स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाया है। विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों को समुचित सम्मान देते हुए उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2017 के अनुसार यूनानी सहित आयुष चिकित्सा प्रणालियों को मुख्यधारा में लाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। भारतीय चिकित्सा पद्धति के राष्ट्रीय आयोग के मार्गदर्शन में अनेक यूनानी चिकित्सा के शिक्षण संस्थानों में अध्ययन और शोध कार्य चल रहा है। यूनानी चिकित्सा महाविद्यालयों में एमडी और पीएचडी कार्यक्रम भी शुरू किये गये हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यूनानी चिकित्सा विज्ञान को आगे बढ़ाने वाली नयी पीढ़ी ज्ञान और अनुभव की प्राचीन विरासत को मजबूत बनायेगी। कार्यक्रम में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह और आयुष मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव भी उपस्थित थे।

**एआई का इस्तेमाल कर म्यूल अकाउंट्स की पहचान की योजना बना रही सरकार : शाह...**

जानकारी देकर उन्हें साइबर अपराधों के प्रति सतर्क किया जा सके।

गृहमंत्री ने कहा कि आई4सी पोर्टल पर कुल 1 लाख 43 हजार एफआईआर दर्ज की गयी हैं और 19 करोड़ से अधिक लोगों ने इस पोर्टल का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से 805 'ऐप्स' और 3266 वेबसाइट-लिंक को आई4सी की सिफारिश पर ब्लॉक किया गया है। इसके अलावा 399 बैंक और वित्तीय मध्यस्थ ऑनबोर्ड हो चुके हैं। साथ ही, 06 लाख से अधिक संदिग्ध डेटा साझा किया गया, 19 लाख से अधिक म्यूल खाते पकड़े गये और 2038 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन रोके गये हैं। उल्लेखनीय है कि म्यूल अकाउंट- धोखाधड़ी के जरिये कमाये गये पैसे को ठिकाने लगाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला बैंक खाते को कहते हैं।

अमित शाह ने कहा कि आज भारत दुनिया में डिजिटल परिदृश्य के मामले में तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। भारत की कुल अर्थव्यवस्था में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान 20 प्रतिशत है। गृह मंत्रालय का लक्ष्य साइबर अपराध के मामलों और उनकी एफआईआर को शून्य करना है। साइबर अपराध से निपटने के लिए हमने चार प्रकार की रणनीति अपनायी है, जिसमें अभिसरण, समन्वय, संचार और क्षमता शामिल है। इन सभी को स्पष्ट उद्देश्यों और रणनीतिक दृष्टिकोण के साथ लागू किया जा रहा है। गृह मंत्रालय के भीतर अंतर-मंत्रालयी और अंतर-विभागीय समन्वय को मजबूत किया गया है, जिससे निर्बाध संचार और सूचना का सुचारु प्रवाह सुनिश्चित हुआ है।

शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय, सीईआरटी-आईएन, आई4सी और दूरसंचार और बैंकिंग जैसे विभागों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान की स्वस्थ परम्परा के कारण कई साइबर अपराध मामलों से सफलतापूर्वक निपटने में मदद मिली है। गृहमंत्री ने साइबर अपराध को रोकने के लिए जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर बल दिया और समिति के सभी सदस्यों से आई4सी हेल्पलाइन नम्बर 1930 का प्रचार करने का अनुरोध किया। साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मद्देनजर, '1930' हेल्पलाइन कार्ड ब्लॉक करने जैसी विभिन्न सेवाओं की पेशकश करते हुए एक-बिन्दु समाधान प्रदान करती है।

अमित शाह ने कहा कि 33 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में साइबर अपराध फोरेंसिक प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गयी हैं। साइट्रेन प्लेटफॉर्म, जो कि एक मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (एमओओसी) प्लेटफॉर्म है, पर 101,561 पुलिस अधिकारियों ने पंजीकरण कराया है और 78,000 से अधिक प्रमाण पत्र जारी किये गये हैं।

बैठक में केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय एवं बंदी संजय कुमार, समिति के सदस्य, केन्द्रीय गृह सचिव और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

एक झलक

## श्रीलंका में अभूतपूर्व बिजली संकट

**कोलंबो** : श्रीलंका में नोरोचोलाई पावर प्लांट के ठप पड़ जाने से बिजली संकट गहरा गया है। द्वीप के कई जिलों में कम से कम शुक्रवार तक शॉर्ट पावर कट लगाए जाने की आशंका है। नोरोचोलाई पावर प्लांट की अभी पूरी तरह मरम्मत नहीं हो सकी है। इसके बाद उसे मुख्य ग्रिड से जोड़ा जाएगा। इस बीच कोयला बिजली संयंत्र को भी जल्द से जल्द ठीक करने के प्रयास जारी हैं। इस पूरी कवायद में एक हफ्ते तक का समय लग सकता है। डेली मिरर ने सरकारी स्वामित्व वाले बिजली उत्पादक और आपूर्तिकर्ता सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (सीईबी) के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। रविवार से देश को बिजली की कमी का सामना करना पड़ रहा है। सवा दो करोड़ आबादी वाले देश के कई जिलों में बिजली कटौती की जा रही है। ऊर्जा मंत्रालय ने रविवार को हुए देशव्यापी ब्लैक आउट को गंभीरता से लिया है।

## अमेरिका में दो विमान टकराये, एक की मौत

**एरिजोना** : अमेरिका के एरिजोना के स्कॉट्सडेल एयरपोर्ट पर सोमवार को निजी जेट विमानों की टक्कर के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने कहा कि एक निजी जेट रनवे से उतर गया और दूसरे जेट से टकरा गया। अमेरिकी प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पिछले 10 दिन में अमेरिका में हुआ यह चौथा विमान हादसा है। जानकारी के मुताबिक यह घटना सोमवार को हुई। एक लीयरजेट 35ए विमान लैंडिंग के बाद रनवे से उतर गया। इसके बाद रैंप पर एक गल्फस्ट्रीम 200 बिजनेस जेट से टकरा गया।

## गाजा पट्टी में फिर छिड़ सकता है युद्ध

**गाजा पट्टी** : गाजा पट्टी में इजराइल और आतंकवादी समूह हमास के बीच फिर लड़ाई छिड़ने के आसार हैं। हमास ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हालिया रणनीतिक मुलाकात के बाद कड़ा संदेश दिया है। हमास ने सोमवार को कहा कि वह शनिवार को होने वाली बंधकों की रिहाई को फिलहाल स्थगित कर रहा है। द टाइम्स ऑफ इजराइल समाचार पत्र की खबर के अनुसार, हमास के सैन्य विंग के प्रवक्ता हुदैफा काहलौत उर्फ अबू ओबेदा ने कहा कि इजराइल ने तीन हफ्तों में समझौते के तहत अपने दायित्वों को पूरा नहीं किया है।

### 'एयरो इंडिया' में हुआ 81 देशों के रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन

# वैश्विक समुदाय से जुड़ने का किया आह्वान


एजेंसी

**बेंगलुरु** : अंतरराष्ट्रीय रक्षा प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' में हिस्सा लेने आये 81 देशों के 162 से अधिक प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन हुआ। इसका विषय 'अंतरराष्ट्रीय रक्षा और वैश्विक जुड़ाव के माध्यम से लचीलापन निर्माण (ब्रिज)' रखा गया। सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वैश्विक समुदाय से उन्नत प्रणालियों के सह-विकास और सह-उत्पादन में भारत के साथ जुड़ने का आह्वान किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में नवीन दृष्टिकोण और मजबूत साझेदारी की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में 81 देशों के 162 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें 15 रक्षा मंत्री, 11 उप रक्षा मंत्री, 15 स्थायी सचिव और 17 सेवा प्रमुख शामिल थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि सीमा सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा के बीच का अंतर धुंधला हो रहा है, क्योंकि हाइब्रिड युद्ध में शांति के समय में भी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की क्षमता है। साइबर स्पेस और आउटर स्पेस संप्रभुता की स्थापित परिभाषा को चुनौती दे रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम तकनीक, हाइपरसोनिक और निर्देशित ऊर्जा जैसी विध्वंसकारी तकनीक युद्ध के चरित्र को बदलकर नई कमजोरियां पैदा कर रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन बदलावों का भविष्य के युद्धों पर गहरा असर पड़ेगा और चुनौतियों का सामना करने के लिए जरूरी क्षमताओं का पुनर्मूल्यांकन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

सम्मेलन के दौरान रक्षा मंत्रियों ने एयरो इंडिया के आयोजन और विश्वस्तरीय निमार्ताओं को एक ही छत के नीचे नवीनतम नवाचारों और प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के लिए रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अपनी रक्षा और अन्य आवश्यकताओं के लिए भारत के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की। प्रतिनिधियों ने प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और नवीनतम उपकरणों और उत्पादों के सह-विकास और सह-उत्पादन की अपनी इच्छा व्यक्त की और भारत को लचीली आपूर्ति श्रृंखला में भागीदार बताया।

■ हाइब्रिड युद्ध में शांति के समय भी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की क्षमता




### इटली व ब्रिटेन के रक्षा अधिकारियों के साथ हुई द्विपक्षीय बैठकें

**एयरो** इंडिया में हिस्सा लेने आये मित्र देशों के रक्षा अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकों का दौर शुरू हो गया है। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह द्विपक्षीय बैठकें करके भारत के साथ रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा कर रहे हैं। इटली के रक्षा उप मंत्री माटेओ पेरेगो डि क्रेमनागो के साथ बैठक में स्वदेशी प्रणालियों के विकास में भारत की बढ़ती क्षमताओं के बारे में चर्चा की गई। रक्षा सचिव ने ब्रिटेन के मंत्री लॉर्ड वर्नोन कोकर के साथ ब्रिटेन-भारत व्यापार परिषद की गोलमेज बैठक की सह-अध्यक्षता की। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने बेंगलुरु में 15वें एयरो इंडिया के अवसर पर कई द्विपक्षीय बैठकें की। इटली के रक्षा उप मंत्री माटेओ पेरेगो डि क्रेमनागो के साथ अपनी बैठक में उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। बैठक में उपकरणों के निर्माण और स्वदेशी प्रणालियों के विकास में भारत की बढ़ती क्षमताओं के बारे में चर्चा की गई। मंत्रियों ने सभी क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।



■ स्वदेशी प्रणालियों के विकास में भारत की बढ़ती क्षमताओं के बारे में की गयी चर्चा

## डीआरडीओ ने एयरो इंडिया के भारतीय मंडप में रखा हथियारों का स्वदेशी मॉडल

**येलहंका** वायु सेना स्टेशन में एयरो इंडिया के 15वें संस्करण में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने इंडिया पवेलियन में हथियारों का स्वदेशी मॉडल पेश किया है। यहां स्वदेशी रूप से विकसित अत्याधुनिक तकनीकों और प्रणालियों, कार्यशील मॉडलों और नवाचारों का प्रदर्शन किया जा रहा है। भारत के पहले 5.5 जनरेशन स्टील्थ विमान एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) का मॉडल प्रदर्शित किया गया है। एयरो इंडिया में डीआरडीओ ने मंगलवार को उद्योग की भागीदारी को बढ़ावा देने, रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 'डीआरडीओ उद्योग तालमेल के प्रति विकसित भारतः मेक इन इंडिया-मेक फॉर वर्ल्ड' पर सेमिनार की है। इनडोर पवेलियन में स्वदेशी रूप से विकसित अत्याधुनिक तकनीकों और प्रणालियों, कार्यशील मॉडल को प्रदर्शित किया गया है। डीआरडीओ ने पहली बार इंडिया पवेलियन में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस भारत के पहले 5.5 पीढ़ी के स्टील्थ विमान एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) का पूर्ण पैमाने का मॉडल प्रदर्शित किया है। एयरो इंडिया का यह पवेलियन स्वदेशी रक्षा निर्माण क्षमताओं और वैश्विक मंच के लिए तैयार अत्याधुनिक तकनीकों को प्रदर्शित करके मेक-इन-इंडिया पहल के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित कर रहा है। यह मंडप भारत के निजी उद्योगों, रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों, स्टार्ट-अप और डीआरडीओ की संयुक्त ताकत का उदाहरण है। इसके अलावा इस मंडप में आने वाले आगंतुकों को डीआरडीओ में विकसित 16 अन्य उत्पादों और प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी दी जा रही है, जिनमें ट्विन इंजन डेक बेस्ड फाइटर जेट, एलसीए मार्क-2 मॉडल, एयर ड्रॉपेबल कंटेनर-150, एडवांस्ड लाइट वेट टॉरपीडो, आफ्टरबर्नर के बिना कावेरी डेरिवेटिव एयरो इंजन, नौसेना एंटी-शिप मिसाइल, मध्यम दूरी और विभिन्न अन्य मिसाइलें हैं। एयरो इंडिया के हॉल-डी में डीआरडीओ के इनडोर पवेलियन को 9 थीमों में विभाजित किया गया है, जिसमें रक्षा नवाचार के मुख्य क्षेत्र शामिल हैं। ये थीम एयरबोर्न सर्विलांस सॉल्यूशंस, नेवल वॉरफेयर, नेक्स्ट-जेनेरेशन मिसाइल सिस्टम, आसमान में वर्चस्व-एडीए की 5वीं पीढ़ी की छलांग, मानव रहित एरियल सिस्टम, रडारस्केपः मैपिंग द इनविजिबल, मैरीटाइम सेंटिनलः सर्विलांस और सुरक्षा का एक नया युग, फाइटर एयरक्राफ्ट के लिए 'सेंसर सूट' और 'रक्षक' हैं। पवेलियन में 330 से अधिक उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं, जिन्हें 14 प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में वगीर्कृत किया गया है। इनडोर मंडप में प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) योजना के तहत विकसित उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जा रहा है। डीआरडीओ मंडप का बाहरी खंड अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों के वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें क्यूआरएसएएम मोबाइल लॉन्चर वाहन, आकाश एनजी लॉन्चर का पूर्ण पैमाने का मॉडल शामिल है। डोर्नियर विमान के मिडलाइफ अपग्रेड का प्रदर्शन एयरो शो में डीआरडीओ की भागीदारी का एक मुख्य आकर्षण है।




इनडोर पवेलियन को 9 थीम में बांटकर 330 से अधिक उत्पाद किये गये प्रदर्शित

## मप्र के मुख्यमंत्री निवेशकों को निवेश के लिए करेंगे आमंत्रित

एजेंसी

**भोपाल** : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार, 12 फरवरी को नई दिल्ली के ताजमहल होटल में इंवेस्ट एमपी जीआईएस-2025 के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में देश-विदेश के निवेशकों को मध्य प्रदेश में निवेश के लिये आमंत्रित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों के साथ वन-टू-वन मीटिंग और इंटरैक्टिव राउंडटेबल कर आगामी ग्लोबल समिट के नवाचारों से अवगत कराएंगे। यह जानकारी मंगलवार को जनसम्पर्क अधिकारी बबीता मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों के साथ रूबरू होकर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं और सरकार की औद्योगिक नीतियों एवं प्रतिबद्धता से अवगत कराएंगे। कार्यक्रम की शुरूआत सीआईआई नॉर्दर्न रीजन के चेयरमैन एवं डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर एवं जेके सीमेंट के सीईओ माधवकृष्ण सिंघानिया के स्वागत संबोधन से होगी। इसके बाद इंवेस्ट एमपी जीआईएस-2025 पर विशेष कर्टेन रेजर वीडियो की प्रस्तुति दी जाएगी, जो ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की प्रमुख झलकियों को दर्शाएगा।

■ होटल ताजमहल में जीआईएस कर्टेन रेजर कार्यक्रम में निवेशकों के साथ होंगी वन-टू-वन मीटिंग और इंटरैक्टिव राउंडटेबल

## मिसेस ने दिलाया सान्या को बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार

एजेंसी

**मुंबई** : बहुप्रतीक्षित फिल्म मिसेस ने सान्या मल्होत्रा को न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार दिलवाया। इतना ही नहीं, मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल तथा आईएफएफआई गोवा में रिलीज से पहले ही स्टैंडिंग ओवेशन प्राप्त किए। मिसेस में सान्या मल्होत्रा ने रिचा का किरदार निभाया है, जो एक गृहिणी और शास्त्रीय डांसर है, जो विवाह के बाद जीवन की जटिलताओं से गुजरती है। सान्या ने इस किरदार को गहराई और प्रामाणिकता के साथ निभाया है, और फिल्म ने दर्शकों और समीक्षकों दोनों से इस भूमिका को सराहा है। एक ट्विटर यूजर ने लिखा, सान्या मल्होत्रा मिसेस के हर फ्रेम में राज करती हैं, और एक करियर-परिभाषित परफॉर्मेंस देती हैं! वह रिचा को गहराई और विश्वास के साथ व्यक्त करती हैं, यह साबित करते हुए कि वह शक्तिशाली भूमिकाओं के लिए एकदम सही लीड हैं। एक अन्य ट्वीट में कहा गया, मिसेज एक प्यारी फिल्म है। सान्या ने खूबसूरत परफॉर्मेंस दी है। वह रिचा के सफर का पूरा मालिकाना हक लेती हैं, एक गहरे और अविस्मरणीय अभिनय को प्रदर्शित करती हैं। सान्या मल्होत्रा को ऐसी भूमिकाएं और करनी चाहिए। फिल्म की शक्ति और सान्या की परफॉर्मेंस को ध्यान में रखते हुए एक यूजर ने लिखा, कुछ भूमिकाएं करियर को परिभाषित करती हैं, और सान्या मल्होत्रा के लिए मिसेज वह पल है। एक शक्तिशाली लीड एक ऐसी कहानी में जो मायने रखती है! एक और ट्वीट में सान्या के अभिनय को उनकी अब तक की सबसे मजबूत परफॉर्मेंस कहा गया।



## सांसद ने लोस में उठाया इलाहाबादिया की आपत्तिजनक टिप्पणी का मुद्दा

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : समय रैना के इंडियाज गॉट लेटेंट पर रणवीर इलाहाबादिया की विवादित टिप्पणी का मामला अब संसद तक पहुंच गया है। शिवसेना सांसद नरेश गणपत म्हस्के ने लोकसभा में इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामग्री के लिए सख्त नियम और दिशानिर्देश तय किए जाने का आग्रह किया। नरेश गणपत म्हस्के ने कहा कि सोशल मीडिया, पॉडकास्ट और ओटीटी सामग्री को विनियमित करने के लिए एक समर्पित कानून की तत्काल आवश्यकता है, क्योंकि ये सब भारतीय संस्कृति का अपमान करते हैं। उन्होंने कल प्रभावशाली रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की। इस तरह की अपमानजनक सामग्री ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्वतंत्र रूप से प्रसारित की जा रही है, जहां कोई नियामक जांच नहीं है। वे हमारे देवी-देवताओं का अपमान करने की हद तक चले जाते हैं और इन प्लेटफार्मों पर सेंसरशिप की कमी के कारण यह अनियंत्रित मजाक जारी है।



### ऐतिहासिक महाकुंभ में ऐसा पहली बार हुआ

## सनातन ध्वजवाहक स्वामी श्रील प्रभुपाद बने विश्व गुरु



**मथुरा/प्रयागराज** : वृंदावन इस्कॉन और विश्वव्यापी हरे कृष्णा आंदोलन के संस्थापक एवं आचार्य श्री कृष्ण कृपामूर्ति ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद को ऐतिहासिक महाकुंभ के पावन अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने पहली बार 'विश्व गुरु' की उपाधि से सम्मानित किया। विश्व गुरु पट्टाभिषेक कार्यक्रम निरंजनी अखाड़ा के परिसर में नित्यानंद त्रयोदशी के पावन तिथि के अवसर में सम्पन्न हुआ। यह उपाधि श्रील प्रभुपाद को दुनिया भर में लाखों-करोड़ों अनुयायियों को सनातन धर्म से जोड़ने एवं इस्कॉन के प्रति देश-विदेश में उमड़ी श्रद्धा को देखते हुए दी गई। निरंजनी पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी कैलाशानंद गिरी, श्रीमहंत रवींद्र पुरी अध्यक्ष अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, आचार्य महामंडलेश्वर अवधूत अरुण गिरी श्री आवाहन अखाड़ा पीठाधीश, अखाड़ों के महामण्डलेश्वर, सचिव, श्रीमहंत एवं हजारों भक्तों की उपस्थिति में हुआ। हरे कृष्ण मूवमेंट और इस्कॉन बंगलौर के अध्यक्ष मधु पंडित दास और वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर के अध्यक्ष चंचलापति दास के पावन सानिध्य में स्वामी प्रभुपाद को यह सम्मान प्रदान किया गया। धन्यवाद प्रस्ताव भरतर्षभ दास ने किया।

अखाड़ा परिषद ने इस अवसर पर एक बयान जारी करते हुए कहा, 'हम सभी अत्यंत हर्ष एवं प्रसन्नता की अनुभूति कर रहे हैं कि परमपूज्य पाद श्रील प्रभुपाद को 'विश्व गुरु' की उपाधि दी गई। उनका योगदान सनातन धर्म के प्रसार में अद्वितीय है, और उनकी शिक्षाओं से लाखों लोगों का जीवन बदल चुका है। इस पावन अवसर पर श्री पंचायती निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी ने कहा कि पावन त्रिवेणी के संगम तट पर चल रहे विशाल, भव्य स्वच्छ और दिव्य महाकुंभ के पावन पर्व पर हमें आज उस महापुरुष के सानिध्य में बैठने का अवसर मिला।







लिटिल एंजल्स नर्सरी स्कूल का 49वां वार्षिक समारोह गुरुनानक स्कूल ऑडिटोरियम में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एक भव्य समारोह था, जिसमें स्कूल के छात्रों की प्रतिभा और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। समारोह में डॉ. वी.के. ढांढानिया ने अपने उत्साहवर्द्धक शब्दों से दर्शकों को प्रेरित किया। इस आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक प्रदर्शन, भाषण और पुरस्कार वितरण शामिल थे। आयोजन ने उपस्थित सभी लोगों के समक्ष एक यादगार छाप छोड़ी।

